CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-06-2026 23:59 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 7 जनवरी 2026 > पौष 18, शक संवत 1947, माघ कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 6 > पेज 14 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



सिद्धा ने बतौर कर्नाटक CM देवराज का रेकॉर्ड किया बराबर ▸p8



किसके साथ काम करना चाहती है दीपिका ▸p13



सांस लेने में तकलीफ होने पर सोनिया सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती ▸▸पेज 8

ईरान में खराब अर्थव्यवस्था की वजह से प्रदर्शन में अब तक 35 की मौत ▸▸पेज 14



करूर भगदड़ केस में CBI ने विजय को पूछताछ के लिए किया तलब ▸▸पेज 9

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें खास पेज

GOOD न्यूज़

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 9

## फटाफट खबरें

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाडी नहीं रहे



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाडी का लंबी बीमारी मंगलवार को पुणे में निधन हो गया। भारत के सबसे प्रभावशाली खेल प्रशासकों में से एक कलमाडी दो दशकों से ज्यादा तक विभिन्न भूमिकाओं में रहे।

### इंदौर की घटना ने भरोसा तोड़ा: HC

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी की सप्लाई से हुई मौतों से जुड़ी याचिकाओं पर मंगलवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार के जवाब को संवेदनहीन बताया और कहा कि इस घटना ने न सिर्फ जनता का भरोसा तोड़ा, बल्कि इंदौर की छवि को भी खराब किया है।

### 11वीं के छात्र की रोड पर पीटकर हत्या



दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में 17 साल के छात्र को 6 से अधिक से लड़कों ने पुराने झगड़े में बीच सड़क पर पीट-पीट गंभीर रूप से घायल कर दिया। जीटीबी अस्पताल में मंगलवार को छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने 6 नाबालिगों को पकड़ा है। ▸▸पेज 3

### SC ने कहा, डॉग्स पर इतनी अर्जियां!

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सड़क के कुत्तों के मामले में दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया और कहा कि आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं। सुप्रीम कोर्ट के 3 जजों की स्पेशल बेंच बुधवार को इन अर्जियों पर सुनवाई करेगी।

## प्रदूषण पर ड्यूटी निभाने में CAQM नाकाम: SC

### ज़िम्मेदारी निभाने में नाकाम बताया, रिपोर्ट मांगी

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण को लेकर मंगलवार को कहा, कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा है। दिल्ली की सीमाओं पर ट्रैफिक जाम कम करने के लिए टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या शिफ्ट करने के मामले में दो महीने की मोहलत मांगने पर CAQM को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, क्या आप प्रदूषण के कारणों की पहचान कर पाए हैं? इतने दिनों में सार्वजनिक क्षेत्र में बहुत सारी सामग्री आ रही है, एक्सपर्ट लेख लिख रहे हैं, राय दे रहे हैं, वे हमें ई-मेल के जरिए भेजते रहते हैं कि भारी गाड़ियां प्रदूषण में बड़ा योगदान दे रही हैं, तो पहला सवाल यह है कि हम इससे कैसे निपटें। दो हफ्ते के भीतर एक्सपर्ट की बैठक बुलाएं और बढ़ते प्रदूषण के प्रमुख कारणों पर रिपोर्ट दें। CAQM दिल्ली और आसपास के राज्यों में प्रदूषण को कम करने के लिए नीतियां बनाने, समन्वय करने और कार्रवाई करने वाला वैधानिक निकाय है। ▸▸पेज 2

**CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने की सुनवाई**




**कोर्ट का निर्देश** लॉन्ग टर्म समाधान और टोल प्लाजा पर जल्द विचार हो।

### 'कार के लिए पैसे बचा रहे लोग'

**प्रदूषण पर** वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा, समस्या का एक हल यह हो सकता है कि लोगों के पास कई-कई कारें रखने की प्रवृत्ति कम की जाए। CJI ने कहा, कार अब प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गई है। CAQM किसी भी जल्दी में प्रतीत नहीं होता। न तो वह खराब होती AQI के कारणों की पहचान कर रहा है और न ही लॉन्ग टर्म समाधान ढूंढ रहा है।

**कार स्टेटस सिंबल बन गई है। लोग कार खरीदने को पैसे बचा रहे हैं और साइकल चलाना छोड़ चुके हैं। अमीर लोगों को त्याग करना चाहिए। उन्हें अच्छी इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदनी चाहिए।** -चीफ जस्टिस



### हर महीने होगी पंजाब-राजस्थान के साथ बैठक: मंत्री

**दिल्ली-एनसीआर** में प्रदूषण से बचाव के मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजस्थान और पंजाब सरकारों के ऐक्शन प्लान की समीक्षा करते हुए कहा कि अब हर महीने मंत्री लेवल पर बैठक होगी और तय लक्ष्यों पर काम का हिसाब भी लिया जाएगा। कहा कि ऐक्शन प्लान आठ महीने पहले से तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए उम्मीद है कि अच्छे से लागू करने से अगले सीजन में अच्छे नतीजे दिखेंगे। सभी विभागों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। पराली प्रबंधन की सभी मशीनें ठीक हालत में हों और उनका सही इस्तेमाल हो। इसके लिए मशीनों की जांच और सर्टिफिकेशन की व्यवस्था बनाने को कहा गया है।

**मंत्री बोले- तय लक्ष्यों पर काम का हिसाब लिया जाएगा**

DMRC के स्टाफ क्वार्टर में बड़ा हादसा

## फ्लैट में आग, इंजिनियर, पत्नी और बेटी की मौत





**पांचवें फ्लोर** के फ्लैट में लगी आग, तीनों के शव बेड पर मिले।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नॉर्थ-वेस्ट** दिल्ली के आदर्श नगर में आग लगने से DMRC के इंजिनियर, उनकी पत्नी और बेटी की जलकर मौत हो गई। हादसा मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास DMRC स्टाफ क्वार्टर में हुआ। तीनों के शव मेट्रो अपार्टमेंट्स की पांचवीं मंजिल पर एक फ्लैट में जली हालत में मिले।

DMRC के अधिकारी ने कहा कि उन्हें जो पुलिस से पता चला है, उसमें अंदेशा है कि ठंड की वजह से एयर टाइट रखे गए बेडरूम में रूम हीटर/ब्लोअर चल रहा हो सकता है, जिससे रूम गैस चैंबर बन गया। अंदेशा ये भी है कि रूम हीटर/ब्लोअर स्पार्क हुआ हो, क्योंकि फ्लैट की जांच के दौरान एमसीबी डाउन मिली है। मरने वालों में 42 साल के अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और 10 साल की बेटी जाह्नवी हैं। ▸▸पेज 3

**आखिर कैसे लगी आग, की जा रही है जांच**

### तेज आवाज हुई, लोग नहीं समझे क्या हुआ

**मंगलवार तड़के** करीब ढाई बजे लोगों को तेज आवाज सुनाई दी तो वह समझ नहीं पाए क्या हुआ है। चौथे फ्लोर के पड़ोसियों ने बालकनी से आग निकलती देखी, तब अलर्ट हुए। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम सेंट्रल लॉक तोड़कर अंदर दाखिल हुई। मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि अजय विमल ने साल 2006 में डीएमआरसी को जॉइन किया था। वह असिस्टेंट सेक्शन इंजिनियर थे। इस सोसायटी में साल 2016 से रह रहे थे। परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के उज्जैन से है।

## काम की खबरें

### कांगड़ा: 3 हजार मीटर से ऊपर ट्रेकिंग पर बैन



हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में प्रशासन ने जिले में 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर सभी प्रकार की ट्रेकिंग पर बैन लगा दिया है।

### गाजियाबाद में घर बनाना होगा महंगा

गाजियाबाद में प्रदेश सरकार ने विकास शुल्क बढ़ा दिया है। अब विकास शुल्क 3208 रुपये प्रति वर्ग मीटर के बजाय 4170 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है।

### PVC आधार कार्ड की फीस 25 रुपये बढ़ी



UIDAI ने आधार PVC कार्ड बनवाने की फीस बढ़ा दी है। अब इसके लिए 50 रुपये की जगह 75 रुपये देने होंगे।

### 28 फरवरी को DU का 102वां कन्वोकेशन

दिल्ली यूनिवर्सिटी का 102वां दीक्षांत समारोह 28 फरवरी को होगा। du.ac.in से कन्वोकेशन से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। ▸▸पेज 2

### एम्स में मिर्गी के मरीजों की होगी फ्री जांच

एम्स ने मिर्गी के मरीजों के लिए थेरेप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग (TDM) जांच की फ्री सुविधा शुरू करने का फैसला किया है। ▸▸पेज 7

## केजरीवाल और अन्य के खिलाफ फांसीघर केस में कार्रवाई की सिफारिश



**दिल्ली विधानसभा** की विशेषाधिकार समिति ने कहा- दो बार नोटिस देने के बाद पेश नहीं आम आदमी पार्टी के नेता पेश नहीं हुए।

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**विधानसभा** की विशेषाधिकार समिति ने विधानसभा परिसर में स्थित एक 'फांसीघर' की प्रामाणिकता से संबंधित मामले में सदन के सामने पेश न होने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी (AAP) के 4 नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की सिफारिश की है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने जानबूझकर और स्वेच्छा से इस मामले की कार्यवाही से दूर रहने का विकल्प चुना। फांसीघर विवाद आप और BJP के बीच दिल्ली विधानसभा के एक पुनर्निर्मित हिस्से को लेकर है। ▸▸पेज 4

**विधानसभा में एक हिस्से के दोबारा बनने को लेकर विवाद**

### विधानसभा में गेस्ट टीचर को पकड़ा गया

**दिल्ली विधानसभा** परिसर में सुरक्षाकर्मियों ने मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, जिसने सदन के सत्र के दौरान मंत्रियों से मिलने का कथित तौर पर प्रयास किया। संदिग्ध व्यक्ति से 5 घंटे तक लोकल पुलिस, स्पेशल सेल और आईबी ने पूछताछ की। पकड़े जाने पर संदिग्ध ने दावा किया कि वह दिल्ली के मंत्री के बुलावे पर आया है। हालांकि, जांच में संदिग्ध के मंत्री से कोई जान-पहचान न होने की बात का हुआ खुलासा है। पकड़े गए शख्स की पहचान बुध विहार निवासी नवीन डबास के रूप में हुई है। डबास दिल्ली में गेस्ट टीचर है।

## वेनेज़ुएला में 30 दिन तक चुनाव नहीं होंगे, पहले देश को ठीक करेंगे: ट्रंप




**विरोध में प्रदर्शन** न्यू यॉर्क के मैनहैटन फेडरल कोर्ट के बाहर लोगों ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन किया।

■ **आईएएनएस, वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका वेनेजुएला के साथ किसी युद्ध में नहीं है और वहां जल्द चुनाव कराने का कोई दबाव भी नहीं डालेगा। अगले 30 दिनों में वेनेजुएला में चुनाव नहीं होंगे। वहां की जमीनी स्थिति ऐसी नहीं है कि चुनाव कराए जा सकें। पहले देश को ठीक करना होगा।

**कांग्रेस नेता बोले, ट्रंप मोदी का करेंगे अपहरण:** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को भारत में वेनेजुएला जैसी कार्रवाई की आशंका जताई है। सवाल किया कि 'क्या अमेरिकी सेना ने मौजूदा राष्ट्रपति के साथ जो किया, वैसा ही भारत में भी करेगी? क्या ट्रंप हमारे पीएम का अपहरण करेंगे?' ▸▸पेज 14

**मादुरो को अरेस्ट करने के बाद हालत अस्थिर**




**समर्थन में उतरे लोग** द. कोरिया में अमेरिकी दूतावास के पास वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के खिलाफ रैली निकाली।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की गला रेतकर हत्या, 18 दिन में 6 मर्डर

■ दुकान बंद कर घर लौटते समय हुआ हमला

■ सोमवार को एक और व्यापारी के सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी

■ वहीं, हादी की हत्या में पुलिस चार्जशीट पेश की



मणि चक्रवर्ती | राणा प्रताप बैरागी

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश के** नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने सोमवार रात एक हिंदू किराना दुकानदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इससे कुछ ही घंटों पहले बांग्लादेश के जेस्सोर जिले में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू व्यापारी राणा प्रताप बैरागी को सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में दुकानदार मणि चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 11 बजे हमला हुआ। इस सप्ताह मारे गए वह तीसरे हिंदू कारोबारी हैं। 18 दिनों में बांग्लादेश में 6 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि मणि दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे, तो हमलावरों ने उन पर हमला किया। ▸▸पेज 14

**हादी की हत्या में 17 लोगों पर पुलिस ने लगाए आरोप**

### हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध में: चार्जशीट

**बांग्लादेश पुलिस** ने मंगलवार को कहा कि छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के कारण अवामी लीग के इशारे पर की गई थी। पुलिस ने हादी की हत्या में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया। ढाका पुलिस की खुफिया शाखा के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि हादी ने रैलियों और सोशल मीडिया पर अवामी लीग और छात्र लीग की कड़ी आलोचना की थी। उनके कमेंट से छात्र लीग और उससे जुड़े समूहों के नेता और कार्यकर्ता नाराज थे। छात्र लीग शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का छात्र संगठन है।

## हैपी मॉर्निंग

रिकी: तुम्हारी दिल्ली की यात्रा कैसी थी?
पिंकी: अरे बता नहीं सकती। रास्ते में पापा पानी लेने उतरे। ट्रेन चल पड़ी और वह स्टेशन पर ही छूट गए।
रिकी: तुम्हारा दर्द समझ सकती हूं। तुम्हें इतनी लंबी यात्रा में प्यासा ही रहना पड़ा होगा।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,063.34 (-376.28) |
| निफ्टी | 26,178.70 (-71.60) |
| रुपया/US डॉलर | 90.18 (-0.09) |
| रुपया/यूरो | 105.90 (+0.28) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,41,500 (+1,100) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,51,000 (+7,000) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 15.7°

7.6° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त बुधवार 5:40 | सूर्योदय गुरुवार 7:15

एनसीआर में घने से मध्यम कोहरे की आशंका जताई गई है।

SIR की ड्राफ्ट लिस्ट जारी — 18.7% नाम हटाए गए ड्राफ्ट लिस्ट से, लोगों के पास नाम जुड़वाने का 6 फरवरी तक मौका

## UP में वोटर लिस्ट से कटेंगे 2.89 करोड़ नाम, दावे और आपत्ति के लिए 1 महीने का समय

■ पीटीआई, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में वोटर समीक्षा (SIR) के बाद मंगलवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई। 2.89 करोड़ यानी 18.7% नाम कट गए हैं। इनमें 46.23 लाख मृत पाए गए, 2.17 करोड़ लोग SIR प्रक्रिया के दौरान नहीं मिले और 25.47 लाख डुप्लिकेट वोटर शामिल हैं। पहले प्रदेश में 15.44 करोड़ वोटर थे, अब 12.55 करोड़ मतदाता बचे हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर वोटर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। जिन लोगों के नाम नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां कर सकते हैं और फॉर्म 6 या 7 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं। 6 मार्च को अंतिम सूची जारी की जाएगी। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नवदीप रिणवा ने बताया कि SIR की प्रक्रिया 11 दिसंबर को खत्म होने वाली थी लेकिन करीब 2.97 करोड़ वोटर्स के नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर हो रहे थे जिसके बाद 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा गया था।

**अब 12.55 करोड़ मतदाता बचे, नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म 6 या 7 भरें**

**CEO नवदीप रिणवा ने बताया, 6 मार्च को अंतिम सूची जारी होगी**



### SIR के खिलाफ TMC सांसद पहुंचे SC

**तृणमूल कांग्रेस** (TMC) सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने पश्चिम बंगाल में SIR के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। आरोप है, चुनाव आयोग ने लिखित आदेश के बजाय वट्सऐप और मौखिक जैसे अनौपचारिक माध्यमों से अधिकारियों को निर्देश दिए, जो कानून के खिलाफ है। 16 दिसंबर 2025 को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में बिना नोटिस या व्यक्तिगत सुनवाई के करीब 58.20 लाख नाम हटा दिए गए।

PM और गृह मंत्री के खिलाफ विवादित नारे

## JNU में नारों पर फिर विवाद, यूनिवर्सिटी बोली- FIR कराई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जवाहरलाल नेहरू** यूनिवर्सिटी (JNU) में नारों ने एक बार फिर विवाद खड़ा किया है। सोमवार रात कैंपस में 2020 की हिंसा को याद करते हुए स्टूडेंट्स यूनियन ने एक सभा रखी थी। इसके बाद एक विडियो सामने आया, जिसमें कुछ स्टूडेंट्स पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ भी आपत्तिजनक नारे लगाते सुनाई पड़े। JNU प्रशासन ने बताया कि केस दर्ज कराया है, पर पुलिस ने पुष्टि नहीं की। स्टूडेंट यूनियन की प्रेसिडेंट अदिति ने कहा कि विरोध प्रदर्शन में लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे, व्यक्तिगत नहीं थे। ▸▸पेज 8



### कांग्रेस ने भी की निंदा

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, विपक्ष ने JNU को देश तोड़ने वालों का अड्डा बना दिया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, पीएम और गृह मंत्री ही नहीं, किसी के लिए भी ऐसे शब्द इस्तेमाल करना गलत है। आपत्तिजनक नारों की निंदा करते हैं।

## अंकिता को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी गंभीरता से अपने निष्कर्ष तक पहुंच चुकी है और दोषियों को कड़ी सजा मिल चुकी है। CBI जांच पर CM बोले, 'अंकिता के माता-पिता की भावनाओं को ध्यान में रखकर फैसला लेंगे।' ▸▸पेज 9



पुष्कर धामी

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 7 जनवरी 2026

जटिल नियम बेईमानों की मदद करते हैं, जबकि सरल नियम लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।
– टी एन शेषन, पूर्व चुनाव आयुक्त

# पूरा मौका मिले

**कई राजनीतिक** विवाद और तारीखें बढ़ने के बाद आखिरकार यूपी में Special Intensive Revision का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया। चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं – इसका अंदाजा पहले से ही था। अभी तक जिन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट आई है, वहां कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल नहीं होती। लोगों के पास दावे और आपत्तियों के लिए अब भी मौका है, लेकिन यह प्रक्रिया सरल और आम नागरिकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली होनी चाहिए।

AI Image

2.89 करोड़ नाम कटे

**बिहार का उदाहरण ।** पहले चरण में बिहार में SIR को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरुआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था। जब लिस्ट रिवाइज की गई, तो 17.9 लाख वोटर्स और बढ़ गए। ऐसा ही बदलाव यूपी और उन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है, जहां आपत्तियां ली जा रही हैं या अब ली जाएंगी।

**बंगाल में विवाद ।** चुनाव से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया होने के बावजूद SIR को लेकर कई विवाद चलते रहे हैं। दुर्भाग्य से दूसरे चरण में जिन राज्यों में ड्राफ्ट रोल आ चुका है, वहां भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। खासकर बंगाल में सबसे ज्यादा असंतोष है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब SIR में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाए हैं। उनकी पार्टी TMC उन वोटर्स की मैपिंग में भी गड़बड़ी बता रही है, जिनके नाम लिस्ट में नहीं हैं।

**लोगों की मदद ।** चुनाव आयोग ने डेटा जारी कर बताया है कि इन नामों को किन-किन वजहों से काटा गया। यह स्पष्टीकरण अच्छी बात है, लेकिन जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें उनके मताधिकार को हासिल करने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे दावे-आपत्तियां दाखिल कराने, नाम चेक करने में आम लोगों की मदद करें। बिहार SIR से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई थी और पूछा था कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनता के बीच इतनी दूरी क्यों है।

**साझा जिम्मेदारी ।** लगभग 21 साल पहले हुए SIR की यादें भी अब धुंधली हैं, क्योंकि तब इतना शोर नहीं मचा था। शायद इसकी वजह बदली राजनीतिक परिस्थितियां हैं। अब यह शोर चुनावी उत्सव पर भारी न पड़े, जनता का सिस्टम पर से भरोसा न कम हो – इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है।

## नाभि में तीर

# मिसेज शर्मा की शपथ


हरि मृदुल

**हफ्तेभर से** शर्मा जी नियमित दिख रहे हैं- कभी जॉगिंग करते हुए, तो कभी तेज कदम चलते हुए। आगे-आगे शर्मा जी, पीछे-पीछे मिसेज शर्मा। नए साल में एक के साथ एक फ्री की तर्ज पर इन दो नए सदस्यों की आमद हुई है गार्डन में। शर्मा जी थुलथुल हैं, तो मिसेज शर्मा सुपर फिट। दोनों एक-दूसरे के एकदम अपोजिट हैं स्वभाव में-शारीरिक बनावट में। नए साल में मिसेज शर्मा ने संकल्प लिया है कि वह शर्मा जी के शरीर का शेप अपने जैसा करवा कर ही दम लेंगी। परंतु सच यह है कि मिसेज शर्मा ने जितना आसान समझ रखा है यह काम, उतना आसान है नहीं। यह बात धीरे-धीरे उनकी समझ में आ रही है।

सुबह-सुबह दोनों की यह जोड़ी लोगों के लिए मनोरंजन के क्षण भी मुहैया करा रही है। होता यह है कि शर्मा जी गार्डन का एक राउंड तो पूरे जोश-खरोश के साथ मारते हैं, लेकिन दूसरा राउंड मारने की बारी आती है, तो फौरन हाथ खड़े कर देते हैं। मिसेज शर्मा को यह बात नागवार गुजरती है। पहले वह प्यार से मनाती हैं। फिर घुड़कती हैं। फिर भी शर्मा जी पर कोई असर नहीं पड़ता, तो उनकी आवाज लगातार ऊंची होती चली जाती है। अब सीन यह होता है कि आगे-आगे मिसेज शर्मा दिखती हैं और पीछे-पीछे खुद को किसी तरह घसीटते हुए शर्मा जी। यही वजह है, जब गार्डन में कसरत कर रहे दूसरे लोगों के लिए मुफ्त का मनोरंजन उपलब्ध हो जाता है।



दरअसल, पिछले कई वर्षों से शर्मा जी नए साल में जमकर कसरत करने की कसम खाते रहे हैं और तोड़ते रहे हैं। पहले वह मौखिक कसम खाते थे, फिर मिसेज शर्मा ने उनसे लिखवाकर लेना शुरू किया। लेकिन इससे उनके कसम तोड़ने की प्रवृत्ति पर कोई असर नहीं पड़ा। नया साल आता, तो वह पहले दिन बड़े जोश के साथ कसम खाते और फिर अगले दिन चुपके से तोड़ देते। लेकिन इस बार नए साल के पहले ही दिन मिसेज शर्मा ने भी शपथ ली है कि शर्मा जी की जॉगिंग अब कभी अकेले नहीं होगी, वह साये की तरह उनके साथ रहा करेंगी...।

## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# साराभाई का सपना

**विक्रम साराभाई** का सपना था कि भारत भी अंतरिक्ष की दुनिया में अपनी पहचान बनाए और अपना उपग्रह आकाश में परिक्रमा करे। यह सपना उस दौर का था, जब संसाधन सीमित थे, तकनीक नई थी। सोवियत संघ से यह समझौता हुआ कि भारत के पहले उपग्रह को निःशुल्क लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद वैज्ञानिकों की एक छोटी-सी टीम ब्लू प्रिंट तैयार करने में जुट गई। आधुनिक प्रयोगशालाओं के अभाव में बेंगलुरु के पीन्या इलाके में पुराने टीन के शेड किराए पर लिए गए। उन्हीं शेड्स को साफ कर वैज्ञानिकों ने अपने हाथों से क्लीन रूम तैयार किया। सैटेलाइट लॉन्च के समय डेटा प्राप्त करने के लिए एक ग्राउंड स्टेशन चाहिए था, लेकिन जगह की तंगी थी। एक पुराने टॉयलेट को साफ कर मुख्य डेटा रिसीविंग सेंटर बनाया गया, जहां कंप्यूटर और एंटीना लगाए गए। उपग्रह के संवेदनशील हिस्सों को परीक्षण के लिए ले जाना था। विशेष सस्पेंशन वाले ट्रक उपलब्ध नहीं थे, इसलिए बैलगाड़ी का सहारा लिया गया। 30 दिसंबर 1971 को विक्रम साराभाई का निधन हो गया, लेकिन उनके सपने को उडुपी रामचंद्र राव ने आगे बढ़ाया। अंततः 19 अप्रैल 1975 को भारत का पहला उपग्रह 'आर्यभट्ट' अंतरिक्ष में पहुंचा और इतिहास बन गया।

Subrata Dhar


## अधिकतर अमेरिकी सैन्य दखल के ख़िलाफ़, कम हुई राष्ट्रपति की लोकप्रियता

# वेनेज़ुएला में घुसकर फंस गए ट्रंप


डैन कैसिनो
न्यू जर्सी से

**अमेरिका की** जनता को कभी-कभार होने वाली छोटी जंगों से फर्क नहीं पड़ता। अमेरिका का आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक प्रभुत्व कमजोर पड़ रहा है। ऐसे में सैन्य ताकत के प्रदर्शन से जनता को गर्व होता है, खासकर अगर वह किसी कमजोर दुश्मन के खिलाफ किया जाए। छोटे युद्ध जनता का ध्यान भटकाने के लिए भी अच्छे होते हैं। माना जाता है कि अगर कोई राष्ट्रपति घरेलू और आर्थिक मोर्चे पर फंसा हुआ है, तो एक छोटी लड़ाई से जनता का ध्यान बंट जाएगा।

AI Image


**निराशा मिलेगी ।** आमतौर पर युद्ध शुरू होने के बाद जनता अपने राष्ट्रपति के साथ खड़ी हो जाती है। 9/11 के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की अप्रूवल रेटिंग 90% से भी ऊपर पहुंच गई थी। लेकिन अगर डॉनल्ड ट्रंप को लग रहा है कि वेनेजुएला में सैन्य हस्तक्षेप का भी वैसा ही असर होगा, तो उन्हें भारी निराशा हाथ लगने वाली है।

**युद्ध का हासिल ।** वेनेजुएला पर हमले के पहले जब अमेरिका ने ड्रग्स ले जाने के आरोप में उसकी नावों को निशाना बनाया था, तब भी केवल 40% अमेरिकी ही इससे सहमत थे। वेनेजुएला पर बमबारी, वहां जबरन सत्ता परिवर्तन या सेना उतारने को लेकर तो जनता का समर्थन और भी कम था। ऐसा इसलिए नहीं कि ट्रंप की लोकप्रियता लगातार गिर रही है, बल्कि इसलिए कि पूरा मामला इराक और अफगानिस्तान जैसे लगता है, जहां लंबे युद्ध के बाद भी हासिल कुछ नहीं रहा।

**ट्रंप प्रशासन की मुश्किल**
- सैन्य अभियान को व्यापक समर्थन नहीं मिल रहा
- जनता को अफगानिस्तान जैसा लग रहा मामला
- सरकार नहीं बता पा रही कि आगे क्या करना है

**जनता का नजरिया ।** विदेशी युद्धों को अमेरिकी जनता दो ही नजरिये से देखती है - एक तो दूसरे विश्व युद्ध की तरह, जो नैतिक रूप से सही था और निर्णायक जीत के साथ खत्म हुआ। दूसरा नजरिया है वियतनाम, जहां की लड़ाई से अमेरिका को कुछ नहीं मिला। इराक में घुसने से पहले बुश प्रशासन ने जनता को यह समझाने में काफी मेहनत की थी कि यह युद्ध दूसरे विश्व युद्ध जैसा होगा। जैसे-जैसे इराक की लड़ाई वियतनाम जैसी लगने लगी, जनता खिलाफ हो गई।

**इराक से समानता ।** वेनेजुएला में सैन्य हस्तक्षेप को लेकर बहस उसकी मेरिट पर नहीं, बल्कि इस पर है कि इस अभियान को कैसे पेश किया जाता है। वेनेजुएला में ऑपरेशन और इराक में घुसपैठ में कई समानताएं हैं। अमेरिका एक विदेशी नेता पर हमला कर रहा है, जिसकी वैधानिकता पर विवाद है और जिसके आतंकियों से कनेक्शन हैं। लेकिन, इसकी वजह से स्थिति और बिगड़ सकती है, जिसे अमेरिकी जनता पसंद नहीं करेगी।

**कंट्रोल का मतलब ।** एक दूसरा विकल्प भी है, 1989 में अमेरिका ने पनामा के नेता Manuel Noriega को ड्रग्स तस्करी के आरोप में पद से हटा दिया था। वेनेजुएला में भी अगर ऐसा ही किया जाए, तो जनता को अच्छा लगेगा। तब सरकार कह सकती है कि हम केवल बुरे लोगों को हटाकर वापस लौट रहे हैं, लेकिन ट्रंप ने इस नैरेटिव को पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब वेनेजुएला का कंट्रोल अमेरिका के पास है।

**मेहनत नहीं की ।** असल में ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला पर हमले को इस तरह पेश करने का प्रयास ही नहीं किया, जिससे समर्थन जुटाया जा सके। इसके उलट, बुश प्रशासन ने इराक युद्ध को सही ठहराने के लिए महीनों मेहनत की थी। एक वक्त 70% अमेरिकी इस बात के पक्ष में थे कि इराक पर हमला करना चाहिए। दूसरी ओर, ट्रंप के ऑपरेशन को अधिकतम 45% समर्थन मिलता दिख रहा है। और अभी तो सैन्य सफलता का उत्साह है, जब सवाल उठेगा कि 'अब आगे क्या' तब समर्थन गिरेगा।

**आर्थिक संकट ।** ट्रंप अगले कुछ हफ्तों में एक बजट पास कराना चाहेंगे, वरना फिर गवर्नमेंट शटडाउन का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप कह चुके हैं कि वह टैक्स में और ज्यादा कटौती, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और ऐसी कई चीजें चाहते हैं, जिसके लिए कांग्रेस का सहयोग चाहिए। लेकिन उनकी लोकप्रियता जितनी कम होगी, उनके लिए रिपब्लिकन्स के वोट जुटाना उतना ही मुश्किल होगा।

**दोहरा घाटा ।** टीवी स्क्रीन पर बम गिरते हुए देखना और फिर जोरदार धमाका होना भीड़ को पसंद आता है। इससे पता चलता है कि सेना पर हर साल जो ट्रिलियन डॉलर खर्च किए जा रहे हैं, उसका असर हो रहा है। लेकिन, जनता को कोई वाजिब कारण और यह बताए बिना कि आगे क्या होने वाला है, युद्ध में उतरना ट्रंप और वेनेजुएला - दोनों के लिए ही घातक हो सकता है।

*(लेखक अमेरिका की Fairleigh Dickinson University में पढ़ाते हैं)*

# प्रदूषण घटाने में कार्बन क्रेडिट से मिलेगी मदद


अविनाश चंद्र

**राजधानी दिल्ली** कई वर्षों से लगातार दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है। यह आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहे देश के लिए ठीक नहीं है। इस मामले में तमाम दावों के बावजूद हर साल प्रदूषण की स्थिति बदतर हो रही है।

**बढ़ रहे खतरनाक दिन ।** सर्दियों में 'बहुत खतरनाक' दिनों की संख्या बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में स्कूल-दफ्तर बंद कर दिए जाते हैं। निर्माण कार्य रोक दिए जाते हैं। देश के अन्य शहरों की हालत भी यही है। अनुमान है कि प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को सालाना करीब 100 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है। प्रदूषण से होने वाली बीमारियों और इससे श्रमबल पर पड़ने वाले असर से आंकड़ा और बढ़ सकता है।

**कारण जानना जरूरी ।** सवाल उठता है कि क्या प्रदूषण का कोई समाधान नहीं या सरकार के प्रयासों में कमी है? हमें पहले सही कारण तलाशने होंगे। भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, पराली जलाने, शहरीकरण और वाहनों-कारखानों से निकलने वाले धुएं को मुख्य कारण माना जाता है। दुनिया के लगभग सभी विकसित देशों को विकास की प्रक्रिया के दौरान इन चुनौतियों से गुजरना पड़ा। आज अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन को विश्व का सबसे स्वच्छ देश कहा जाता है। 1980 के दशक में अमेरिका और कनाडा में तेजाब की बारिश होने लगी थी। पेड़-पौधों, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विलुप्त होने का खतरा मंडराने लगा। लंदन की टेम्स नदी मृत घोषित कर दी गई।

## कॉमन रूम



**दुनिया में बने नजीर ।** इन देशों ने न सिर्फ आर्थिक और विकास गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए, बल्कि संरक्षण के काम में लगे लोगों को प्रोत्साहित भी किया। ट्रेडेबल कार्बन क्रेडिट की व्यवस्था की। तय किया कि प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन हर साल एक लाख टन से अधिक नहीं होना चाहिए। अगर देश में एक हजार फैक्ट्रियां हैं तो फैक्ट्रियों को उनके आकार (छोटे, मझोले और बड़े) के आधार पर 10 से 100 टन कार्बन उत्सर्जन की छूट दे दी जाती है। सीमा से अधिक उत्सर्जन पर भारी कीमत वसूली जाने लगी। फैक्ट्रियों को अपने उत्सर्जन कोटे को बचाने और दूसरों को हस्तांतरित करने की आजादी दी गई। आम लोगों को पेड़ लगाकर उत्सर्जन क्रेडिट बेचने का मौका दिया गया।

**भावना पर चोट ।** दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए तंदूर, कोयले वाले प्रेस आदि पर प्रतिबंध से गरीबों की भावना आहत होती है। उन्हें लगता है कि प्रदूषण का मुख्य कारण निर्माणाधीन इमारतें हैं - दिन-रात चलने वाली फैक्ट्रियां और गाड़ियां हैं। लेकिन, कार्रवाई हमारी कमाई पर की जाती है। कार्बन क्रेडिट जैसी व्यवस्था अगर यहां शुरू की जाए, तो बगैर शोर के समस्या सुलझाई जा सकती है।

*(लेखक पब्लिक पॉलिसी मामलों के जानकार हैं)*

## कांटे की बात

ड्राइवरलेस कारों के लिए Nvidia का नया AI आधारित प्लेटफॉर्म ऐसी गाड़ियों की समझ बेहतर करेगा। इससे बेहद चुनौतीपूर्ण माहौल में ये सेफ ड्राइविंग एक्सपीरियंस देंगी। हम मर्सिडीज के साथ मिलकर इसके लिए काम कर रहे हैं।


जेंसन हुआंग, *Nvidia के सह-संस्थापक*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# नींद के घंटे नहीं, सही समय पर सोना ज़रूरी

*नींद को अक्सर घंटों से जोड़ा जाता है। इस बारे में कई रिसर्च हुईं और कई अब भी जारी हैं। अब एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि नींद का नियमित होना ज्यादा जरूरी है। हर दिन एक निश्चित समय पर सोना और जागना सेहत के लिए सही है।*

### बीमारियों का खतरा

**वैज्ञानिकों ने** पाया है कि अनियमित नींद वालों पर बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। जो सही समय पर सोते और जागते नहीं, उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और डिमेंशिया की आशंका बढ़ जाती है। नींद, भूख, मूड, हार्मोन को नियंत्रित करने वाली शरीर की घड़ी - Circadian Rhythm बिगड़ने लगती है। आपको किसी भी समय भूख लग सकती है। इससे खाना पचने में परेशानी होती है और मोटापे का शिकार हो सकते हैं।


Adobe Stock

### नींद लाने के उपाय

**रोजाना 20** से 30 मिनट धूप में बैठना चाहिए, ठंडी हवा लेनी चाहिए। सुबह जब रोशनी आंखों को लगती है, तब शरीर को शाम का इंतजार रहता है। रोशनी से सर्केडियन रिदम नियंत्रित होता है। इसके अलावा, हर रात सोने से एक घंटा पहले अलार्म लगाने से दिमाग को लगने लगता है कि अब सोने का वक्त होने वाला है। सोने से पहले किताब पढ़ें, ध्यान करें ताकि आसानी से नींद आ जाए।

# मनरेगा आंदोलन से कांग्रेस को दिख रही उम्मीद

हेमंत राजौरा

**महात्मा गांधी** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्वरूप में बदलाव कर इसे नए नाम VB-G RAM G (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) के तहत आगे बढ़ाने की कोशिश ने सियासी बहस को तेज कर दिया है। कांग्रेस ने इसे मनरेगा की आत्मा पर हमला बताते हुए इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। यह आंदोलन ग्रामीण भारत में राजनीतिक पकड़ दोबारा मजबूत करने की कांग्रेसी रणनीति का अहम हिस्सा है।

### कानूनी गारंटी पर खतरा

कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा का नाम और ढांचा बदलकर उसकी कानूनी गारंटी को कमजोर करना चाहती है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा सिर्फ एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, खासतौर पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए जीवन रेखा रही है। VB-G RAM G जैसे नए ढांचे में रोजगार की कानूनी गारंटी, मजदूरी भुगतान की समयबद्धता और जरूरतों के अनुरूप काम देने की प्रतिबद्धता खत्म होने का खतरा है।

इसे राजनीतिक रूप से भुनाने के लिए कांग्रेस ने पंचायत से संसद तक डेढ़ महीने का व्यापक कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र व्यक्तिगत रूप से ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा मजदूरों तक पहुंचाए जाएंगे।



**विशुद्ध राजनीति**
कसौटी

हाल के वर्षों में कांग्रेस ने वोट चोरी, SIR जैसे मुद्दों पर देशव्यापी अभियान चलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों में हार के बाद पार्टी के भीतर भावना बनी कि ऐसे मुद्दों का जमीनी असर सीमित रहा। इसलिए उसे एक ऐसे विषय की तलाश थी, जो सीधे जनता की रोजी-रोटी से जुड़ा हो। मनरेगा इस कसौटी पर खरा उतरता है।

इतिहास भी कांग्रेस के पक्ष में है। माना जाता है कि 2009 में केंद्र की सत्ता में उसकी वापसी के पीछे मनरेगा की निर्णायक भूमिका थी। अब पार्टी उसी सामाजिक आधार को सक्रिय करना चाहती है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस लंबे समय से कमजोर रही है, मनरेगा के जरिए नए सिरे से राजनीतिक जमीन तैयार करने की उम्मीद की जा रही है।

कांग्रेस सरकार पर दबाव बनाना चाहती है कि वह योजना की मूल भावना से छेड़छाड़ न करे। पार्टी नेताओं का कहना है कि अगर इस मुद्दे पर विभिन्न वर्गों को एकजुट किया गया तो यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

### अवसर ही नहीं, परीक्षा भी

सवाल है कि क्या यह रणनीति उतनी कारगर साबित होगी जितनी कांग्रेस उम्मीद कर रही है। आज के राजनीतिक हालात 2009 से काफी अलग हैं। केंद्र सरकार विकसित भारत के नैरेटिव के साथ योजनाओं को नए नाम और ढांचे में पेश कर रही है जिसे एक बड़ा वर्ग सकारात्मक रूप में भी देखता है। ऐसे में कांग्रेस को यह साबित करना होगा कि VB-G RAM G वास्तव में मनरेगा को कमजोर करता है न कि उसे और प्रभावी बनाता है।

कुल मिलाकर, मनरेगा बनाम VB-G RAM G कानून का मुद्दा कांग्रेस के लिए एक अवसर भी है और परीक्षा भी। अगर वह सचमुच मजदूरों के बीच जाकर उनके अनुभवों, समस्याओं और आशंकाओं को आंदोलन का केंद्र बनाती है तो यह अभियान उसे ग्रामीण भारत में फिर से प्रासंगिक बना सकता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# पत्थर पर हर दिन पानी क्यों डालता था वह भिक्षु

देवेन्द्रराज सुथार

**जीवन में** अक्सर हम बड़े परिणाम और तात्कालिक सफलता के पीछे भागते हैं और इस प्रक्रिया में छोटे प्रयासों के महत्व को भूल जाते हैं। हमारी साधना, हमारी रोजमर्रा की सजगता, हमारे छोटे काम भी धीरे-धीरे प्रभाव डालते हैं। आध्यात्मिक जीवन केवल उच्च विचार या ज्ञान का संग्रह नहीं, बल्कि आत्मा का निरंतर प्रशिक्षण है। यह प्रशिक्षण किसी महान घटना या असाधारण कार्य की प्रतीक्षा नहीं करता, बल्कि हर दिन किए जाने वाले छोटे, लगातार प्रयासों में छिपा होता है। यही प्रक्रिया मनुष्य को भीतर से बदलती है और उसे स्थिर, सहनशील और सजग बनाती है। जब हम धैर्य और लगन से लगातार प्रयास करते हैं, तो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धीरे-धीरे परिणाम दिखने लगते हैं।

AI Image


जापान के दार्शनिक कूकाई एक दिन पहाड़ों में एक छोटे मठ में रुके। वहां एक वृद्ध भिक्षु हर दिन घंटों पत्थर पर पानी डालता था। कूकाई ने हैरानी से पूछा कि ऐसा करने का क्या फायदा, क्योंकि पत्थर तो कभी नहीं पिघलेगा। भिक्षु ने शांत स्वर में उत्तर दिया, 'हां, यह जानता हूं, लेकिन ऐसा करने से अपनी छाप जरूर छोड़ेगा।' कुछ दिन ठहरने के बाद जब कूकाई वहां से जाने लगे, उन्होंने देखा कि पत्थर पर पानी की धार से एक हल्की रेखा बन गई थी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'अब समझ आया कि धैर्य पूर्वक नियमित प्रयास करो, तो असर अवश्य होता है।'

मनुष्य अक्सर तुरंत संतुष्टि के लिए प्रयास करता है और छोटी-छोटी निरंतर क्रियाओं को महत्व नहीं देता। लेकिन स्थिरता और सहनशीलता जीवन में असली शक्ति का आधार बनती है। यह शक्ति दिखावा नहीं करती, यह तुरंत मान्यता नहीं पाती, लेकिन समय और धैर्य के साथ उसका असर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

महानता केवल बड़ी उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि निरंतर, शांत और सुसंगत प्रयास में निहित है। जीवन में धैर्य और लगन की यही शक्ति हमें कठिनाइयों के सामने टिकने, असफलताओं से सीखने और समय के साथ स्थायी परिवर्तन लाने में सक्षम बनाती है।

## जनता जंक्शन

इरफान




## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### प्रियंका की परीक्षा

**यह पत्र** 5 जनवरी के संपादकीय 'बड़ी जिम्मेदारी' से संबंधित है। कांग्रेस कार्यकर्ता पिछले कई सालों से प्रियंका गांधी को बड़ी जिम्मेदारी देने की मांग कर रहे थे। इस साल असम, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी द्वारा उन्हें असम चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरपर्सन बनाने का फैसला इन कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएगा। भले ही वह संसद पहली बार पहुंची हों, लेकिन राजनीति में उनका अच्छा खासा तजुर्बा है। स्क्रीनिंग कमिटी चेयरपर्सन के तौर पर सही उम्मीदवारों का चयन करना जिम्मेदारी भरा काम होगा। असम में पार्टी दस साल से सत्ता से बाहर है, ऐसे में इस बार प्रियंका की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

पैथर तोमर, दिल्ली

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: rajesh.mishra Time: 01-06-2026 22:30 Color:



NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कान से बढ़े हौसला**
मुस्कुराने से दिमाग को मैसेज जाता है कि सब ठीक है। इससे घबराहट कम होती है और लोगों के सामने बोलते समय (पब्लिक स्पीकिंग) डर घटता है, आत्मविश्वास अपने आप बढ़ने लगता है।

## विचार
असाधारण सफलता पाने के लिए आपको साधारण चीजों को असाधारण रूप से अच्छी तरह करना होगा। यही बड़ी सफलता का सरल मंत्र है।
– जिम रोन (Jim Rohn)

## ज़रा हंस लें
**मैडम:** क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए। **पप्पू** मासूमियत से खड़ा हो गया। **मैडम:** क्या तुम बेवकूफ हो? **पप्पू:** नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा...

## कविता
### जाम ज़िंदगी के नाम
चल न, अपने बेहिसाब बुरे वक़्त का
जश्न मनाते हैं
कुछ देर बैठ ऐ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
सर्द पड़ चुके ख्वाबों का कुछ टुकड़ा
तेरे गुरूर में मिलाते हैं
कुछ देर बैठ ऐ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
चमचमाते कांच के ग्लास में अपने
कमजोर हौसलों की बलि चढ़ाते हैं
कुछ देर बैठ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
इस रंगीन पानी की बेपरवाह धार में
अपने आंसुओं के सागर छुपाते हैं
कुछ देर बैठ ऐ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
मुद्दतों से शिकायत है मेरी फिक्र करने
वालों को मुझसे
चल आज वो सब तुझे बताते हैं
कुछ देर बैठ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
कौन हूं मैं? क्या हूं मैं? कोई रद्दी का
टुकड़ा
तो चल ना इससे कुछ खास बनाते हैं
कुछ देर बैठ ऐ ज़िंदगी तुझे एक जाम
पिलाते हैं।
सपनों की दुनिया एक छलावा ही तो है
तो क्यों ना हकीकत का एक जहां
बसाते हैं। कुछ देर....
– गंगेश गुंजन, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# एक गांव का 'मिशन हरियाली'
## कंस्ट्रक्शन से उजड़े पेड़-पौधे, तो दिल्ली का यह गांव प्रकृति को जिंदा करने की मिसाल बना

■ राजेश पोद्दार, सिरसपुर






हर दिन गांव की 5-6 लोगों की टीम पेड़ों की देखभाल करती है। पेड़ों की कटाई-छंटाई, खाद-पानी की व्यवस्था, घास-झाड़ी की सफाई जैसे जरूरी काम किए जाते हैं

**दिल्ली की** हवा में जहर है और जमीन पर कंक्रीट का जाल। कभी लहलहाते खेतों और घनी हरियाली के लिए मशहूर 'दिल्ली देहात' आज ऊंची दीवारों और सीमेंट के ढांचों में तब्दील होता जा रहा है। लेकिन, उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर गांव ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो बताती है कि अगर इरादे फौलादी हों, तो उजड़ी हुई हरियाली को दोबारा जिंदा किया जा सकता है।

कहानी शुरू होती है करीब 10-12 साल पहले। येलो लाइन मेट्रो को जहांगीरपुरी से समयपुर बादली तक ले जाने के लिए सिरसपुर की जमीन का अधिग्रहण किया गया। जहां कभी ग्रामीणों के हरे-भरे खेत थे, वहां आज मेट्रो डिपो का निर्माण हो चुका है। विकास की इस दौड़ में हजारों पेड़ों की बलि दे दी गई। विडंबना देखिए, सिरसपुर के लोगों ने अपनी जमीन दी, हरियाली खोई, लेकिन आज भी उन्हें खुद मेट्रो की सुविधा नहीं मिली है। चारों ओर सिर्फ कंक्रीट की ऊंची दीवारें रह गई थीं।

अपनी हरियाली को उजड़ता देख सिरसपुर गांव के ग्रामीणों ने हार नहीं मानी। स्थानीय लोगों की एक टीम ने मेट्रो डिपो की चारदीवारी के साथ-साथ पेड़ लगाने का संकल्प लिया। करीब 7–8 साल की लगातार मेहनत के बाद ग्रामीणों ने डिपो के चारों ओर लगभग 1700 मीटर लंबाई में सड़क के दोनों तरफ 2500 से अधिक पेड़ लगा दिए। आज यह हरे भरे पेड़ बेहद खूबसूरत दिखाई दे रहे हैं।

ये पेड़ आसपास के वातावरण को साफ रखने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि यह पेड़ इलाके में प्रदूषण कम करने में सहायक साबित हो रहे हैं। हर दिन गांव की यह टीम, जिसमें 5 से 6 लोग शामिल हैं, पेड़ों की देखभाल करती है। इसमें पेड़ों की कटाई-छंटाई, खाद-पानी की व्यवस्था, घास-झाड़ी की सफाई और अन्य जरूरी काम शामिल हैं।

**लगाए 2500 से ज्यादा पेड़ :** इस पहल की शुरुआत स्थानीय निवासी और एडवोकेट सतीश राणा ने की। सतीश राणा बताते हैं कि साल 2015-16 में जब मेट्रो डिपो का निर्माण पूरा हुआ, तो डिपो की बाउंड्री के पीछे खाली छोड़ी गई जगह को हरियाली में बदलने का बीड़ा उन्होंने उठाया। धीरे-धीरे एक-एक कर पेड़ लगाए, उनके साथ गांव के कई लोग जुड़ गए। कुछ लोगों में पेड़ों के प्रति इतनी दीवानगी है कि वह अपनी गाड़ी में पेड़ों के पौधे लेकर चलते हैं और जहां जगह मिलती है वहां पेड़ लगा देते हैं। आज यहां 2500 से अधिक पेड़ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में गांव के संदीप राणा, नरेंद्र राणा, यशपाल राणा, सरजीत सिंह, नरेंद्र राणा उर्फ बिल्लू, सुनील सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुड़े हैं। गांव में किसी के जन्मदिन पर या किसी के निधन के बाद उनकी याद में यहां पेड़ लगाए जाते हैं। लगाए गए हर पेड़ की जिम्मेदारी पूरी टीम मिलकर निभाती है।

**7–8 साल की मेहनत से ग्रामीणों ने लगभग 1700 मीटर लंबाई में सड़क के दोनों तरफ 2500 से अधिक पेड़ लगा दिए**

**सुबह 5 बजे से गांव वाले जुट जाते हैं सफाई और पेड़ों की देखरेख में:** टीम के दूसरे सदस्य संदीप राणा ने बताया कि हमारी टीम के सभी सदस्य सुबह 5 बजे आ जाते हैं। वह की साफ सफाई या फिर पेड़ों में पानी देना, पेड़ों की सेफ्टी के लिए ट्री गार्ड लगाना सहित दूसरे काम में जुट जाते हैं। इन कामों के लिए कई हजार रुपये के उपकरण भी गांव वाले अपनी जेब से खरीद चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब डिपो के एक तरफ अंडरपास है और तीन तरफ फिर 17-1800 मीटर की दीवार है। सड़क पर लोग अब वॉक के लिए भी आते हैं। ग्रामीण कहते हैं कि इसकी देखरेख में किसी भी सिविक एजेंसी का कोई योगदान नहीं है। मेट्रो परिसर के अंदर मेट्रो के कर्मचारी अपनी मेंटेनेंस करते हैं लेकिन मेट्रो डिपो परिसर के बाहर की जिम्मेदारी ग्रामीणों ने उठाई हुई है।

## NBT जन्मदिन मुबारक

### बिपाशा बसु


बिपाशा बसु का जन्म 7 जनवरी 1979 को दिल्ली में हुआ और वह कोलकाता में पली-बढ़ीं। 1996 में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और 2001 में फिल्म 'अजनबी' से बॉलिवुड डेब्यू किया, जिसके लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। 2016 में उन्होंने एक्टर करण सिंह ग्रोवर से शादी की।

### सुप्रिया पाठक


सुप्रिया पाठक का जन्म 7 जनवरी 1961 को मुंबई में हुआ। श्याम बेनेगल की फिल्म 'कलयुग' (1981) से करियर की शुरुआत की। टीवी पर वे 'खिचड़ी' (हंसा पारेख) के लिए मशहूर हुईं, फिल्मों में 'बाजार', 'मासूम', 'मिर्च मसाला', 'वाधी', 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' जैसी फिल्में उनकी पहचान बनीं।

### शोभा डे


7 जनवरी 1948 को मुंबई में जन्मीं शोभा डे ने मॉडलिंग से करियर शुरू किया और फिर पत्रकारिता में कदम रखा। उन्होंने स्टारडस्ट, सोसाइटी, सेलिब्रिटी जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया। 'सोशलाइट इवनिंग्स', 'स्पाउस', 'स्माल बिट्रेयल्स' जैसी किताबें लिखीं और टीवी सीरियल्स की कहानी भी लिखी है।

### बाबा कल्याणी


7 जनवरी 1949 को जन्मे बाबा कल्याणी बिजनेसमैन हैं, कल्याणी ग्रुप के चेयरमैन हैं। खासकर ऑटो और डिफेंस सेक्टर में बाबा कल्याणी की लीडरशिप में उनकी कंपनी भारत फोर्ज ने बड़ा नाम कमाया है। वह पद्म भूषण से सम्मानित हैं। ग्लोबल इकोनॉमी प्राइज समेत कई सम्मान मिल चुके हैं।

**कोरोना में जब स्कूल हुए बंद, इंटरनेट खर्च बढ़ा तो निकाला सस्ता रास्ता**

## ऑनलाइन रेडियो से खोला पढ़ाई का नया चैप्टर

R.Saivenkatesh
@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** कोरोना महामारी के दौरान जब स्कूल बंद हो गए, तब पढ़ाई मोबाइल स्क्रीन तक सिमट गई। लेकिन गरीब परिवारों के बच्चों के सामने सबसे बड़ी दिक्कत डेटा की थी। वीडियो क्लास में बहुत जल्द डेटा खत्म हो जाता। इसी चुनौती ने तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सरकारी स्कूल टीचर ए. कार्तिक राजा को नया रास्ता सोचने पर मजबूर किया। उन्होंने पढ़ाई को वीडियो से निकालकर ऑडियो के आसान माध्यम में ढालने का फैसला किया और शुरू हुआ ऑनलाइन कल्वी रेडियो। कार्तिक ने एक वेबसाइट बनाई, जहां ऑडियो फाइल्स अपलोड की जाने लगीं। इसमें डेटा बेहद कम खर्च होता है।



### सरकारी सराहना
आज इस प्लेटफॉर्म पर 8 लाख से ज्यादा ऑडियो रिकॉर्डिंग्स मौजूद हैं। स्कूल खुलने के बाद भी बच्चों की इसमें गहरी रुचि बनी रही। पेरम्बलूर की टीचर कुड्डली थेरेसा बताती हैं कि जो बच्चे पहले पढ़ने से डरते थे, आज वे खुद रिकॉर्डिंग कर रहे हैं। अब तक 10,000 से ज्यादा छात्र और आम लोग इसमें अपनी आवाज दे चुके हैं। सरकार ने भी इस पहल की सराहना की है।

## फुटपाथों को परखने के लिए किया 26km पैदल मार्च

Hamsaveni.N@timesofindia.com




■ **बेंगलुरु:** जब नए साल की सुबह आधी दुनिया महफिलों में थी और आधी देर रात की पार्टी के बाद सो रही थी, तब बेंगलुरु के 300 से ज्यादा लोगों ने अपने शहर के लिए एक अलग तरह का संकल्प लिया। किसी आलीशान जश्न के बजाय उन्होंने फुटपाथों पर 26 किलोमीटर पैदल चलने का फैसला किया। मकसद था– शहर के फुटपाथों की असली हालत को समझना, अतिक्रमण पहचानना और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का मजबूत संदेश देना।

'वॉकलूरु' के बैनर तले आयोजित इस फुटपाथ वॉक की शुरुआत सुबह 7 बजे हुई। नियम साफ था– पूरा सफर सिर्फ फुटपाथ पर ही तय करना है। इस मुहिम की अगुआई अरुण पई ने की, जिन्होंने लोगों को पैदल चलकर अपने शहर को नए नजरिये से देखने का मौका दिया।

### बेहतर रास्तों की मांग था मकसद
कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश और जीबीए कमिश्नर महेश्वर राव भी आम नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। WRI सदस्य श्रीनिवास अलविल्ली ने कहा कि जब पैदल चलने वालों को सम्मान मिलता है, तभी शहर सच में रहने लायक बनता है। लालबाग, कब्बन पार्क, उल्सूर झील से गुजरती वॉक शाम 6:30 बजे समाप्त हुई। वॉक के जरिए लोगों और अधिकारियों ने साथ चलकर समस्याओं पर चर्चा की।

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### 45 मिनट में बिके अदाणी के बॉण्ड्स
■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** अदाणी एंटरप्राइजेज (AEL) के 1,000 करोड़ रुपये के नॉन कन्वर्टेबल डिबेंचर (NCD) को निवेशकों ने हाथों-हाथ लिया है। यह इश्यू खुलने के महज 45 मिनट के भीतर ही पूरी तरह बिक गया। 500 करोड़ रुपये का मुख्य हिस्सा (बेस इश्यू) तो सिर्फ 10 मिनट में ही खत्म हो गया। इश्यू के बंद होने की आखिरी तारीख 19 जनवरी है।

### 30 दिन पुराना डेटा ही चलेगा: सेबी
■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** शेयर बाजार के डेटा के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सेबी ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब कोई संस्थान या व्यक्ति शेयर बाजार के बारे में लोगों को जानकारी फैलाना चाहता है, तो वह बिल्कुल ताजा आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि 30 दिन पुराना डेटा ही इस्तेमाल किया जाए।

### सर्विस सेक्टर की रफ्तार धीमी
■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** पिछले साल दिसंबर महीने में भारत के सर्विस सेक्टर की चमक थोड़ी फीकी पड़ गई है। नए काम मिलने की रफ्तार 11 महीनों में सबसे धीमी रही है। इस दौरान एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज PMI का आंकड़ा 58.0 रहा, जो नवंबर में 59.8 था। PMI का 50 से ऊपर होना बढ़त का संकेत है। लेकिन 58.0 का स्तर जनवरी के बाद से सबसे कम ग्रोथ दिखाता है।

### Nestle वापस मंगा रही 'खराब' प्रॉडक्ट
■ **एएफपी, ज्यूरिख:** नेस्ले (Nestle) ने यूरोप के कई देशों में बच्चों के दूध के कुछ बैच वापस मंगाने का फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर बताया कि उन्हें सप्लायर से क्वालिटी की समस्या मिली है। नेस्ले उन सभी वस्तुओं की जांच कर रही है, जिनका इस्तेमाल इन प्रॉडक्ट्स को बनाने में किया गया था। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इन प्रॉडक्ट्स की तस्वीरें जारी की हैं।

# रूसी तेल ने बिगाड़ा शेयर बाज़ार का खेल
## रिलायंस के शेयर 4% से ज्यादा गिरे, 8 महीने की सबसे बड़ी इंट्रा-डे गिरावट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। बाजार पर दबाव की सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ता तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी रही। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक में जमकर बिकवाली हुई।

BSE पर रिलायंस का शेयर 4.42% गिरकर 1,507.70 रुपये पर बंद हुआ। एक समय तो यह 5% तक गिर गया था। सिर्फ एक दिन की इस गिरावट से रिलायंस की मार्केट वैल्यू में 94,388.99 करोड़ रुपये की भारी कमी आई। जानकारों का कहना है कि पिछले आठ महीनों में रिलायंस के शेयर में एक दिन के भीतर आई यह सबसे बड़ी गिरावट है।

रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को सफाई दी कि पिछले करीब तीन हफ्तों से उसने रूसी तेल की एक भी खेप नहीं ली है। इसके साथ ही जनवरी के पूरे महीने में भी रूस से तेल आने की कोई उम्मीद नहीं है। दरअसल, हाल ही में ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस के तेल से लदे तीन जहाज जामनगर (गुजरात) रिफाइनरी की ओर आ रहे हैं। रिलायंस ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह से गलत बताया है। जानकारों का कहना है कि वेनेजुएला संकट से उपजी अनिश्चितता और रूसी तेल आयात के मुद्दे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।


AI Image

### बाजार में हलचल
- **सेंसेक्स** 376.28 अंक गिरकर 85,063.34 पर बंद हुआ।
- **निफ्टी** 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 पर आ गया।
- टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी **Trent** के शेयरों में 8.62% की गिरावट आई।
- **स्मालकैप** में 0.39 प्रतिशत और BSE मिडकैप इंडेक्स में 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही।
- डॉलर के मुकाबले **रुपया** 12 पैसे मजबूत होकर 90.18 के स्तर पर बंद हुआ।
- **सोने** की कीमत दिल्ली में 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।
- **चांदी** 7,000 रुपये बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) हो गई।

### क्या रहीं वजहें?
- **ट्रंप की चेतावनी:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना कम नहीं करता, तो अमेरिका उन पर भारी टैक्स लगा सकता है।
- **सर्विस सेक्टर में सुस्ती:** दिसंबर के आंकड़े बताते हैं कि भारत के सर्विस सेक्टर की रफ्तार 11 महीनों में सबसे धीमी रही है। कंपनियों ने नई भर्तियां भी कम की हैं।
- **विदेशी तनाव:** वेनेजुएला संकट और रूसी तेल आयात को लेकर बनी अनिश्चितता से निवेशकों में डर का माहौल रहा।
- **मुनाफावसूली:** निवेशकों ने बढ़े हुए दामों पर शेयर बेचकर अपना मुनाफा निकाला, जिससे बाजार नीचे आ गया।

## अमेरिकी टैरिफ के असर का जायज़ा लेगी संसद की समिति

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी के बीच कॉमर्स से जुड़ी संसद की स्थायी समिति के सदस्य देश के चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों का जायजा लेंगे, जिससे विभिन्न सेक्टरों पर टैरिफ से पड़े असर को बेहतर ढंग से समझा जा सके। मंगलवार से शुरू हुए तीन दिवसीय दौरे में ये सांसद विशाखापत्तनम, चेन्नै और कोयंबटूर जाएंगे। इस दौरे का मकसद चुनौतियों का जायजा लेकर निर्यात बढ़ाने के उपाय तलाशना है।

संसदीय स्थायी समिति इस दौरे में यह भी देखेगी कि वित्तीय संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से उठाए गए कदमों से अमेरिकी टैरिफ का असर कितना कम हुआ है। मंगलवार को सांसदों ने विशाखापत्तनम में समुद्री उत्पादों के सेक्टर के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने एक्सपोर्ट काउंसिल और वित्तीय संस्थानों के लोगों की राय भी ली। बुधवार को समिति चेन्नै पहुंचेगी। वहां वह ऑटोमोटिव और लेदर सेक्टरों के प्रतिनिधियों से मिलकर अमेरिकी टैरिफ के असर का जायजा लेगी। गुरुवार को ये सांसद कोयंबटूर जाएंगे। वहां टेक्सटाइल एंड अपैरल सेक्टर से जुड़े मैन्युफैक्चरर्स और एक्सपोर्टर्स से मिलेंगे। ये अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और CITI जैसे उद्योग संगठनों के लोगों की राय भी लेंगे।

इस बीच, नीति आयोग ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की पकड़ मजबूत करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत है। आयोग ने ट्रेड वॉच क्वार्टर्ली के ताजा अंक में कहा कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के साथ क्वालिटी स्टैंडर्ड्स और सर्टिफिकेशन सिस्टम को मजबूत बनाना होगा।



समुद्री उत्पादों, ऑटो, लेदर और टेक्सटाइल्स सेक्टर के लोगों से मिलेगी संसदीय स्थायी समिति

## बैंकों में लोन-जमा का गैप बढ़ा, क्या बढ़ेगी EMI?

■ **NBT रिपोर्ट:** भारतीय बैंकों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। बैंक जितनी तेजी से बाजार में लोन दे रहे हैं, उतनी तेजी से उनके पास पैसा जमा नहीं हो रहा है। बैंकिंग सिस्टम में लोन और डिपॉजिट का अनुपात (LDR) दिसंबर तिमाही में 81% के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे, तो बैंकों को मजबूरी में डिपॉजिट (जमा) पर ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी। साथ ही, वे कर्ज पर ब्याज दरों में कटौती करने से भी बचेंगे। ET के मुताबिक, ज्यादा LDR का मतलब है कि बैंकों के पास नया कर्ज देने के लिए कम फंड बचेगा।


AI Image

- बैंकिंग सेक्टर का लोन-टू-डिपॉजिट रेशियो रेकॉर्ड 81% पर पहुंचा।
- कर्ज बांटने की रफ्तार पैसा जमा होने की रफ्तार से कहीं ज्यादा तेज है।

### क्या है बैंकों की स्थिति?
- HDFC बैंक में पिछले साल के मुकाबले लोन 12% बढ़े, डिपॉजिट 11.5% की रफ्तार से बढ़े। दिसंबर के अंत तक बैंक ने कुल 28.44 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया, जबकि उसके पास जमा राशि 28.59 लाख करोड़ रुपये थी।
- बैंक ऑफ बड़ौदा का कर्ज 14.57% बढ़ा, जमा सिर्फ 10.25% ही बढ़ा।
- PNB में जमा 8.5% बढ़ा, जबकि कर्ज 11% की रफ्तार से बढ़ा।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जमा की रफ्तार 3.4% रही, जबकि कर्ज 7.13% बढ़ा।
- एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में जमा की रफ्तार कर्ज के लगभग बराबर या उससे थोड़ी ज्यादा रही।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स?
मैक्वेरी कैपिटल के सुरेश गणपति का कहना है कि 81% का LDR अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगर यह स्थिति बनी रही, तो बैंकों को ग्राहकों को लुभाने के लिए डिपॉजिट रेट बढ़ाने पड़ेंगे। साथ ही, अगर RBI भविष्य में ब्याज दरें घटाता भी है, तो बैंक शायद उसका फायदा आम लोगों तक न पहुंचा पाएं।

### NBFCs को फायदा?
नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (NBFCs) ने इस दौरान जबरदस्त बढ़त दिखाई है। बजाज फाइनेंस के नए लोन में 15% की बढ़ोतरी हुई। पूनावाला फिनकॉर्प के असेट में साढ़े 77% का भारी उछाल आया, वहीं M&M फाइनेंस के कारोबार में भी करीब 12% की तेजी देखी गई।

## बीमा एजेंटों के मोटे कमिशन पर नकेल कसने की तैयारी


AI Image

■ **NBT रिपोर्ट :** बीमा बाजार में एजेंटों को मिलने वाले भारी-भरकम कमिशन पर अब कैंची चल सकती है। इसे लेकर नए नियम बनाने की तैयारी चल रही है ताकि ग्राहकों को 'मिस-सेलिंग' और महंगे प्रीमियम से बचाया जा सके।

इंश्योरेंस रेगुलेटर IRDAI ने चेतावनी दी है कि डिस्ट्रीब्यूशन (पॉलिसी बेचने) का खर्च बढ़ने की वजह से इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो रहा है। कंपनियों की तरफ से एजेंटों को ज्यादा पैसा देने के चक्कर में आम लोगों को महंगी पॉलिसी खरीदनी पड़ रही है। RBI ने भी अपनी रिपोर्ट में इस बढ़ते खर्च पर चिंता जाहिर की है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि जब पहले साल में एजेंटों को बहुत ज्यादा कमिशन मिलता है, तो मिस-सेलिंग (गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचना) के मामले भी बढ़ जाते हैं। ज्यादा पैसे के लालच में एजेंट ग्राहकों को गलत तरीके से पॉलिसी थमा देते हैं। इससे पॉलिसीधारकों को चपत लगती है।

आंकड़े बताते हैं कि 2024-25 में लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने कमिशन के तौर पर 60,800 करोड़ रुपये बांटे, जो पिछले साल से 18% ज्यादा है। इस दौरान कंपनियों के प्रीमियम (कमाई) में सिर्फ 6.73% की ही बढ़त हुई।

## बड़ी डिस्प्ले-बैटरी, पर कितना खरा यह बजट फोन

**गैजेट रिव्यू**
ब्रह्मांश यादव

| Redmi 15C 5G | |
|---|---|
| 12,499 रुपये | 4GB+128GB |
| 13,999 रुपये | 6GB+128GB |
| 15,499 रुपये | 8GB+128GB |

**बजट** स्मार्टफोन खरीदते वक्त ज्यादातर यूजर्स का सवाल होता है कि कम दाम में क्या-क्या कटौती झेलनी पड़ेगी। कहीं कैमरा कमजोर होगा, कहीं डिस्प्ले औसत निकलेगी तो कहीं परफॉर्मेंस समझौते वाली होगी। इसी सोच को चैलेंज करने का दावा किया है शाओमी (Xiaomi) ने अपने नए फोन 'रेडमी 15C 5G' के साथ। 12,499 रुपये की शुरुआती कीमत में आने वाले इस फोन के दावों में कितना दम है। कैमरा, बैटरी, परफॉर्मेंस जैसे पैमानों पर यह कितना भरोसेमंद है, इस रिव्यू में इस पर ही बात होगी।

शाओमी ने फोन के साथ कंजूसी नहीं की है, बॉक्स में 33W चार्जर और कवर मिल जाता है। फोन प्लास्टिक का है, लेकिन हाथ में पकड़ने पर यह सस्ता महसूस नहीं होता। इसकी 6.9 इंच की IPS LCD डिस्प्ले काफी बड़ी है, जो कंटेंट देखने वालों को पसंद आएगी। रेडमी 15C को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए बनाया गया है जो कम बजट में 5G और बड़े डिस्प्ले वाला फोन चाहते हैं। 120Hz का रिफ्रेश रेट स्क्रॉलिंग को स्मूद बनाता है।

हालांकि, फोन को सामने से देखने पर निराशा होती है। यू-शेप नॉच और मोटे बेजल्स इसे आज के हिसाब से थोड़ा 'आउटडेटेड' लुक देते हैं। 810 निट्स की ब्राइटनेस इनडोर के लिए काफी है, लेकिन तेज धूप में डिस्प्ले थोड़ा फीका पड़ता है। अच्छी बात यह है कि इस बजट में भी डिस्प्ले को गोरिल्ला ग्लास 3 की मजबूती दी गई है। हेडफोन जैक और पावर बटन में फिंगरप्रिंट स्कैनर भी मिलता है।

फोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 चिपसेट दिया गया है। प्रैक्टिकल इस्तेमाल की बात करें, तो रोजमर्रा के टास्क जैसे सोशल मीडिया, यूपीआई पेमेंट और मल्टीटास्किंग में फोन ने परेशान नहीं किया। सॉफ्टवेयर के मोर्चे पर भी फोन अच्छा है। फोन एंड्रॉइड 15 पर आधारित लेटेस्ट HyperOS 2 के साथ आता है। इसमें 'Circle to Search' और 'Gemini Live' जैसे AI फीचर्स भी मिलते हैं, जो आमतौर पर इस कीमत के फोन में कम ही दिखते हैं। सिंगल स्पीकर है, लेकिन 'वॉल्यूम बूस्ट' मोड से आवाज अच्छी खासी लाउड मिल जाती है। रेडमी 15C के पीछे 50MP का मेन कैमरा और 2MP का डेप्थ सेंसर है। दिन की रोशनी में यह फोन अपने बजट के हिसाब से काफी शार्प और नेचुरल फोटो क्लिक करता है। लेकिन जैसे ही रोशनी कम होती है, कैमरा स्ट्रगल करने लगता है। लो-लाइट शॉट्स में काफी नॉइज दिखाई देता है। पोर्ट्रेट मोड और 8MP सेल्फी कैमरा भी औसत ही है, इनमें डिटेल्स की कमी खलती है।



फोन की ताकत 6000mAh बैटरी है। एक बार चार्ज करने पर यह आराम से डेढ़ दिन तक चल जाती है। 33W चार्जर से फुल चार्ज होने में करीब 1 घंटा 15 मिनट का समय लगता है। रेडमी 15C 5G एक बैलेंस बनाने की कोशिश करता है। 12,499 रुपये में आपको बेहतरीन बैटरी लाइफ, लेटेस्ट सॉफ्टवेयर और बड़ी डिस्प्ले मिलती है। लेकिन, कैमरा आपकी प्रायोरिटी है, तो आपको बजट बढ़ाकर कुछ दूसरे ऑप्शन तलाशने चाहिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-06-2026 22:56 Color:



भारतीय लड़कियां अब बहुत ज्यादा क्रिकेट खेलती हैं। ज्यादा मैच टीम को विकल्प तैयार करने का अवसर देते हैं। चोट की स्थिति में बैकअप खिलाड़ी मौजूद होते हैं। विमिंस टीम में ऐसा ग्रुप पिछले 10 साल में नहीं दिखा था। -इरफान पठान, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर



**974**

रन बनाए थे सर डॉन ब्रैडमैन ने साल 1930 में खेली गई एशेज सीरीज के पांच टेस्ट मैचों में। यह एक एशेज सीरीज में किसी बैटर द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में कुल कितनी सेंचुरी बनाई है?
A) 40 B) 38 C) 37 D) 42
2. भारत की युवा प्लेयर अनाहत सिंह किस खेल से जुड़ी हुई हैं?
A) हॉकी B) स्क्वॉश C) बैडमिंटन D) शूटिंग

**कल के जवाब**
1. C) 41 2. D) मुंबई

**लकी WINNER**



1. अयान शर्मा, पश्चिम विहार, दिल्ली
2. हितेंद्र सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3. विजया आदित्य, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### फाइनल में पहुंची अनाहत

**नई दिल्ली:** भारत की अनाहत सिंह ने इजिप्ट की मलिका अल कराक्सी को हराकर ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। सत्रह वर्षीय अनाहत ने मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। लड़कों के अंडर-17 वर्ग में भारत के आर्यवीर दीवान सेमीफाइनल में हार गए।

### जम्मू-कश्मीर को खिताब

**सूरत:** जम्मू-कश्मीर की अंडर-16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल के तीसरे दिन मिजोरम को पारी और 182 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए बीसीसीआई के किसी टूर्नामेंट का पहला खिताब है। इस चार दिवसीय मैच में जम्मू-कश्मीर ने एक दिन शेष रहते जीत दर्ज की।

### आसाब, अनुष्का को गोल्ड

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के मोहम्मद आसाब और राजस्थान की अनुष्का सिंह भाटी ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला डबल ट्रैप स्पर्धाओं का खिताब जीता। आसाब ने चार दौर में 27, 25, 28 और 21 के स्कोर के साथ कुल 101 अंक हासिल करते हुए गोल्ड जीता। अनुष्का ने 77 अंकों (14, 18, 21, 24) के साथ स्वर्ण अपने नाम किया।

### पारदर्शिता की वकालत

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) ने निर्देश दिया है कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त खेल महासंघों और संघों से जुड़ी जानकारी को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर स्वतः सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

दो बैटर्स के शतकों से मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाई बड़ी बढ़त

# स्मिथ ने बढ़ाया इंग्लैंड का 'हेडेक'

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
पांचवां टेस्ट, तीसरा दिन



**एजेंसियां, सिडनी:** ओपनर ट्रेविस हेड ने वर्तमान एशेज सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने भी सेंचुरी जड़ी। इन दो शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में सात विकेट पर 518* रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे।

**फॉर्म में की वापसी:** स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42* रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 81* रन जोड़े हैं।

**ख्वाजा के लिए तालियां:** हेड और स्मिथ के शतक पूरे होने पर दर्शकों ने जमकर उनके कसीदे कसे। हेड जब पविलियन लौट रहे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया, लेकिन वह उस्मान ख्वाजा थे जिनके लिए दर्शकों ने सबसे अधिक तालियां बजाईं। ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। ख्वाजा पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस मैच के बाद वह इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। पविलियन लौटते समय दर्शकों ने उनका भी खड़े होकर अभिवादन किया।

द एशेज

स्टीव स्मिथ ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड उनका घरेलू मैदान है और उन्हें यहां बैटिंग करना काफी पसंद है



**600** रन मौजूदा सीरीज की नौ इनिंग्स में बना चुके हैं हेड। इसमें 3 शतक शामिल हैं

**तेईस साल बाद** हेड ने 105 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज सीरीज में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियन ओपनर बन गए। उन्होंने अपनी पारी में 24 फोर और एक सिक्स लगाया। हेड को 121 रन के निजी योग पर उस समय जीवनदान मिला जब विल जैक्स ने ब्रायडन कार्स की बोलिंग पर उनका आसान कैच छोड़ा।

### एशेज में सर्वाधिक सेंचुरी

| खिलाड़ी | सेंचुरी |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन, ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| स्टीव स्मिथ, ऑस्ट्रेलिया | 13 |
| जैक हॉब्स, इंग्लैंड | 12 |
| स्टीव वॉ, ऑस्ट्रेलिया | 10 |
| वैली हैमंड, इंग्लैंड | 9 |

**37** वां टेस्ट शतक बनाया स्मिथ ने। वह अपना 123वां टेस्ट खेल रहे हैं, 5वां टेस्ट शतक लगाया SCG पर

**ब्रीफ स्कोर**

**इंग्लैंड (पहली पारी):** 384 **ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी):** 518/7* (ट्रेविस हेड 163, स्टीव स्मिथ 129*, ब्यू वेबस्टर 42*, ब्रायडन कार्स 3/108, बेन स्टोक्स 2/87)

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### होम ग्राउंड पर जलवा

स्टीव स्मिथ मौजूदा एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचते ही उन्होंने लय पकड़ ली। मंगलवार को अपनी शतकीय पारी के बाद उन्होंने कहा भी कि यहां उन्हें बैटिंग करने में आनंद आता है। अपनी शतकीय पारी के दौरान स्टीव स्मिथ (3682* रन) एशेज सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में महान् डॉन ब्रैडमैन (5028 रन) के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। स्मिथ सिडनी में अपना 13वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। यहां उन्होंने 20 पारियों में 72+ ऐवरेज से 1225* रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 50+ की 12 पारियां खेली हैं।

# कलमाडी के योगदान को खेल जगत ने किया याद



**1996** से लेकर 2011 तक भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रहे सुरेश कलमाडी। वह देश की सर्वोच्च खेल संस्था का लंबे समय तक अध्यक्ष बने रहने वाले व्यक्तियों में से एक बने

सुरेश कलमाडी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस मुश्किल समय में शक्ति प्रदान करे। - *अभिनव बिंद्रा, ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट शूटर*

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** देश के खेल जगत ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कलमाडी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और इसे भारत में ओलिंपिक आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति बताया। दो दशकों से अधिक समय तक भारतीय खेल प्रशासन में प्रभावशाली हस्ती रहे 81 वर्षीय कलमाडी का मंगलवार तड़के पुणे के एक अस्पताल में निधन हो गया। आईओए की वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा ने एक्स पर लिखा, 'आईओए अध्यक्ष के रूप में मैं पूर्व आईओए अध्यक्ष सुरेश कलमाडी जी के निधन से बहुत दुखी हूं। वह लगभग दो दशक तक एएफआई के अध्यक्ष भी रहे, जहां उन्होंने भारत में ऐथलेटिक्स के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति।'

मौजूदा खेल प्रशासकों ने इसे देश में ओलिंपिक्स आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति करार दिया

**भनोट ने बताया व्यक्तिगत क्षति:** भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के पूर्व सचिव और कलमाडी के लंबे समय तक सहयोगी रहे ललित भनोट ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि भारतीय खेलों के विकास में कांग्रेस के पूर्व सांसद की भूमिका महत्वपूर्ण रही। हमारे प्रिय मित्र और खेल जगत के दिग्गज के अचानक निधन की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है। भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वह लगभग दो दशकों तक एएफआई के अध्यक्ष रहे और उन्होंने खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए। वह एक समर्पित खेल प्रशासक थे जो भारतीय खेलों में कई बदलाव लाए।

कलमाडी के साथ काम कर चुके आईओए के पूर्व महासचिव राजीव मेहता ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। मेहता ने कहा, 'कलमाडी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनका निधन भारतीय खेल जगत और भारत में ओलिंपिक आंदोलन के लिए बहुत बड़ी क्षति है।' भारतीय तलवारबाजी संघ के वर्तमान महासचिव मेहता ने कहा, 'मैं उनके परिवार, सहकर्मियों और खेल जगत से जुड़े सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और इस मुश्किल समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। भारतीय खेलों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाए।'

### सबसे ताकतवर खेल प्रशासक के रूप में उभरे

कलमाडी ने एशियन ऐथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और वर्ल्ड ऐथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था आईएएएफ (अब वर्ल्ड एथलेटिक्स) की परिषद के सदस्य भी रहे, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सबसे शक्तिशाली खेल प्रशासकों में से एक बन गए। उनके कार्यकाल में भारत ने 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की जब निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने देश का पहला व्यक्तिगत ओलिंपिक्स गोल्ड मेडल जीता। नई दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# ISL 14 फरवरी से, सभी 14 क्लब खेलेंगे: मांडविया



अनिश्चितता खत्म
केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल में पिछले कुछ समय से चल रही अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक साझेदार नहीं मिलने के कारण स्थगित हुई इंडियन सुपर लीग (ISL) 14 फरवरी से शुरू होगी। लीग में सभी 14 क्लब हिस्सा लेंगे। मांडविया ने AIFF (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) और ISL क्लबों के बीच यहां स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) हेड क्वॉर्टर पर हुई बैठक के बाद बताया, 'इंडियन सुपर लीग 14 फरवरी से होगी जिसमें सभी क्लब भाग लेंगे। आज सरकार, AIFF और सभी क्लबों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। पिछले कुछ समय में भारतीय फुटबॉल को लेकर अदालती विवाद के कारण ISL के आयोजन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी जिस पर अब विराम लग गया।'

### मुस्ताफिजुर को नहीं मिलेगा मुआवजा!

**पीटीआई, कोलकाता:** बांग्लादेश के फास्ट बोलर मुस्ताफिजुर रहमान को KKR के साथ अपने कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त करने में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद किसी भी प्रकार का वित्तीय मुआवजा मिलने की संभावना नहीं है। KKR ने मुस्ताफिजुर को ऑक्शन में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। BCCI ने अपने इस फैसले का कोई विशेष कारण नहीं बताया और केवल इतना कहा कि 'चारों तरफ घट रहे घटनाक्रमों' के कारण यह जरूरी हो गया था।



मुस्ताफिजुर

# दिल्ली ने बनाई क्वॉर्टर फाइनल में जगह



श्रेयस अय्यर ने मुंबई की कप्तानी करते हुए हिमाचल के खिलाफ जड़ी फिफ्टी

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने रेलवे को अलूर में खेले गए एलीट ग्रुप-डी के मैच में छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने जीत की नींव रखी और टीम को छह मैचों में पांचवीं जीत दिलाई। टीम पर काबिज दिल्ली ने पांच साल में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। रेलवे को दिल्ली के आयुष बडोनी और नवदीप सैनी ने तीन-तीन विकेट लेकर 40.4 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली ने ओपनर प्रियांश आर्या की धमाकेदार पारी (41 बॉल में 80 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) से 21.4 ओवर में चार विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**श्रेयस की उम्दा वापसी:** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने चोट से लंबे समय बाद वापसी करते हुए विजय हजारे में शानदार आगाज किया। कप्तान श्रेयस ने जयपुर में ग्रुप-सी मैच में मुंबई के लिए हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध उम्दा अर्धशतकीय लगाकर टीम की जीत की इमारत तैयार की और मुंबई ने नॉक आउट में प्रवेश किया। मुंबई ने श्रेयस (82 रन, 53 बॉल, 10 फोर, 3 सिक्स) के अलावा ओपनर मुशीर खान (73 रन, 51 बॉल, 8 फोर, 3 सिक्स) की बदौलत खराब रोशनी के कारण ओवर्स कटौती के बीच 33 ओवर्स में 9 विकेट पर 299 रन बनाए। हिमाचल टीम 32.4 ओवर्स में 292 रन बनाकर लक्ष्य से थोड़ा दूर रही।

### हैदराबाद के अमन ने जड़ी डबल सेंचुरी

**राजकोट:** हैदराबाद के बल्लेबाज अमन राव ने ग्रुप-बी के मैच में बंगाल के खिलाफ नॉट आउट डबल सेंचुरी (109 गेंदों पर 200* रन, 12 फोर, 8 सिक्स) ठोकी जिससे हैदराबाद ने पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में बंगाल टीम 44.4 ओवर्स में 245 रन पर सिमट गई और हैदराबाद ने 107 रनों से मैच जीता। इक्कीस वर्षीय खिलाड़ी अमन को आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था।

# 16% बढ़ाई ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि



वीनस विलियम्स

टेनिस राउंड अप

**एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अगले 18 जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में यह रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। आयोजकों ने स्थानीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित की गई है। यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है।

**वीनस हारीं:** वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया, लेकिन अंत में ऑकलैंड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मैग्डा लिनेट से हार गईं। वर्ष 2026 में पहला सिंगल्स मैच खेल रहीं वीनस उम्दा प्रदर्शन के बावजूद मैच गंवा बैठीं।

### टाइगर्स और पाइपर्स के बीच खिताबी भिड़ंत

**एजेंसियां, रांची:** विमिंस हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में मंगलवार को एसजी पाइपर्स ने गोलकीपर बंसरी सोलंकी के शानदार सेव और बैकलाइन की मजबूती से शानदार डिफेंस दिखाते हुए रेगुलर टाइम में श्राची बंगाल टाइगर्स के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला। हालांकि, उन्हें 6-7 से सडन-डेथ शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ श्राची बंगाल टाइगर्स ने फाइनल में जगह बना ली। यह मैच पाइपर्स के लिए महज औपचारिकता थी। यह टीम पहले ही फाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी थी। अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में दोनों टीमें फिर टकराएंगी।





सडन डेथ में बंगाल जीती

### लक्ष्य दूसरे राउंड में, मालविका बाहर

**मलयेशिया ओपन बैडमिंटन**

**एजेंसियां, कुआलालंपुर:** लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को कड़े मुकाबले में हराकर मलयेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाकर नए सीजन की शानदार शुरुआत की। सेन ने तेह को 70 मिनट में 21-16, 15-21, 21-14 से हराया। मालविका बनसोड़ को विमिंस सिंगल्स में हालांकि पहले राउंड में थाईलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रत्चानोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।



लक्ष्य सेन

# एशले ने टीम इंडिया को सराहा



एशले गार्डनर

**एजेंसियां, मुंबई:** एशले गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया इस समय विमिंस क्रिकेट में बेस्ट टीम है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दशक में वनडे वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम को हराना काफी मुश्किल होगा। पिछले साल विमिंस वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारी ऑस्ट्रेलियन टीम का हिस्सा रही गार्डनर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की टीम के प्रदर्शन में जबर्दस्त सुधार आया है। विमिंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स के लिए खेलने जा रही गार्डनर ने कहा, 'भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलियन होने के नाते मैं इससे भयभीत हूं, लेकिन यहां खेल का तेजी से विकास देखकर अच्छा लग रहा है।'

क्रिकेट कनेक्ट

**दूसरे पर खिसकी दीप्ति**

**मुंबई:** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद आईसीसी विमिंस टी20 की नवीनतम रैंकिंग्स में बैटर्स की लिस्ट में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार हैं। दीप्ति शर्मा बोलर्स रैंकिंग्स में शीर्ष स्थान से दूसरे पर आ गई हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES (21 Mar - 19 Apr):** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन आने से आप कभी भी घबराते नहीं हैं, लेकिन आज शासन अथवा व्यवस्था की तरफ से कुछ ऐसे बदलाव आ रहे हैं जिसमें आपकी हिम्मत जवाब दे रही है। किसी प्रकार के कानूनी विवाद में आज के दिन फंसना ठीक नहीं। आप अपने व्यवहार से हालात को काबू में रख पाएंगे।

**TARUS (20 Apr - 19 May):** आप हमेशा ही दूसरों के भरोसे बैठकर अपने लिए भी कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं। किसी दूसरे की मेहनत पर स्वयं लाभ उठा लेना बहुत दिनों तक जारी नहीं रहेगा। एक न एक दिन आपको अपने लिए भी परिश्रम करना पड़ेगा। अगर अपनी आदतों में जल्द बदलाव नहीं लाएंगे, तो कष्ट हो सकते हैं।

**GEMINI (21 May - 21 Jun):** आज दिन के पहले हिस्से में थोड़े-बहुत धन लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा या बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों के साथ व्यतीत होने का हर्ष होगा।

**CANCER (22 Jun - 22 Jul):** आपको दूसरों की सहायता करना अच्छा लगता है और इसके लिए आप हमेशा तैयार भी रहते हैं। हो सकता है आज के दिन आपको किसी की मदद करने को मिले। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में हैं, जो आपके काम आ सकता है, तो बहुत अच्छी बात है। वैसे भी इन दिनों आपके लिए कई मौके निकल रहे हैं, जिनका फायदा उठाया जा सकता है।

**LEO (23 Jul - 22 Aug):** आपके प्रयास अब रंग ला रहे हैं। इसी तरह मेहनत करते रहेंगे तो जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेगी। आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अपने से छोटे कर्मचारियों के प्रति आपका व्यवहार उदारतापूर्ण होगा और उनकी सभी गलतियों को भी आप माफ कर देने में सक्षम रहेंगे।

**VIRGO (23 Aug - 22 Sep):** अपने मित्रों और परिजनों के खातिर आप कुछ ज्यादा ही चिंतित हो जाते हैं। अपने काम को छोड़कर भी आप दूसरों के साथ उनके फालतू समय में शरीक होकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर लेते हैं। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कार्यक्षेत्र में स्थिति आपके अनुकूल हो रही है।

**LIBRA (23 Sep - 22 Oct):** आपको अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कभी-कभी अपने बल पर भी किसी काम को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। हो सकता है सही समय पर काम की शुरुआत करने से आपकी व्यस्तता और तनाव अपने आप ही घट जाए। बेहतर होगा अगर आप अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। सायंकाल तक स्थिति में सुधार होगा।

**SCORPIO (23 Oct - 21 Nov):** आज कुछ भावनात्मक प्रसंग आपके सामने आएंगे। आपकी उदारता कहीं-कहीं पर आपके लिए ही भारी पड़ जाती है। बेहतर होगा अगर आज के दिन कोई भी फैसला भावनाओं से प्रभावित होकर न लें। निवेश के मामलों में जोखिम उठाने से पहले एक बार घर पर किसी से चर्चा कर लें।

**SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec):** काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक आसारों की प्राप्ति होगी और आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। इसके बाद यह भी एक अच्छा सौभाग्य होगा कि कहीं पर अटका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

**CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan):** आज आप कई प्रकार की उलझनों में व्यस्त रहेंगे। एक ओर अपने परिजन के लिए कोई उपहार खरीदने की जल्दबाजी रहेगी, तो दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रेशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी अपनी सूझबूझ ही काम आएगी।

**AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb):** अपनी मंजिल पर पहुंचकर भी आप अपने आपको बहुत पीछे महसूस करते हैं। पूरा फासला तय करने में अभी एक आखिरी दौड़ और लगानी है। अगर अभी आपके हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत कैसे होगी। सायंकाल का समय परिवार के साथ रिलैक्स करने में बिताएं।

**PISCES (19 Feb - 20 Mar):** काफी समय से आप किसी सत्य-महात्मा या दार्शनिक विचारों पर बहुत अच्छी तरह गौर कर रहे हैं। किसी काम के बिगड़ने की आपको चिंता नहीं होती बल्कि आप उलटा शांत और गंभीर नजर आते हैं। हो सकता है यह असर आपके ग्रहों के सकारात्मक बदलाव से हो रहा है। आज के दिन भी किसी जरूरतमंद की मदद कर सकें, तो शुभ होगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

मिथुन राशि का बृहस्पति और मीन का शनि आपके मूल अंक के स्वामी बन रहे हैं। इस वर्ष प्रतिशाली और साहसी दैहधारी प्रधान ग्रह बुध आपके वर्ष भर की सफलता ग्रह बनी है। इस ग्रह योग के चलते आपकी आगामी वर्ष उत्तम प्रभाव देने वाला सिद्ध होगा। जनवरी अंत तक कामकाज का अच्छा सिलसिला आपके लिए शुरू हो जाएगा। आयात-निर्यात के क्षेत्र में शामिल लोगों को लाभ होगा। इस वर्ष फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक आपका स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। इस दौरान अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें, अन्यथा अपने खानपान सेहत संबंधी कष्ट उत्पन्न होंगे। यह समय अप्रैल के अंत तक खत्म होगा। मई-जून के समय जहां आप यथोचित लाभ से लाभान्वित होंगे, वहीं वाहन या आवास सुख में भी पुनः वृद्धि होगी। जुलाई से लेकर अगस्त के महीने के अंत तक आजीविका के क्षेत्र में पदोन्नति कारक रह है। सितंबर-अक्टूबर का समय बहुत ही अनुकूल व्यतीत होगा, इसमें जोखिम उठाने से लाभ हो सकता है। नवंबर-दिसंबर महिलाओं के लिए दांपत्य जीवन में असंतुष्टि कारक रहेगा। जनवरी 2027 में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही वांछित सफलता प्राप्त हो जाएगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 8 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 19, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, षष्ठी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 25, रजब 18, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 8 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 6 बजकर 6 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र मध्याह्न 12 बजकर 24 मिनट तक उपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग सायंकाल 5 बजकर 26 मिनट तक उपरांत शोभन योग का आरंभ। चंद्रमा सायं 6 बजकर 39 मिनट तक सिंह उपरांत कन्या राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-गण्डमूल 11 बजकर 57 मिनट तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 7 | | | | 4 |
| 1 | 7 | | | | | 8 | 2 | |
| 2 | | | | 9 | 5 | | 1 | |
| | | 6 | 9 | 4 | | | | |
| | | | 6 | | 7 | | | |
| | | | | 2 | 3 | 7 | | |
| | 4 | | 5 | 3 | | | | 2 |
| | 5 | 2 | | | | | 9 | 3 |
| 9 | | | | 8 | | 6 | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बवाल बवाल | 13:30 भ से भाड़े |
| 10:00 बदतुझ बुझक्कड़ | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बवाल बवाल |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA masala mix
WEDNESDAY, JANUARY 7, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE



मोहित सूरी ने कहा है कि वह आदित्य रॉय कपूर के साथ कोई फिल्म नहीं कर रहे



@nawazuddin._siddiqui

नवाजुद्दीन सिद्दीकी

# 'मुझे अपनी औकात से ज्यादा मिला है'

उपमा सिंह

नवाजुद्दीन सिद्दीकी का कहना है कि बतौर अभिनेता उन्हें आज न तो कोई इनसिक्योरिटी है और न ही कोई डर सताता है। वह यह भी कहते हैं कि ऐक्टिंग में अच्छा खासा अनुभव होने के बावजूद वह हर फिल्म में खुद को जीरो मानकर काम करते हैं। जब एक खास बातचीत में हमने उनसे पूछा कि बतौर अभिनेता आपको कोई इनसिक्योरिटी या डर सताता है? तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे कोई इनसिक्योरिटी या डर नहीं है। मुझे तो मेरी औकात से ज्यादा चीजें ही मिली हैं। मुझे कई ऐसी फिल्में मिली हैं, जिस पर आप गर्व कर सकें और एक ऐक्टर को अगर इस तरह की चीजें मिलती रहें तो फिर उसके अंदर शिकायत नहीं रहनी चाहिए।

## 'ज़ीरो मानकर काम करता हूं'

नवाज यह भी कहते हैं कि वह हर फिल्म में खुद को जीरो मानकर नई शुरुआत करते हैं। वह कहते हैं, 'अनुभव को माथे पर लेकर तो नहीं चल सकते ना। बेशक आपका एक्सपीरियंस कहीं न कहीं दिमाग में होता है, पर यह सोचकर सेट पर गए कि मैं जानता हूं तो बहुत गड़बड़ हो जाएगी। सेट पर यह सोचकर जाना बहुत जरूरी होता है कि मैं कुछ नहीं जानता हूं। वहां ब्लैंक होना जरूरी है, तभी आपका डायरेक्टर, उस सेट का माहौल आपके दिमाग पर नया कुछ लिखेगा। जैसे मान लीजिए कि मैं क्रिकेटर होता और पहले मैच में सेंचुरी मार देता। फिर दूसरे मैच में इस हैंगओवर में जाऊं कि पहले में तो मैंने सेंचुरी मारी है तो कैसे चलेगा। एक-एक बॉल पर खेलना होता है, तब सेंचुरी बनती है। ऐसे ही सिनेमा में है। हर फिल्म में नया होना पड़ता है।'

> मुझे कई ऐसी फिल्में मिली हैं, जिस पर आप गर्व कर सकें। एक ऐक्टर को अगर इस तरह की चीजें मिलती रहें तो फिर उसके अंदर शिकायत नहीं रहनी चाहिए।



@deepikapadukone

# जल्द रोमांटिक कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं दीपिका पादुकोण

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने अपने फैंस से रोमांटिक-कॉमिडी जॉनर फिल्मों पर बात की। दरअसल उनसे पूछा गया था कि वह कब किसी रोमांटिक कॉमिडी जॉनर में काम करेंगी? दीपिका ने इसके जवाब में कहा, 'मैं उम्मीद करती हूं कि जल्द ही ऐसा हो क्योंकि आप सभी को पता है कि यह मेरा फेवरिट जॉनर है, दर्शक के तौर पर भी और ऐक्टर के तौर पर भी।' हालांकि उन्होंने मौजूदा दौर को लेकर अपनी चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि जो माहौल चल रहा है, उसमें दर्शक कुछ और देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप सभी लोग रॉम-कॉम देखना चाहते हैं तो जाहिर है कि बहुत सारे लोग रॉम-कॉम देखना चाहते होंगे।'

इस जवाब के बाद जब ऑडियंस ने रणबीर कपूर-रितिक रोशन के नाम का चीयर किया तो उन्होंने कहा कि हम इस बारे में बात कर चुके हैं। ऐसे में जब होस्ट ने दीपिका के साथ रॉम-कॉम में रणवीर सिंह का नाम लिया तो ऑडियंस ने सबसे ज्यादा चीयर किया। दीपिका ने रॉम-कॉम फिल्मों पर कहा, मैं और मेरी टीम लगातार लव स्टोरी और रॉम-कॉम जैसी स्क्रिप्ट्स तलाशते रहते हैं, लेकिन इस वक्त बहुत कम प्रोड्यूसर इसे सपोर्ट कर रहे हैं।'



## Buzzstop

### धोखाधड़ी केस में विक्रम भट्ट को जमानत नहीं



**विक्रम भट्ट** और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट की जमानत याचिका राजस्थान हाई कोर्ट ने रद्द कर दी है। करीब 40 करोड़ की धोखाधड़ी केस में कोर्ट ने कहा कि आरोप सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट विवाद नहीं, उससे गंभीर हैं।

# अपने सफर के लिए खुद को शाबाशी देनी है: प्रियंका चोपड़ा



साल 2026 का रेजोल्यूशन प्रियंका चोपड़ा ने एक विडियो में बताया है। उन्होंने कहा, 'अब मैं खुद के प्रति थोड़ा और दयालु होना चाहती हूं और अब तक के सफर के लिए खुद को शाबाशी देना जरूरी है।' नए साल पर अपने विचार साझा करते हुए प्रियंका ने कहा, 'जिंदगी में आगे बढ़ते रहना और धैर्य बनाए रखना सबसे अहम है।' उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया जिसमें वह समुद्र तट पर टहलते हुए सूर्यास्त का आनंद लेती नजर आईं। विडियो में वह कह रही हैं, '2026 मुझे अब भी भविष्य जैसा लगता है, लेकिन मैं इसके लिए बेहद शुक्रगुजार हूं। बहुत तेज रफ्तार से लंबे वक्त तक दौड़ते रहने पर इंसान खुद को शाबाशी देना भूल जाता है, इसलिए अब मैं खुद के प्रति आभार महसूस कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा, 'टनल के उस पार हमेशा रोशनी होती है, बस आगे बढ़ते रहना जरूरी है।' विडियो के अंत में उन्होंने डूबते सूरज की झलक भी दिखाई।

DPauls.com it's all about holidays
FAR EAST GETAWAY
Thoughtfully Planned, Perfectly Delivered
Scan Now to View Catalogue



DPAULS ADVANTAGES: Discover offers designed to match your requirements.
Early Booking Offer: Book 6 Weeks in Advance: • Additional Discount of ₹2,000/-person. • Add on Bonus
Upgrade Offer: Book the Superior Category & Enjoy a flat Discount UpTo ₹5,000/- per person.
Kids Special: Get an Additional UpTo ₹4,500/- off per Child (valid for children up to 12 years).
Family Special: Travelling as a family? Book for a minimum of 4 travellers and receive a Discount UpTo ₹5,000/- per person.
DPauls Advantages apply as per the selected package. Offers may vary across packages or change without prior notice. For detailed offers, please scan the QR code above to download the brochure or contact our sales representative.

BANGKOK & PATTAYA 4Nts + 1Nt FREE Standard ₹30,999/- Airfare, 3Nts Pattaya, 2Nts Bangkok, Breakfast, Coral Island Tour, Transfers & GST. Pay Just ₹4,999/- & Get Value Pack worth ₹10,000/- Art in Paradise, Khao Chi Chan Buddha, Sriracha Tiger Zoo with Lunch, Pattaya Peak Pratumnak Hill View Point, Alcazar Show with Dinner.
KUALA LUMPUR Standard ₹36,999/- Superior ₹42,999/- Airfare, 5Nts Kuala Lumpur, Breakfast, Kuala Lumpur City Tour, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get 1 Dinner FREE at Kuala Lumpur.
BALI Standard ₹58,999/- Superior ₹66,999/- Airfare, 5Nts Bali, Breakfast, Half Day Water Sports Activity, Half Day Tanah Lot Temple Tour, Ubud Tour, My Swing, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • FREE Car on Disposal for Club Entry • Get 1 Dinner FREE
SINGAPORE Standard ₹61,999/- Superior ₹69,999/- Airfare, 3Nts Singapore, Breakfast, Gardens by the Bay Tour with Dinner, Singapore City Tour, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- Get Additional Discount of ₹4,000/-
KUALA LUMPUR & LANGKAWI Standard ₹66,999/- Superior ₹77,999/- Airfare, 3Nts Langkawi, 2Nts Kuala Lumpur, Breakfast & Dinner, KL Night Tour with KL Tower, Genting Highlands Tour with Cable Car, SkyWorlds Ticket, Batu Caves, Langkawi City Tour, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Langkawi Underwater World Ticket FREE worth ₹2,000/-
SINGAPORE, BANGKOK & PATTAYA Standard ₹92,999/- Superior ₹1,09,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 4Nts Pattaya 2Nts Bangkok, Breakfast, Singapore City Tour, Gardens By the Bay Tour with Dinner, Bangkok City Tour, Pattaya Coral Island Tour with Lunch, Alcazar Show with Dinner, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • 1 Dinner at Pattaya FREE
SINGAPORE & PHUKET Standard ₹99,999/- Superior ₹1,12,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 3Nts Phuket, Breakfast, Singapore City Tour, Gardens by the Bay Tour with Dinner, Phuket City Tour, Phi Phi Island Tour with Lunch, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • Phuket Dolphin Show FREE • 1 Dinner at Phuket FREE
SINGAPORE & BALI Standard ₹97,999/- Superior ₹1,12,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 4Nts Bali, Breakfast, Singapore City Tour, Gardens by the Bay Tour with Dinner, Full-Day Tanah Lot Temple Tour, Uluwatu Sunset Tour, Kecak Dance with Dinner, Kintamani Volcano Tour with Ubud Village - Mount Batur Viewing Only, Tegenungan Waterfall, Bali Swing with Dinner, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • Car At Disposal - 8Hrs. FREE • 1 Dinner at Bali FREE
SINGAPORE & MALAYSIA Standard ₹1,04,999/- Superior ₹1,15,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 2Nts Kuala Lumpur, 1Nt Genting Highlands, Breakfast & Dinner, KL Night Tour with KL Tower, KL City Tour, Genting Highlands SkyWorlds, Cable Car, Batu Caves, Singapore City Tour, Sentosa Island Tour with Cable Car, Wings of Time, Oceanarium, Albatross Speedboat Adventure, SkyHelix Sentosa, Gardens by the Bay - Supertree Grove, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • Get KL Bird Park Tour FREE
SINGAPORE, MALAYSIA & CRUISE Standard ₹1,18,999/- Superior ₹1,28,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 2Nts Dream Cruise, 2 Nts Kuala Lumpur, 1 Nt Genting Highlands, Breakfast & Dinner, KL Night Tour with KL Tower, KL City Tour, Genting Highlands SkyWorlds, Cable Car, Batu Caves, Singapore City Tour, Sentosa Island Tour with Cable Car, Wings of Time, Oceanarium, Albatross Speedboat Adventure, SkyHelix Sentosa, Gardens by the Bay - Supertree Grove, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • KL Bird Park Tour FREE
SINGAPORE, MALAYSIA, BANGKOK & PATTAYA Standard ₹1,47,999/- Superior ₹1,65,999/- Airfare, 3Nts Singapore, 2Nts Kuala Lumpur, 1Nt Genting Highlands, 2Nts Bangkok, 3Nts Pattaya, Breakfast & Dinner, KL Night Tour with KL Tower, KL City Tour, Genting Highlands SkyWorlds, Cable Car, Batu Caves, Singapore City Tour, Sentosa Island Tour with Cable Car, Wings of Time, Oceanarium, Albatross Speedboat Adventure, SkyHelix Sentosa, Gardens by the Bay - Supertree Grove, Bangkok City Tour, Coral Island Tour with Lunch, Alcazar Show with Dinner, Nongnooch Village with Lunch, Chaophraya Dinner Cruise, Safari World + Marine Park with Lunch, Singapore Visa, Transfers & GST. Early Booking Bonus: • Get Singapore Flyer FREE worth ₹3,000/- • KL Bird Park Tour FREE • 1 Dinner at Pattaya FREE • 1 Dinner at Bangkok FREE

EUROPE & UNITED KINGDOM
ADVANCE PURCHASE OFFER CLOSING SOON
BOOK NOW with ₹5,000/- & GET DISCOUNT UP TO ₹37,000/-
Scan Now View All Europe Packages
Spain Value Pack worth ₹14,999 in just ₹9,999: •River Cruise at Seville •Lisbon Tram Ride •Flamenco Show •Montserrat Rail Tour
London Value Pack worth ₹19,999 in just ₹12,999: • London Eye • Visit Tower of London • Madam Tussauds • 1 Dinner
Euro Value Pack worth ₹39,999 in just ₹29,999: • Mt. Jungfrau Tour with Interlaken • Mt. Titlis Tour with Ice Flyer & Lucerne Tour • Paris Illumination Tour
OPTIONAL TOUR: • Euro Disneyland Paris Tour Option Available • Experience High Speed Train Option Available

NETHERLANDS, FRANCE, SWISS & BELGIUM 7 Nts SUPERIOR ~~₹2,09,999/-~~ ₹1,82,999/- Airfare, 2Nts Amsterdam, 2Nts Paris, 3Nts Zurich, Breakfast, Dinner, Paris City Tour with Eiffel Tower & Seine River Cruise, Orientation Tour of Zurich & Amsterdam with Canal Cruise, Visit Windmills & Zaanse Schans Village, Brussels Orientation Tour, VFS Charges, Transfers, Tip & GST.
SPAIN & PORTUGAL 9 Nts + 1 Nt FREE SUPERIOR ~~₹2,34,999/-~~ ₹1,97,999/- Airfare, 2Nts Malaga, 1Nt Seville, 2Nts Lisbon, 1Nt Porto, 2Nts Madrid, 2Nts Barcelona, Breakfast & Dinners, Guided Tour of Malaga, Seville, Lisbon, Porto, Madrid, Barcelona, Excursion Tour of Granada, Toledo, Sintra & Cascais, Visit The Benagil Cave, Orientation Tour of Zargoza, VFS Charges, Transfers, Tip & GST.
AUSTRIA, HUNGARY, CZECH REPUBLIC, CROATIA & SLOVENIA 10 Nts SUPERIOR ~~₹2,34,999/-~~ ₹1,97,999/- Airfare, 2Nts Vienna, 1Nt Budapest, 2Nts Prague, 1Nt Salzburg, 1Nt Ljubljana, 2Nts Split, 1Nt Zagreb, Breakfast, Dinner, City Tour of Prague, Vienna with Entrance to Schonbrunn Palace, Budapest with River Cruise, Ljubljana, Split with Entrance to Diocletian's Palace, Orientation Tour of Bled with Pletna Boat Ride, Bratislava, Salzburg, Zagreb, Excursion to Cesky Krumlov, Visit Plitvice National Park, VFS Charges, Tip & GST.
FRANCE, SWISS, ITALY & VATICAN CITY 9 Nts SUPERIOR ~~₹2,29,999/-~~ ₹2,02,999/- Airfare, 3Nts Paris, 3Nts Zurich, 1Nt Venice, 1Nt Rome, 1Nt Pisa, Breakfast, Dinner, Paris City Tour with Eiffel Tower & Seine River Cruise, Orientation Tour of Zurich, Venice Island Tour, Excursion to Pisa, Rome City Tour, Visit Vatican City, VFS Charges, Transfers, Tip & GST.
Euro Disneyland Paris Tour: ₹15,999/-
NORWAY, DENMARK, SWEDEN & FINLAND 9 Nts SUPERIOR ~~₹2,69,999/-~~ ₹2,32,999/- Airfare, 2Nts Copenhagen, 1 Overnight on Cruise Ferry, 1Nt Bergen, 1Nt Geilo, 1Nt Oslo, 2Nts Stockholm, 1Nt Helsinki, Breakfast & Dinner, Flam Rail Tour, One Way Fjord Trip from Flam to Gudvangen, Guided City Tour of Copenhagen, Oslo, Stockholm, Helsinki, Orientation Tour, Floibanen Funicular, Stockholm with Royal Palace, Myrdal, Bergen, Oslo with City Hall, One Way Cruise to Drottningholm with view of Drottningholm Palace, Visit Bergenhus Castle, Transfers, VFS Charges, Tip & GST.
ENGLAND, SCOTLAND & IRELAND 9 Nts SUPERIOR ~~₹2,79,999/-~~ ₹2,42,999/- Airfare, 3 Nts London, 1 Nt Lake District, 2 Nts Scotland, 1 Nt Belfast, 2 Nts Dublin, Breakfast & Dinner, Full Day London Tour with The Change of Guard at Buckingham Palace, Guided Tour of Edinburgh, Visit Edinburgh Castle, Glasgow Orientation Tour, Glasgow Cathedral, Giant Causeway, Belfast Orientation Tour, Dublin Orientation Tour, Ferry from Scotland - Ireland UK Visa, Tip & GST.
LONDON, NETHERLANDS, SWISS & FRANCE, BELGIUM & VATICAN CITY 10 Nts SUPERIOR ~~₹2,89,999/-~~ ₹2,52,999/- Airfare, 3 Nts London, 2 Nts Amsterdam, 2 Nts Paris, 3 Nts Zurich, Breakfast, Dinner, Full Day London Tour with The Change of Guard at Buckingham Palace, Visit Windmills & Zaanse Schans Village, Guided Paris City Tour with Eiffel Tower & Seine River Cruise, Orientation Tour of Brussels, Zurich & Amsterdam with Canal Cruise, Transfers, VFS Charges, UK Visa, Tips & GST.
LONDON, NETHERLANDS, SWISS & FRANCE, ITALY, BELGIUM & VATICAN CITY 13 Nts SUPERIOR ~~₹3,19,999/-~~ ₹2,82,999/- Airfare, 3Nts London, 2Nts Amsterdam, 2Nts Paris, 3Nts Zurich, 1Nt Venice, 1Nt Pisa, 1Nt Rome, Breakfast & Dinner, Full Day London Tour with The Change of Guard at Buckingham Palace, Visit Windmills & Zaanse Schans Village, Orientation Tour of Amsterdam with Canal Cruise & Brussels, Paris City Tour with Eiffel Tower 2nd Level & Seine River Cruise, Orientation Tour of Zurich, Venice Island Tour, Excursion to Pisa, Guided Rome City Tour + Visit Vatican City, UK Visa, VFS Charges, Tip & GST. Travel Valid: April-June 2026

EXPLORE JAPAN & SOUTH KOREA 10Nts
BOOK WITH ₹5,000* & GET DISCOUNT UPTO ₹27,000/-
Travel in Jan-Feb & May-Jun 2026 Superior ~~₹2,62,999/~~ ₹2,39,999/- Travel in Mar & Apr 2026 Superior ~~₹2,99,999/~~ ₹2,72,999/-
Airfare, 2Nts Seoul, 1Nt Busan, 3 Nts Osaka, 1 Nt Hiroshima, 3 Nts Tokyo, Breakfast & 9 Dinners, Full Day Tokyo City Tour, Tokyo Skytree & teamLab, Mt. Fuji Trip Till 5th Station, Hakone Sightseeing, Lake Ashi Cruise & Owakudani Ropeway, Hiroshima City Tour with visit to Atomic Bomb Dome and Museum & Ferry to Itsukushima and Torii, Shibuya Crossing, Bullet Train Journey (Hiroshima to Tokyo), Full Day Trip To Nara And Kyoto, Visit Todaiji Temple, Visit Kinkakuji Golden Pavilion, Visit Haeundae Beach, Visit Haedong Yonggungsa & Songdo Skywalk or Cheongsapo Daritdol Skywalk, Seoul City Tour, DMZ zone tour at South and North Korea Border, Transfers, Visa, Tip & GST.
SOUTH AFRICA 8 Nts Superior ~~₹2,49,999/~~ ₹2,29,999/- Airfare, 3 Nts Cape Town, 3 Nts Mossel Bay, 1 Nt Sun City, 1 Nt Johannesburg, Breakfast & Dinner, City Tour of Cape Town including Table Mountain Tour, Full Day Cape Peninsula Tour including Seal Island Boat Trip, Cape of Good Hope, Funicular Ride & Boulders Beach, 7 minutes Heli ride at Mossel bay, Cellar Tour with Wine Tasting experience at Groot Constantia vineyard, Oudtshoorn tour with cango wildlife Ranch and Safari ostrich farm - Tractor Tour, Morning Game Drive (Safari) at Pilanesberg National Park, Transfers, Visa & GST. Travel Valid till Jun 2026
NO HIDDEN COST ALL ABOVE MENTIONED INTERNATIONAL PACKAGES INCLUDE: AIRFARE, STAY, BREAKFAST, TRANSFERS & GST.
DPauls.com it's all about holidays | B-39 & B-40, Shivalik, Malviya Nagar, New Delhi - 110017 | Mail us: info@dpauls.com | Visit: www.dpauls.com | 011 66 777 555 09212 647 120
*TCS extra shall be applicable on international package cost. Surcharge extra on selected dates. Discount being offered shall be adjusted at the time of final payment from the total amount of the package being booked by you. *Offers valid for limited period, limited seats and are subject to change without prior notice. All rates on twin share per person basis else specified. **Outbound package tour cost (excluding airfare) is payable in convertible foreign exchange as per RBI/GOI rules. Forex rate difference will be adjusted at final payment.* T&C Apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-07-2026 00:03 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## जब मिला मॉडर्न फाउंटेन Pen का पेटेंट

आज ही के दिन 1890 में विलियम बी. पुरविस (William B. Purvis) ने US में आधुनिक फाउंटेन Pen के डिजाइन में क्रांतिकारी सुधार का पेटेंट हासिल किया था। इससे पहले कलम को बार-बार स्याही में डुबोना पड़ता था, लेकिन पुरविस के 'सेल्फ-फिलिंग' और किफायती मॉडल ने लेखन को सरल बना दिया। सदियों पुराने पंख और नरकट (एक तरह का पेड़) की कलमों के बाद, यह एक बड़ी उपलब्धि थी।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली | बुधवार, 7 जनवरी 2026

## भविष्य में Pen खुद सुधारेंगे गलतियां

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में Pen बहुत ही स्मार्ट हो जाएंगे। ये सिर्फ लिखने के नहीं, सोच को रेकॉर्ड करने वाले टूल होंगे। Pen में AI होगा, जो गलतियां खुद ठीक करेगा। दूसरी भाषा में ट्रांसलेट भी कर सकेगा। स्याही की जगह नैनो-इंक या लेजर होगी, जो कभी खत्म नहीं होगी। हवा में लिखने पर भी शब्द स्क्रीन पर दिखेंगे। पढ़ाई, काम और साइन सब आसान होंगे। Pen काफी अडवांस होंगे, लेकिन डेटा चोरी और प्राइवेसी की चिंता भी रहेगी।



AI Images

SPEED News

### इंडोनेशिया के नॉर्थ सुलावेसी प्रांत में भारी



AFP

बारिश के कारण आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज बारिश से नदियों के तटबंध टूट गए।



File

### चीन ने जापान को ऐसे सामानों के एक्सपोर्ट

पर बैन लगा दिया जो सैन्य उद्देश्यों के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। दोनों देशों के बीच ताइवान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है।

### ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता



File

ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। बताया गया है कि 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थी।



File

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मुस्लिम पुरुषों

के एक ग्रुप ने एक चर्च पर हमला किया, उसे तहस-नहस कर दिया और बाइबल का अपमान किया।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी



### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 लाइट टैंक जोरावर को किस संस्था ने विकसित किया है?
A) HAL B) DRDO C) BEL

2 उत्तर प्रदेश में SIR के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में कितने मतदाता शामिल हैं?
A) 10.50 करोड़ B) 11.55 करोड़ C) 12.55 करोड़

3 डेनमार्क की प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
A) मेटे फ्रेडरिकसेन B) एंजेला मर्केल C) क्लॉडिया शीनबाम

4 भारत, EU के बीच अब तक FTA पर कितने दौर की वार्ता हो चुकी है?
A) 10 दौर B) 12 दौर C) 14 दौर

5 NHAI के आकलन में देशभर में कितने स्थानों पर मोबाइल नेटवर्क बेहद खराब या नदारद पाया गया?
A) 250 स्थान B) 424 स्थान C) 600 स्थान

**कल के जवाब**

A1 A. चीन A2 C. समुद्र प्रताप A3 C. ग्रीनलैंड A4 C. बांग्लादेश A5 B. आंग सान सू की

**लकी विनर्स**



1. किश्की राठौड़, नई दिल्ली
2. आशीष शर्मा, मुजफ्फरनगर
3. राजेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप की धमकी के खिलाफ 7 यूरोपीय देश

## डेनमार्क ने चेताया, अमेरिकी कब्ज़ा नाटो के अंत जैसा होगा

■ एपी/एएफपी, बर्लिन/न्यू यॉर्क

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे के प्रस्ताव पर यूरोपीय नेताओं ने मंगलवार को विरोध जताया। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम के नेताओं ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन (Mette Frederiksen) के साथ मिलकर कहा कि ग्रीनलैंड अपने लोगों का है और वहां के मामलों पर केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड का अधिकार है।

ग्रीनलैंड डेनमार्क का स्व-शासित क्षेत्र है और नाटो के सदस्य राष्ट्रों में शामिल है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि चीन और रूस की बढ़ती गतिविधियों के बीच नाटो क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। व्हाइट हाउस के उप प्रमुख स्टीफन मिलर ने कहा कि राष्ट्रपति कई महीनों से स्पष्ट कर चुके हैं कि ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा ढांचे का हिस्सा होना चाहिए।

> मिलकर कहा, ग्रीनलैंड सिर्फ अपने लोगों का है

हालांकि, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने चेताया कि अमेरिकी कब्जा नाटो का अंत हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका किसी अन्य नाटो देश पर सैन्य हमला करता है, तो सब रुक जाता है, यानी हमारी सुरक्षा व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी है।

इससे पहले वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने ड्रग तस्करी समेत अन्य आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। न्यू यॉर्क की एक संघीय अदालत में पेशी के दौरान मादुरो ने कहा कि वह अब भी वेनेजुएला के राष्ट्रपति हैं और उन्हें अमेरिकी सेना ने अगवा किया है। मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस ने भी सभी आरोपों से इनकार किया।





AFP

वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता का मत बंटा। AP-NORC सर्वे के अनुसार, अधिकांश नागरिक चाहते हैं कि सरकार 2026 में घरेलू मुद्दों-स्वास्थ्य, महंगाई और अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे।

ट्रंप को नोबेल देने की बात कही

## विपक्षी नेता मचाडो ने जल्द देश लौटने का किया वादा

■ एएफपी, वॉशिंगटन: वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो (Mara Corina Machado) ने सोमवार को कहा कि वह जितनी जल्दी संभव हो सके अपने देश लौटेंगी और उन्होंने निकोलस मादुरो के बाद बने अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी डेल्सी रोड्रिगेज (Delcy Rodrguez) की वैधता को खारिज किया। मचाडो ने एक इंटरव्यू में कहा कि मैं वेनेजुएला जल्द लौटने की योजना बना रही हूं। वेनेजुएला के लोग रोड्रिगेज को स्वीकार नहीं करते और जनता विपक्ष के साथ है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में हम 90% से अधिक वोटों से जीतेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं। मचाडो ने



File

यह भी वादा किया कि वह वेनेजुएला को अमेरिका का ऊर्जा हब बनाएंगी और देश में मौजूद सभी आपराधिक संरचनाओं को समाप्त करेंगी। इंटरव्यू में मचाडो ने अपने नोबेल पुरस्कार को ट्रंप को देने की पेशकश भी की।

## 'US को रोकने के लिए वैश्विक एकता ज़रूरी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा (Juan Carlos Marsan Aguilera) ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की कड़ी निंदा की। इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि किसी संप्रभु देश के खिलाफ इस तरह की एकतरफा सैन्य कार्रवाई पूरी दुनिया के लिए खतरनाक संदेश है। कोई भी देश अकेले अमेरिका को ऐसे कदम उठाने से नहीं रोक सकता। भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होकर अमेरिका का सामना करने की अपील की।

> क्यूबा ने कहा, कोई देश अकेला US को नहीं रोक सकता

17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट में दावा

# सोशल मीडिया आलोचना बनी जानलेवा, हादी मर्डर में खुलासा

■ पीटीआई, ढाका/नई दिल्ली

**बांग्लादेश पुलिस** ने मंगलवार को पुष्टि की कि छात्र नेता शरिफ उस्मान हादी की हत्या 'राजनीतिक प्रतिशोध' में की गई थी। इस मामले में 17 लोगों के खिलाफ औपचारिक चार्जशीट दाखिल की गई है। पुलिस के अनुसार, हादी ने सार्वजनिक रैलियों और सोशल मीडिया पर अब बैन हो चुकी अवामी लीग और इसके छात्र संगठन की पिछली गतिविधियों की तीव्र आलोचना की थी।

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (DMP) की डिटेक्टिव ब्रांच के एडिशनल कमिश्नर मोहम्मद शफीकुल इस्लाम ने कहा कि हादी के बेबाक बयानों ने छात्र लीग और उससे जुड़े समूहों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नाराज कर दिया। जांच में यह पाया गया कि हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के चलते की गई।

> पुलिस का दावा- अवामी लीग, छात्र संगठन से जुड़े थे आरोपी

इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी जुलाई-अगस्त 2024 में हुए बड़े पैमाने के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान राष्ट्रीय पहचान बना चुके थे। ये प्रदर्शन हसीना नेतृत्व वाली सरकार के पतन का कारण बने थे। हादी को 12 दिसंबर को ढाका में चुनावी अभियान के दौरान सिर में गोली लगी। उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद का सीधा संबंध छात्र लीग से था। दूसरा आरोपी तैजुल इस्लाम चौधरी बप्पी, जिसने मसूद और अन्य मुख्य आरोपी आलमगीर शेख को हत्या के बाद फरार कराने में मदद की, वह पलाबी थाना छात्र लीग का अध्यक्ष और अवामी लीग द्वारा नामांकित वार्ड पार्षद था। मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



File

सुरक्षा और हिंदुत्व पर उठाए सवाल

## हिंदुओं पर हिंसा के मुद्दे पर टीएमसी ने बीजेपी को घेरा

HemwatiRajaura1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और दीपू चंद्र दास और खोकोन दास की मौत के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस मुद्दे पर आक्रामक राजनीतिक रुख अपना लिया है। पार्टी इसे सिर्फ सीमापारी हिंसा का मामला मानने के बजाय केंद्र सरकार की विदेश नीति, बीजेपी के हिंदुत्व दावों और उसके नेताओं के बयानों से जोड़कर एक व्यापक राजनीतिक नैरेटिव गढ़ने में जुटी है।

> कहा, केंद्र की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आई

पार्टी का आरोप है कि बांग्लादेश में हिंसा के बावजूद केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस डिप्लोमैटिक पहल या सार्वजनिक दबाव नजर नहीं आया। टीएमसी सवाल उठा रही है कि शुभेंदु अधिकारी जैसे वरिष्ठ नेता बांग्लादेश की यूनुस सरकार की प्रशंसा कैसे कर सकते हैं और पार्टी नेतृत्व इस पर खामोश क्यों है। बीजेपी के अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के बयान को टीएमसी बंगाली पहचान और मतुआ समुदाय के मताधिकार पर संभावित खतरे के रूप में प्रचारित कर रही है।

## वर्क परमिट रद्द करने की मांग

■ पीटीआई, ढाका/नई दिल्ली: छात्र नेता हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर ढाका में उनकी पार्टी 'इंकलाब मंच' ने रैली की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों के वर्क परमिट रद्द करने सहित कई मांगें उठाईं, जिससे भारत-बांग्लादेश संबंधों को लेकर भी तनाव की स्थिति बनी। मांगों में उन कथित हत्यारों की वापसी की मांग भी की है, जिनके बारे में पार्टी का दावा है कि उन्होंने भारत में शरण ली है।

# हाइवे पर नेटवर्क संकट, NHAI ने उठाया मुद्दा





AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**नैशनल हाइवे** पर मोबाइल नेटवर्क की कमजोर स्थिति को लेकर नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने दूरसंचार विभाग (DoT) और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) से हस्तक्षेप की मांग की है। एनएचएआई ने मंगलवार को बताया कि उसने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल कनेक्टिविटी सुधारने के लिए दोनों संस्थानों को औपचारिक रूप से पत्र लिखा है।

एनएचएआई द्वारा किए गए व्यापक आकलन में देशभर के नैशनल हाइवे नेटवर्क पर 424 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता बेहद खराब या पूरी तरह नदारद है। ये प्रभावित हिस्से लगभग 1,750 किलोमीटर में फैले हुए हैं। खासतौर पर ग्रीनफील्ड और दूरदराज के हाइवे सेक्शनों में नेटवर्क की समस्या अधिक गंभीर पाई गई है।

**आपात सेवाओं में दिक्कत**

एनएचएआई के अनुसार, नैशनल हाइवे का बड़ा हिस्सा ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां भरोसेमंद मोबाइल नेटवर्क न होने से हाइवे संचालन, आपातकालीन सेवाओं और तकनीक आधारित सार्वजनिक सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रभावित सभी स्थानों का विस्तृत विवरण DoT और TRAI को सौंपा गया है।

# ईरानः भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर पैरंट्स चिंतित

## विरोध प्रदर्शनों के कारण भारतीय छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित, एंबेसी अलर्ट

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। सर्वोच्च नेता खामेनेई की अगुआई वाली सरकार के खिलाफ कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। भारत सरकार ने इसके मद्देनजर ईरान के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और भारतीय नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीयों को भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने को कहा गया है। देश में करीब 3,000 भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 2,000 जम्मू-कश्मीर से हैं। छात्रों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है। ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स असोसिएशन ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा सुनिश्चित करने और आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने सक्रिय हेल्पलाइन और 24 घंटे खुले कम्युनिकेशन चैनल्स की भी मांग की है, ताकि छात्रों को हालात में किसी तरह की परेशानी न हो।

> ईरान के विदेश मंत्री इसी महीने भारत आएंगे





File

ईरान में खराब आर्थिक स्थिति के खिलाफ प्रदर्शन जारी है।

मदद मांगी

### पीएम को लिखा लेटर

छात्रों के मुद्दे को उठाते हुए जम्मू एंड कश्मीर स्टूडेंट्स असोसिएशन (JAKSA) ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि ईरान में रह रहे भारतीय छात्र स्थानीय होटलों, यूनिवर्सिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और अन्य जरूरी सेवाओं पर निर्भर हैं, जो मौजूदा प्रदर्शनों के चलते प्रभावित हो सकती हैं। संगठन ने अपील की है कि हालात बिगड़ने की स्थिति में छात्रों के लिए एक स्पष्ट निकासी प्लान तैयार रखा जाए।

### ऑनलाइन हो रही पढ़ाई

ईरान में कई जगह पढ़ाई फिलहाल ऑनलाइन चल रही है। फैजान बताते हैं कि प्रदर्शनों के चलते अस्थिरता जरूर है और बाजार अक्सर बंद रहते हैं, लेकिन हालात नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। भारतीय दूतावास विश्वविद्यालयों के साथ लगातार संपर्क में है और फिलहाल छात्र सुरक्षित हैं। फैजान का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं है और उम्मीद है कि प्रदर्शन थमने के बाद कक्षाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू हो जाएंगी।

1200 हिरासत में

### विरोध प्रदर्शन हिंसक, अब तक 35 मौतें

■ एपी, दुबई: ईरान में खराब आर्थिक स्थिति और राजनीतिक दमन के खिलाफ एक हफ्ते से अधिक समय से जारी विरोध-प्रदर्शनों में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1,200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। यह जानकारी एक मानवाधिकार संगठन ने मंगलवार को दी। अमेरिका की 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, ईरान के 31 में से 27 प्रांतों में 250 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान सरकार ने भी प्रांत ईलम में हिंसा की घटनाओं को स्वीकार किया है।

### लेबनान में इस्राइल के हवाई हमले



लेबनान ने हमलों की निंदा की।

■ एपी, सिडोन (लेबनान): इस्राइल की वायुसेना ने लेबनान में प्रस्तावित निरस्त्रीकरण बैठक से पहले दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में कई ठिकानों पर हमले किए। सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के हुए इन हमलों में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में एक तीन मंजिला कमर्शल बिल्डिंग पूरी तरह ध्वस्त हो गई। लेबनान के राष्ट्रपति ने हमलों की कड़ी निंदा की।

### नेपाल के बीरगंज में कर्फ्यू हटा लिया गया

■ पीटीआई, काठमांडू: नेपाल के भारत-सीमावर्ती बीरगंज में हालात सुधरने पर प्रशासन ने कर्फ्यू हटा लिया। सर्वदलीय बैठक में सहमति के बाद यह फैसला हुआ। हालिया सांप्रदायिक हिंसा के बाद लगाए गए प्रतिबंध हटने से जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है।

# लाइट टैंक जोरावर की भारतीय सेना में एंट्री फिर टली, ट्रायल अब गर्मियों में

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: इंडियन आर्मी को लाइट टैंक जोरावर मिलने की तारीख और आगे खिसक गई है। पहले 2025 की शुरुआत में सेना को यूजर ट्रायल के लिए ये स्वदेशी लाइट टैंक मिलना था लेकिन ट्रायल के दौरान इसमें कुछ बदलाव की जरूरत बताई गई और फिर 2025 की सर्दियों तक जोरावर देने की बात कही गई। लेकिन अब यह तारीख और आगे खिसक गई है। अब गर्मियों तक आर्मी को यूजर ट्रायल के लिए जोरावर मिल पाएगा। इसे डीआरडीओ ने बनाया है।

सूत्रों के मुताबिक एक जोरावर तैयार है और दूसरा बन रहा है। अब गर्मियों में सेना को ये दो लाइट टैंक सौंपे जा सकते हैं। सेना लद्दाख में इनका यूजर ट्रायल करेगी। हाल ही में डीआरडीओ चीफ ने कहा था कि अगले 2-3 साल में जोरावर सेना में शामिल होना शुरू हो जाएंगे।

सर्दियों में यूजर ट्रायल के लिए मिलना था जोरावर

अगले 2-3 साल में सेना में शामिल हो जाएगा जोरावर



File

इन लाइट टैंक में नाग-मार्क2 मिसाइल भी लगेगी। इसे भी डीआरडीओ ने डिवेलप किया है। इस स्वदेशी मिसाइल के ट्रायल 2024 में ही पूरे हो गए थे। जनवरी 2024 में डीआरडीओ ने घोषणा की थी कि 'नाग Mk 2' और इसका पूरा सिस्टम सफल फील्ड ट्रायल्स के बाद अब सेना में शामिल किए जाने के लिए तैयार है। ये स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) है। जोरावर का वजन 25 टन है। भारतीय सेना तकरीबन 350 लाइट टैंक को लेने की तैयारी में है।

**लाइट टैंक की आखिर क्यों है ज़रूरत?**

ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर चीन के साथ हुए तनाव से यह सबक मिला कि सेना को लाइट टैंक की कितनी जरूरत है। जब चीन पैंगोंग के उत्तरी किनारे में बहुत आगे तक बढ़ गया था तब भारतीय सेना ने चीन को चौंकाते हुए पैंगोंग के दक्षिण किनारे की अहम चोटियों पर कब्जा कर लिया। वहां भारतीय सेना ने अपने T-72 और T-90 टैंक भी पहुंचा दिए। जिससे चीन बैकफुट पर आया और फिर बातचीत की टेबल पर पैंगोंग इलाके में पीछे हटने पर सहमति बनी। हालांकि भारतीय सेना ने वहां जो टैंक पहुंचाए वे मुख्य तौर पर मैदानी और रेगिस्तान इलाके में ऑपरेशनल जरूरतों के लिए हैं।

## EU ट्रेड डील के लिए ब्रसल्ज जाएंगे गोयल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से जुड़ी बातचीत के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार से दो दिनों की यात्रा पर ब्रसल्ज जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। FTA पर दोनों पक्षों में पिछले साल दिसंबर में हुई बातचीत को मिलाकर वार्ता के 14 दौर हो चुके हैं। हालांकि EU के कार्बन टैक्स सहित कुछ नियमों को लेकर पेच फंसा हुआ है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा में गोयल व्यापार और आर्थिक सुरक्षा पर EU के ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविच से बातचीत करेंगे।



पीयूष गोयल

# अमेरिकी लॉबिंग पर भारत बोला, यह पुरानी प्रक्रिया

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : अमेरिका की लॉबिंग फर्म SHW Partners LLC ने FARA के तहत रिकॉर्ड में बताया कि उसने भारतीय एंबेसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच कूटनीतिक संपर्क की सुविधा प्रदान की। अप्रैल से दिसंबर 2025 तक फर्म ने कई ईमेल, फोन कॉल और मुलाकातें आयोजित कीं। बीते साल 24 अप्रैल को भारत सरकार ने इस फर्म के साथ करार किया था। रिकॉर्ड के मुताबिक, 10 मई को भारत-पाक संघर्ष विराम के दिन एंबेसी ने व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ, नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल और व्यापार प्रतिनिधि से संपर्क किया। हालांकि भारत सरकार के सूत्रों का कहना है कि अमेरिका में दूतावासों और बिजनेस संस्थानों की ओर से लॉबी करने वालों की सेवाएं लेना वर्षों पुरानी स्थापित प्रक्रिया है।



File

हालांकि भारत सरकार के सूत्रों का कहना है कि अमेरिका में दूतावासों, और बिजनेस संस्थानों की ओर से लॉबिंग करने वालों की सेवाएं लेना स्थापित प्रक्रिया है। भारतीय दूतावास 1950 से ऐसी फर्म्स की सेवाएं लेता रहा है। इसके अलावा विदेशी सरकारों की ओर से अमेरिका में लॉबिंग करना वहां FARA नियमों के तहत एक कानूनी तौर पर जानी-मानी परंपरा रही है। इस फर्म के साथ भारत सरकार ने बीते साल 24 अप्रैल को एक करार किया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-06-2026 23:49 Color:



# प्रदूषण पर ढीली कार्रवाई से सुप्रीम कोर्ट सख्त, CAQM से मांगा जवाब

## AQI बिगड़ने की वजहों पर अलग-अलग आंकड़ों पर चिंता, रिपोर्ट सार्वजनिक करने को कहा

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में लगातार बनी हुई वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने को लेकर CAQM के रवैये को "गैर-गंभीर" बताते हुए उसकी कड़ी आलोचना की। निर्देश दिया कि वह तत्काल विषय-विशेषज्ञों की एक समन्वित बैठक बुलाए और एक विस्तृत रिपोर्ट न केवल न्यायालय के समक्ष बल्कि सार्वजनिक डोमेन में भी प्रस्तुत करे।

अदालत ने कहा कि विभिन्न विशेषज्ञ संस्थानों के बीच प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और विभिन्न कारणों के अनुपातिक योगदान को लेकर स्पष्ट मतभेद है, जिसके चलते वायु गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। बेंच ने यह भी टिप्पणी की कि IIT जैसे तकनीकी निकायों सहित विभिन्न विशेषज्ञ संस्थानों ने उत्सर्जन क्षेत्रों को लेकर काफी भिन्न-भिन्न प्रतिशत बताए हैं। समय-समय पर कई उपाय किए जाने के बावजूद वायु गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है, बल्कि कुछ मामलों में और अधिक बिगड़ गई है।

**CAQM को लॉन्ग टर्म प्लान बनाने को कहा**

बेंच ने कहा कि CAQM को न तो वायु गुणवत्ता के बिगड़ने के सटीक कारणों की पहचान करने की कोई जल्दी दिख रही है और न ही दीर्घकालिक समाधान तैयार करने की, जिसके चलते अदालत को दोनों प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए निर्देश जारी करने पड़े।

अदालत ने कहा कि MCD ने समाधान सुझाने के बजाय टोल प्लाजा को आय के स्रोत के रूप में बचाने पर ध्यान केंद्रित किया। NHAI और गुरुग्राम मेट्रो विकास प्राधिकरण का भी उल्लेख किया गया, जिन्होंने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क के बंटवारे की मांग की थी। 17 दिसंबर को अदालत ने यातायात जाम से बचने के लिए एनसीआर में टोल प्लाजा बंद करने का सुझाव दिया था।

**एमिकस क्यूरी के सुझाव पर दिया ध्यान:** एमिकस क्यूरी वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह द्वारा वाहन प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन, बिजली संयंत्रों के अनुपालन, निर्माण से उठने वाली धूल, सड़कों की धूल और पटाखों से होने वाले प्रदूषण पर दिए गए सुझावों को अदालत ने जोर दिया कि CAQM का दायित्व है कि वह सभी संबंधित विषय-विशेषज्ञों को एक मंच पर लाए और प्रदूषण के कारणों की एकरूप पहचान करे। बेंच ने CAQM को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर प्रख्यात विशेषज्ञों की बैठक बुलाए और उनकी निरंतर चर्चाओं के आधार पर AQI के बिगड़ने के मुख्य कारणों की पहचान करने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत करे। CAQM को दीर्घकालिक समाधानों की जांच शुरू करने और उनके चरणबद्ध क्रियान्वयन की योजना बनाने को कहा गया।



सेहत पर असर : लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के बावजूद सुबह के समय लोग वॉक पर और पार्कों में जा रहे हैं

### अगले कुछ दिनों तक हवा ऐसे ही बनी रहेगी बेहद खराब

एक दिन बाद ही प्रदूषण का स्तर बेहद खराब हो गया। कोहरे की वजह से प्रदूषण ने स्मॉग का रूप ले लिया। स्मॉग की परत पूरे दिन दिखाई दी। पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक प्रदूषण का स्तर इसी तरह का रह सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एक्यू बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 310 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 7 से 9 जनवरी तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद अगले 6 दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रह सकता है।



सुबह के वक्त कोहरे की काफी घनी चादर छाई रही

### ठंड का डबल अटैक- एक साथ शीतलहर और कोहरे की वापसी

शीतलहर की शुरुआत हो गई है। मंगलवार को कुछ जगहों पर दिन में शीतलहर रही। बुधवार को भी इसकी संभावना है। वहीं मंगलवार को दिन के समय कोहरे ने काफी समय बाद वापसी कर ली है। सुबह के समय पालम में विजिबिलिटी महज 250 मीटर तक सिमट गई। अगले दो दिन कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान महज 15.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक रह रहा।

### सर्दी बढ़ते ही मंगलवार को पावर डिमांड 5816 मेगावॉट पहुंची

सर्दी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में पावर डिमांड में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। 6 जनवरी को दिल्ली में अधिकतम पावर डिमांड 5816 मेगावॉट रेकॉर्ड किया गया। इससे पहले एक जनवरी को 5603 मेगावॉट पावर डिमांड रिकॉर्ड किया गया था। बिजली वितरण कंपनियों के अनुसार इस साल सर्दियों में पीक पावर डिमांड 6000 मेगावाट तक हो सकता है। पिछले साल सर्दियों में पीक पावर डिमांड 5655 मेगावाट रहा।

**5 साल के आंकड़ों के आधार पर हुई स्टडी**

# ढलती शाम, बिगड़ती सांस, लंग्स पर 39% ज्यादा प्रदूषण का वार




Rahul.Anand @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : प्रदूषित हवा सुबह की तुलना में शाम के समय ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है। दूषित हवा शाम को करीब 39 पर्सेंट तक ज्यादा लंग्स को प्रभावित कर रही है, जिससे लंग्स पर रेस्पिरेटरी डिपॉजिशन डोज (RDD) बढ़ रहा है। नई रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है। स्टडी में पाया गया कि दिल्ली के लोग रोजाना सांस के जरिए WHO की गाइडलाइंस से 10 से 40 गुना तक ज्यादा प्रदूषित हवा ले रहे हैं। सबसे ज्यादा कण सिर और अपर रेस्पिरेटरी पैसेज में जमा होते हैं, इसके बाद लंग्स के अल्वियोलस हिस्से में पहुंचते हैं, जहां ये सूक्ष्म कण इंटरनल टिशू में सूजन पैदा कर सकते हैं।

**सूक्ष्म कण इंटरनल टिशू में सूजन पैदा कर सकते हैं**

दरअसल, यह खुलासा नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और AARC इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट्स की रिसर्च में हुआ है। दिसंबर में नेचर मेडिकल जर्नल में यह रिसर्च पब्लिश की गई। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में हवा में मौजूद प्रदूषित कणों को लेकर चिंता नई नहीं, लेकिन इस नई स्टडी में दावा किया गया है कि यह प्रदूषण सांस के जरिए इंसानी शरीर, खासकर लंग्स में जमा हो रहा है। 39 एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग स्टेशन के पांच साल के आंकड़ों के आधार पर यह स्टडी की गई। इसके जरिए अनुमान लगाया गया कि PM2.5 और PM10 जैसे सूक्ष्म कण सांस के साथ लंग्स के अलग-अलग हिस्सों में जमा हो रहे हैं, जिसे RDD कहा जाता है।

अध्ययन में दिन के अलग-अलग समय के दौरान प्रदूषण के असर में बड़ा अंतर सामने आया। शाम के समय, खासकर दफ्तर से लौटने के वक्त, RDD का स्तर सुबह की तुलना में 39 पर्सेंट तक ज्यादा पाया गया। इसकी वजह ट्रैफिक का दबाव और रात में वातावरण की निचली परत का सिकुड़ जाना बताया गया है, जिससे प्रदूषक जमीन के पास ही फंस जाते हैं। रिसर्च में यह भी सामने आया कि पुरुषों और उन जैसे बाहर पैदल चलने वालों में प्रदूषण का असर ज्यादा होता है, क्योंकि उनकी सांस लेने की दर अधिक होती है और ज्यादा कण शरीर के अंदर चले जाते हैं।

### दिवाली पर बढ़ता है खतरा

अध्ययन के मुताबिक, दिवाली की रातों में PM2.5 और PM10 दोनों का RDD अचानक काफी बढ़ गया और कई दिनों तक ऊंचा बना रहा। यह नतीजे पहले की मेडिकल रिपोर्टों से मेल खाते हैं, जिनमें त्योहारों के बाद अस्थमा और इमरजेंसी मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वहीं, 2020 के कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान सांस के जरिए लिए जाने वाले प्रदूषक कणों में तेज गिरावट देखी गई। कुछ इलाकों में PM2.5 का इनहेल्ड डोज 68 पर्सेंट तक कम हो गया। हालांकि औद्योगिक इलाकों में यह गिरावट अपेक्षाकृत कम रही, जिससे संकेत मिलता है कि वहां प्रदूषण के स्ट्रक्चरल सोर्स अब भी बने हुए हैं।

**इलाकों के हिसाब से भी फर्क:** औद्योगिक और व्यावसायिक इलाकों में RDD सबसे ज्यादा पाया गया, जबकि सेंट्रल दिल्ली के अपेक्षाकृत हरे-भरे और सरकारी इलाकों में यह कम था। रिसर्चरों का कहना है कि सिर्फ हवा में प्रदूषण की मात्रा मापने के बजाय यह देखना ज्यादा जरूरी है कि कितना प्रदूषण वास्तव में इंसानी शरीर के अंदर जा रहा है। डोज आधारित मापदंड लोगों की वास्तविक स्थिति को बेहतर तरीके से दिखाते हैं।

# रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के नियम पूरे न करने पर कटेंगे पानी के कनेक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के नियम पूरे न करने वाली द्वारका की ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के पानी के कनेक्शन काटे जाएंगे। दिल्ली जल बोर्ड ने इन सोसायटियों को 15 दिन में अपना जवाब देने को कहा है।

डीजेबी ने इन सोसायटियों पर हो रहे एक्शन की जानकारी एनजीटी को दी है। दिल्ली जल बोर्ड ने इस मामले में दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (DPCC) से भी संपर्क किया है और भूजल को प्रदूषित करने के लिए एनवायरनमेंट कंपनसेशन लगाने की प्रक्रिया पूरी है। लेकिन फिलहाल इसकी कोई जानकारी डीजेबी को नहीं मिली है। सोसायटियों को यह नोटिस भी भेजा गया है कि वह 15 दिन में अपने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को चालू और ठीक कर लें। ऐसा न करने पर पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।



**जांच रिपोर्ट**

- 124 सोसायटियों में फीकल कोलीफॉर्म मिला
- 8 सोसायटियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सूखा पाया गया
- 3 सोसायटियों ने नहीं दिया सैंपल
- 7 सोसायटियों में चल रहा है काम
- 2 सोसायटियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है

( सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार)

## दिल्ली और मथुरा में सबसे प्रदूषित है यमुना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली और मथुरा में यमुना सबसे अधिक प्रदूषित है। हरियाणा में तीन जगहों पर यमुना अच्छी हालत में है। सोनीपत से यमुना में प्रदूषण बढ़ना शुरू हो जाता है। यहां पर नाले यमुना में मिलते हैं। नामामि गंगे प्रोग्राम 2024 पर सालाना गतिविधियों की रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में गंगा के साथ यमुना को लेकर भी पूरी जानकारी दी गई है।



रिपोर्ट के मुताबिक यमुना में 16 जगहों पर पानी की जांच हुई। इनमें दो जगहों पर यमुना बहुत अच्छी हालत में, 6 जगहों पर अच्छी, 8 जगहों पर सामान्य हालत में मिली। अहम यह है कि कहीं पर भी यमुना में पानी की बायोलॉजिकल वॉटर क्वॉलिटी (BWQ) खराब या बेहद खराब नहीं मिली। यमुनोत्री से BWQ की स्थिति बिगड़ना शुरू हो जाती है। यमनोत्री में इसकी वजह वहां चलने वाली धार्मिक गतिविधियों को बताया गया है।

## फीस से जुड़े नए कानून को HC में चुनौती



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन-ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस बिल, 2025' को चुनौती दी गई है। जिसे प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी में मनमानी पर लगाम लगाने के मकसद से दिल्ली सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। चल रहे 800 से ज्यादा प्राइवेट गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के एक संगठन ने मौजूदा कानून को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की हाई कोर्ट से मांग की है।

गैर सहायता प्राप्त रेकॉग्नाइज्ड प्राइवेट स्कूलों की एक्शन कमिटी की ओर से दाखिल याचिका बुधवार को चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगी है।

**दिल्ली पुलिस के एक SHO और SI के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच का मामला**

# रिश्वत लेने के आरोपों की जांच का CBI को निर्देश

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राउज एवेन्यू कोर्ट की एक विशेष अदालत ने दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के खिलाफ घूसखोरी के आरोपों की जांच करने का CBI को निर्देश दिया है। मामला अशोक विहार पुलिस थाने का है जो FIR से बचाने के लिए शिकायतकर्ता से तीन लाख की रिश्वत मांगने के आरोपों से जुड़ा है। CBI ने जाल बिछाकर एक हेड कॉन्स्टेबल को रंगे हाथों पकड़ा और उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। हालांकि, शिकायत में थाना प्रभारी और एक SI का भी नाम था, जिन्हें जांच अधिकारी ने आरोपी नहीं बनाया। इन दोनों के खिलाफ जांच आगे बढ़ाने का CBI को निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि शिकायत में नामजद आरोपियों के बीच साजिश साबित करने वाले कुछ परिस्थितिजन्य सबूत हैं।

स्पेशल जज शैलेंद्र मलिक ने यह आदेश शिकायतकर्ता ओम प्रकाश शर्मा की ओर से दाखिल दो आवेदनों पर विचार करते हुए जारी किया। एडवोकेट संजय शर्मा के जरिए दाखिल एक आवेदन में मामले में जांच आगे बढ़ाने का आदेश देने और दूसरे आवेदन में SI विशाल मीणा और इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह शेखावत को मौजूदा मामले में बतौर आरोपी समन करने का अनुरोध किया गया। 5 जनवरी को पारित आदेश में अदालत ने कहा कि हेड कॉन्स्टेबल राज कुमार मीणा पुलिस स्टेशन में 'चिट्ठा मुंशी' के पद पर थे, जिसका काम सिर्फ DD एंट्री, ड्यूटी और तैनाती वगैरह को रिकॉर्ड करना होता है। मीणा शिकायतकर्ता ओम प्रकाश शर्मा के खिलाफ सूरज प्रकाश गोयल की शिकायत की पूछताछ या जांच में बिल्कुल भी शामिल नहीं थे।



**विशेष अदालत ने CBI के एक DSP की जांच पर संदेह जताया**

उक्त जांच SI विशाल मीणा के पास लंबित थी। जांच पर असंतोष जताते अदालत ने कहा कि इस मामले के जांच अधिकारी की जिम्मेदारी थी कि वह मामले की सच्चाई तक पहुंचे और यह जांच करे कि वास्तव में कौन उस शिकायत की पूछताछ/जांच कर रहा था और रिश्वत की रकम मांगने की स्थिति में था, खासकर तब जब शिकायत में लगाए गए आरोप 11 अगस्त, 2025 के CCTV फुटेज से साबित हो रहे थे।

## महानगर में आज



**लय संग कला**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में डांस प्रोग्राम, स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। भरतनाट्यम नृत्यांगना मेघना लोकाभिराम नंदिनी राजू की प्रस्तुति का आनंद आज शास्त्रीय नृत्य प्रेमियों के लिए होगा।

**यथार्थवाद का जादू**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'मैजिक ऑफ रियलिज्म', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शुभेंदु सरकार की इस पेंटिंग एग्जिबिशन का आनंद 10 जनवरी तक लिया जा सकता है।

**सेहरा-ए-रेत**



बीकानेर हाउस में पेंटिंग प्रदर्शनी 'सेहरा-ए-रेत, द डांसिंग ड्यून्स', कलमकार गैलरी, पंडारा रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकारा मानसी खान के इस शो में लकड़ी के बोर्ड और कैनवास पर 31 एक्रेलिक पेंटिंग्स की खूबसूरती निहारी जा सकती है।

**दस्तकारी हाट**
दिल्ली हाट में 40वां दस्तकारी हाट क्राफ्ट बाजार, INA, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। कई राज्यों से देश के हैंडिक्राफ्ट और हैंडलूम की खूबसूरती लेकर आए इस फेस्ट में डेकोरेटिव आइटम्स, सर्दियों से जुड़ा सामान, पेंटिंग्स समेत कई खूबसूरत प्रोडक्ट देखने-खरीदने का मौका मिलेगा।

**परत दर परत**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'परसेप्शन अनफोल्ड', श्रीधरनी गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 से शाम 8 बजे तक। आर्टिस्ट पिंकू सिकदर की एग्जिबिशन के साथ उनके शानदार स्कल्पचर और इंस्टॉलेशन देखे जा सकते हैं।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली -110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16250664 | बेयरिंग असेंबली | 320 सेट | 30.01.2026 |
| 2. | 19255050A | स्वीपेज ब्लोअर टू टी एम/ऑयल कूलिंग यूनिट | 184 नग | 31.01.2026 |
| 3. | 08245719 | इन्टीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम (आई पी एस) | 170 नग | 02.02.2026 |
| 4. | 04240043 | इनहाइबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग ट्रांसफॉर्मर ऑयल | 102270 लीटर | 02.02.2026 |
| 5. | 07255017A | सप्लाई, इंस्टालेशन एवं कमीशनिंग ऑफ प्रेशराइज्ड फ्यूलिंग सिस्टम | 400 सेट | 04.02.2026 |
| 6. | 16250382 | पार्किंग ब्रेक सिलिंडर बी आर डी | 312 नग | 05.02.2026 |
| 7. | 07251080A | ओवर हीलिंग किट फॉर डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 1058 सेट | 12.02.2026 |
| 8. | 07253466 | सीलड ग्लास यूनिट फॉर एल एच बी विण्डो सिल | 13482 नग | 13.02.2026 |
| 9. | 07250316 | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व केई/आईसीईएसएल विद ब्रेकर कन्वर्टर | 288 नग | 24.02.2026 |
| 10. | 07252020 | डबल ब्रेक इंडिकेटर | 568 नग | 25.02.2026 |
| 11. | 07250473 | फुट स्टेप कम्पलीट फॉर एलएचबी कोचेस | 4860 नग | 16.03.2026 |
| 12. | 07250472 | इमरजेंसी ब्रेक एक्सीलरेटर ईबीए एस/एल विद बास्केट | 319 नग | 23.03.2026 |
| 13. | 07251000 | वाटर टैंक असेंबली (एल.एच.) (390 लीटर) | 143 नग | 01.04.2026 |
| 14. | 07250287 | सेट ऑफ प्रेशर गेजेज 80x10 | 299 नग | 01.04.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 77/2025-2026 दिनांक: 06.01.2026 52/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गुमशुदा / अगवा की तलाश**



भूमिका

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की एक लड़की जिसका नाम भूमिका पुत्री: सुनील पता एल-1269-70, मंगोलपुरी, दिल्ली है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है उम्र: 16 साल, कद: 5'0", रंग: साफ, चेहरा: गोल शरीर: मध्यम, जिसने गुलाबी रंग की जैकेट और काले रंग की जींस पैंट और पैरों में काले रंग का चप्पल पहना है। जो अपने घर से दिनांक 02.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से लापता / अगवा है।

इस संदर्भ में FIR No. 08/2026 दिनांक 05.01.2026, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का प्रयास करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना मंगोलपुरी, दिल्ली
फोन: 8178157656, 9999590020

DP/312/OD/2026


## फटाफट खबरें

### फर्जी केस की धमकी दी, कैब ड्राइवर ले गया थाने

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : भैया, मेरा फोन बंद हो गया, कुछ कैश दे देंगे? भूख लगी है, पेमेंट कैसे करूं...आप प्लीज चाय-नाश्ते का बिल पे कर दीजिए। कैब बुक करने के बाद ऐसी ही बातों में उलझाकर एक युवती ने ड्राइवर को ठगने की कोशिश की। ड्राइवर ने पैसे मांगे तो मारपीट पर उतारू हो गई। धमकाने लगी कि छेड़छाड़ का केस दर्ज करवा दूंगी, लेकिन ड्राइवर डरा नहीं। कैब लेकर सीधे थाने पहुंच गया। वहां पूरा मामला बताया। पुलिस ने आरोपी लड़की के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### ED ने ज़ब्त की बिल्डर की 51 करोड़ की संपत्ति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ED ने गुड़गांव की ओशन सेवन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (OSBPL) के मामले में 51.57 करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। ED ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत दर्ज केस में यह एक्शन लिया गया। ED ने दिल्ली और हरियाणा पुलिस की FIR पर जांच शुरू की थी।

**दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने की थी FIR**

### ड्यूटी पर नेक इरादे से किए काम क्राइम नहीं: HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने गलत तरीके से रोकने और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपी सिक्योरिटी गार्ड्स के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। एक प्रॉपर्टी पर कब्जे को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। शिकायत करने वाली महिला ने आरोप लगाया था कि गार्ड्स ने उसे बिल्डिंग में घुसने से रोका और हाथ पकड़ा। कोर्ट ने कहा कि ड्यूटी निभाते हुए नेक इरादे से किसी को बिल्डिंग में घुसने से रोकना गलत तरीके से रोकना नहीं माना जाएगा।



### अतिक्रमण हटाने के आदेश को दी चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने तुर्कमान गेट इलाके में सैयद फैज इलाही मस्जिद और उससे सटी जमीन से कथित अतिक्रमण हटाने के लिए जारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा है। अदालत ने शहरी विकास मंत्रालय, एमसीडी और दिल्ली वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किया है।

**HC ने केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा**

### दंगा: जमानत पाने वालों के बॉन्ड की जांच का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कड़कड़डूमा की एक सेशन अदालत ने मंगलवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत पाने वाले पांच आरोपियों में से चार की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों और जमानतदारों के वेरिफिकेशन का आदेश दिया। इस वजह से उनकी रिहाई में एक दिन की देरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत देते हुए 11 शर्तें लगाई थी।



### मई में आयोजित होगा देश का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 1 से 4 मई तक भारत मंडपम में विराट भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 आयोजित करने की घोषणा की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि मौजूदा वैश्विक हालात, टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय तनावों के बीच यह समय भारत की व्यापारिक ताकत को दुनिया के सामने रखने का है।

### सहकर्मी पर हमले में हत्या की कोशिश के दो दोषी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अदालत ने दो लोगों को 2013 में ओखला इंडस्ट्रियल एरिया में अपने वर्कप्लेस के बाहर सहकर्मी पर चाकू से हमला कर हत्या की कोशिश का दोषी ठहराया है। एडिशनल सेशन जज गीतांजलि ने आशु सिंह और शेर सिंह को यह कहते हुए दोषी ठहराया कि दोनों ने हमला जान से मारने के इरादे से किया गया था। कोर्ट 12 जनवरी को सजा सुनाएगी।

# मौत बन आई आग, सोते-सोते बुझीं 3 ज़िंदगियां






**डरे और सहमे हुए है लोग :** गमगीन परिजन, DMRC के अधिकारी, कर्मचारी और पड़ोसी। पड़ोसियों ने बताया कि रात में ही परिवार से मुलाकात हुई थी। सुबह पूरे परिवार के खत्म होने की खबर से आसपास के लोग भी डरे और सहमे हुए हैं।

## फायर ब्रिगेड से पहले किया आग को कंट्रोल

अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो स्टेशन के पास बनी DMRC स्टाफ क्वार्टर कॉलोनी में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंट्री और एग्जिट के लिए दो गेट हैं। आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग को कॉल कर दिया गया था। दमकल के पहुंचने से पहले ही कॉलोनी में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से आग को काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया था। कॉलोनी में मौजूद पंप और पाइप के जरिए फ्लोर पर लगी आग बुझाई गई। आग बुझाने में यहां रहने वाले DMRC कर्मचारियों की भूमिका अहम रही, क्योंकि उन्हें आपात स्थिति से निपटने के लिए एडवांस ट्रेनिंग दी जाती है।

# आग और सन्नाटा

# DMRC स्टाफ क्वॉर्टर में तड़के हुआ हादसा

- मास्टर बेडरूम में तीनों शव बुरी तरह जली हुई हालत में मिले
- आग लगने की वजह तकनीकी जांच के बाद हो सकेगी साफ
- मंगलवार तड़के करीब ढाई बजे धमाके की आवाज सुनाई दी

■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर

**मजलिस पार्क** मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो अपार्टमेंट्स की पांचवीं मंजिल पर एक फ्लैट में मंगलवार तड़के संदिग्ध हालात में आग लग गई। इस हादसे में फ्लैट में रह रहे DMRC के इंजीनियर, उनकी पत्नी और 10 साल की बेटी की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान अजय विमल (42), उनकी पत्नी नीलम (38) और बेटी जाह्नवी के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। इससे पहले डीएमआरसी अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग भी आग बुझाने की कोशिश में जुटे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज और परिजनों को घटना की सूचना दी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल जांच भी कराई जाएगी। आग बुझाने के दौरान राकेश नाम का एक फायरकर्मी घायल हो गया, जिन्हें शुरुआती इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

> मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो अपार्टमेंट्स की पांचवीं मंजिल पर हादसा

अडिशनल डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 2.39 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने मेट्रो अपार्टमेंट्स की पांचवीं मंजिल पर एक फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। सोसाइटी के इन-हाउस फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के बाद दमकल कर्मियों ने फ्लैट में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान मास्टर बेडरूम में तीन जले हुए शव मिले। मौके पर क्राइम और फरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने सबूत जुटाए। अधिकारी के मुताबिक असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तकनीकी जांच के बाद साफ हो सकेगी।

# पुलिस को आशंका, एयर टाइट कमरे में ज़हरीली गैस से बेहोश हो गया पूरा परिवार

■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर

**दिल्ली मेट्रो** के अफिसर की पूरे परिवार के साथ दर्दनाक मौत के बाद मंगलवार सुबह बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में मातम पसरा रहा। गमगीन परिजन, DMRC के अधिकारी और कर्मचारी और पड़ोसी वहां मौजूद रहे। हर कोई हैरान और परेशान नजर आ रहा था। हादसे को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं और सवाल उठते दिखे। पड़ोसी बताते रहे कि रात में ही परिवार से मुलाकात हुई थी। सुबह पूरे परिवार के खत्म होने की खबर से आसपास के लोग भी डरे और सहमे हुए हैं।

> फ्लैट की जांच में एमसीबी भी डाउन मिली है

DMRC के अधिकारियों ने बताया कि अजय ने साल 2006 में DMRC जॉइन की थी। परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के उज्जैन का रहने वाला था। अजय के पिता दीनानाथ इंस्पेक्टर पद से रिटायर थे, जिनका पिछले साल रक्षाबंधन के दिन निधन हो गया था। अजय की बड़ी बहन उषा शादीशुदा हैं और परिवार के साथ नोएडा में रहती हैं। हादसे की सूचना मिलते ही वह मंगलवार सुबह मोर्चरी पहुंच गईं। वहीं, अजय के बड़े भाई मनोज यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और हाथरस में तैनात हैं। वो भी सुबह मोर्चरी पहुंचे।



अजय विमल, नीलम और बेटी जाह्नवी

## 2016 से क्वॉर्टर में था परिवार

अधिकारियों ने बताया कि अजय परिवार के साथ इस सोसाइटी में साल 2016 से रह रहे थे। उसी साल यह कॉलोनी बनकर तैयार हुई थी और DMRC स्टाफ को यहां क्वार्टर दिए गए थे। अजय असिस्टेंट सेक्शन इंजीनियर थे और फिलहाल उनकी तैनाती बाराखंभा मेट्रो स्टेशन पर थी। परिजनों और पड़ोसियों के मुताबिक अजय विमल बेहद मिलनसार और विनम्र स्वभाव के थे। उनकी बेटी मॉडल टाउन के क्वीन मैरी स्कूल में चौथी क्लास में पढ़ती थी।

## पड़ोसियों ने बालकनी से लपटें निकलती देखीं

पुलिस के मुताबिक, लोगों को मंगलवार तड़के करीब ढाई बजे धमाके की आवाज सुनाई दी, लेकिन आसपास निर्माण कार्य और ट्रकों की आवाजाही के कारण अनसुना कर दिया। बाद में चौथे फ्लोर के पड़ोसियों ने बालकनी से लपटें निकलती देखीं। पुलिस और दमकल कर्मियों को सेंट्रल लॉक तोड़कर अंदर जाना पड़ा। DMRC के एक अधिकारी ने बताया कि आशंका है कि कार्बन मोनोऑक्साइड भरने से परिवार बेहोश हो गया।

## आग सिर्फ बेडरूम तक ही सीमित रही

अधिकारियों ने बताया कि अगर कोई भी मेंबर होश में होता तो वह कमरे में हवा के लिए दरवाजा या खिड़की खोल सकता था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पुलिस को यह भी आशंका है कि गैस चैंबर बनने की वजह से जोरदार धमाका हुआ होगा। जांच में सामने आया है कि पूरे फ्लैट में आग नहीं फैली थी। आग सिर्फ बालकनी साइड वाले बेडरूम तक ही सीमित रही, जो खाक हो गया। तीनों के शव बेड पर जली हालत में मिले। अंदेशा है कि हीटर या ब्लोअर में स्पार्क हुआ होगा।

## सुरक्षा के सवालों पर DMRC का जवाब

स्टाफ क्वार्टर में सुरक्षा मानकों को लेकर उठ रहे सवालों पर DMRC अधिकारियों ने साफ किया कि सभी सरकारी नियमों का पूरी तरह पालन किया गया है। हर फ्लैट में प्रॉपर वेंटिलेशन, बड़ा हॉल, बेडरूम, अलग किचन, बाथरूम, टॉयलेट और बालकनी है। कॉलोनी में फायर सिस्टम पहले से लगा हुआ है। वॉटर, फायर और अन्य सभी जरूरी सेफ्टी सिस्टम की एनओसी समय-समय पर अपडेट की जाती है।

# हीटर या ब्लोअर का इस्तेमाल करते वक्त वेंटिलेशन ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**छोटी सी** लापरवाही या जागरूकता की कमी जान पर भारी पड़ सकती है। मंगलवार को एक ऐसा ही हादसा सामने आया, जिसमें हीटर जलाने की वजह से पूरे परिवार की जान चली गई। गलती बस इतनी थी कि बंद कमरे में हीटर जलाया गया और हवा आने की कोई जगह नहीं छोड़ी गई। इसकी वजह से कमरे में ऑक्सिजन की मात्रा कम होती गई और कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा बढ़ती चली गई। एक्सपर्ट का कहना है कि ऐसे हादसों से बचना है तो सबसे जरूरी है कि बंद कमरे में अंगीठी, हीटर या ब्लोअर न जलाएं। अगर जलाते हैं तो हवा आने के लिए जगह होनी चाहिए, यानी खिड़की या दरवाजा खुला रखें।

> एक्सपर्ट ने बताया कैसे बचें ऐसे हादसों से

File Photo



**ऐसे बनती है ज़हरीली गैस:** कमरे में हीटर या ब्लोअर जलाने पर रॉड ऑक्सिजन लेती है और कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ती है

## ऑक्सिजन लेवल कम होता जाता है

कूलिंग एंड हीटिंग वेंटिलेशन एक्सपर्ट विकास तनेजा ने बताया कि ऑयल वाले हीटर में रॉड नहीं जलती। इसमें एलिमेंट ऑयल को हीट करता है। इसलिए इसे जलाने पर कमरे में ऑक्सिजन की मात्रा कम नहीं होती। इसे कुल मिलाकर सेफ कहा जा सकता है। लेकिन हीटर और ब्लोअर दोनों में रॉड ऑक्सिजन लेती है और कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ती है। जब हीटर या ब्लोअर जलाए जाते हैं तो कमरे का ऑक्सिजन लेवल धीरे-धीरे कम होता जाता है। इसलिए हीटर और ब्लोअर जलाने पर कमरे में वेंटिलेशन बेहद जरूरी है।

## कार्बन मोनोऑक्साइड से बेहोशी

डॉक्टर अनिल बंसल ने बताया कि अंगीठी जलाने पर भी कार्बन मोनोऑक्साइड निकलता है। जब बंद कमरे में इसका इस्तेमाल किया जाता है तो ऑक्सिजन खत्म होने लगती है और कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। सांस लेने पर ऑक्सिजन की जगह कार्बन मोनोऑक्साइड शरीर में चली जाती है। असर सीधे ब्रेन पर पड़ता है, व्यक्ति बेहोश हो जाता है। यही जहरीली गैस सांस के जरिए लंग्स और शरीर के बाकी हिस्सों तक पहुंच जाती है। इससे हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है और मौत हो जाती है।

## इन बातों का रखें ध्यान

- कमरे को पूरी तरह बंद नहीं करना चाहिए
- अगर कमरे में एक से ज्यादा लोग सो रहे हों तो ज्यादा देर तक आग न जलाएं
- ज्यादा लोगों के होने से कमरे में ऑक्सिजन की कमी और बढ़ जाती है
- बंद कमरे में रोज अंगीठी या हीटर जलाने से सीने में दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं
- ये लक्षण खतरनाक होते हैं और तुरंत बचाव की जरूरत है
- सबसे सुरक्षित उपाय यही है कि कमरे में अंगीठी बिल्कुल न जलाएं
- अगर हीटर या ब्लोअर चला रहे हैं तो लगातार न चलाएं, बीच-बीच में कमरा खोल दें
- सीने में दर्द, मितली, सिर दर्द, डिप्रेशन या सांस लेने में दिक्कत के लक्षण दिखें तो लापरवाही न करें

# सड़क पर बेरहमी से पीट-पीटकर 11वीं के स्टूडेंट की हत्या, 6 नाबालिग पकड़े

## चश्मदीद ने बताया, मोहित का एक नाबालिग से चल रहा था विवाद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**त्रिलोकपुरी इलाके** में 11वीं क्लास में पढ़ने वाले 17 साल के स्टूडेंट की पुरानी रंजिश के चलते बीच सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। घटना में शामिल करीब 6 नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। घायल स्टूडेंट की गुरु तेग बहादुर अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार तड़के मौत हो गई।

ईस्ट जिला पुलिस के मुताबिक मृतक स्टूडेंट मोहित अपने परिवार के साथ त्रिलोकपुरी इलाके में रहता था। उसके परिवार में दादी, पिता ज्ञान सिंह, मां आशा और बड़ा भाई भानु हैं। पिता ड्राइवर हैं और बड़ा भाई कॉल सेंटर में काम करता है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



मोहित

डीसीपी ईस्ट ने बताया कि 5 जनवरी की शाम करीब 7 बजकर 25 मिनट पर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से थाना मयूर विहार को एमएलसी की सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि एक युवक को गंभीर हालत में मारपीट के बाद लाया गया है। जांच में घायल की पहचान मोहित के रूप में हुई। उसकी हालत नाजुक होने से उसे जीटीबी अस्पताल भेजा गया।

जांच के दौरान एक चश्मदीद ने बताया कि मोहित का इलाके के एक नाबालिग से पहले से विवाद चल रहा था। घटना की शाम वह अपने दोस्तों के साथ त्रिलोकपुरी में मौजूद था। तभी कुछ नाबालिगों से कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसके बाद कई लड़कों ने मोहित को घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बीच-बचाव करने आए दोस्तों पर भी हमला किया गया।

इलाज के दौरान मंगलवार तड़के करीब 1 बजकर 15 मिनट पर मोहित की मौत हो गई। इसके बाद थाना मयूर विहार पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 103(1), 115(2), 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। क्राइम टीम और एफएसएल की टीम ने भी मौके की जांच की। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल सभी छह नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।



Photos: Surender Kumar

सदमे में परिवार, परिवारवालों का आरोप है कि किसी ने भी मोहित की मदद नहीं की

## पीटते रहे आरोपी, लोग बनाते रहे विडियो

■ कृष्ण कुणाल सिंह, नई दिल्ली

**त्रिलोकपुरी ब्लॉक** 28 में रहने वाले मोहित को आरोपी सोमवार शाम करीब 4:30 बजे बुलाकर ले गए। मोहित के साथ उसके दोस्त अनमोल और यश भी थे। मोहित और उसके दोस्तों को लेकर त्रिलोकपुरी के ब्लॉक 15 चौक पर ले गए। उसके बाद करीब आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने मोहित की पिटाई की। अनमोल और यश के साथ भी मारपीट की। अनमोल और यश फरार हो गए। आरोपी बीच सड़क पर मोहित की पिटाई करते रहे। लोग मारपीट का विडियो बनाते रहे। किसी ने मोहित को बचाने की कोशिश नहीं की। जबकि घटनास्थल से चंद कदम की दूरी पर पुलिस चौकी भी है।

> नानी के घर गई थी मोहित की मां, मिली मौत की खबर

परिवारवालों का कहना है कि पुलिस को फोन कर देते तो शायद मोहित की जान बच जाती। मोहित की पड़ोस में रहने वाली और ट्यूशन पढ़ाने वाली रेनू ने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे मोहित को लेकर उसके दोस्त घर पहुंचे। मोहित की नाक से खून निकल रहा था। मोहित के दोस्तों ने बताया कि वह बाइक से गिर गया था।

मोहित और उसके दोस्तों ने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसे परिवार वाले एलबीएस अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने के कारण जीटीबी रेफर कर दिया। उस वक्त भी मोहित बयान देने लायक नहीं थे। मंगलवार तड़के करीब 1:15 मिनट पर मोहित ने दम तोड़ दिया। जांच में पता चला कि मोहित के गले और चेस्ट में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण मौत हो गई।

मोहित के घर में मातम फैला हुआ है। घरवालों को उम्मीद थी कि मोहित पढ़ने में काफी तेज है, बड़ा होने पर कुछ बड़ा करेगा। लेकिन उनके सपने धरे ही रह गए। मंगलवार शाम कोंडली श्मशान घाट में मोहित का अंतिम संस्कार किया गया।

## पैसों को लेकर बेरहमी से पीटा

PGTs: • English • Sociology • Psychology • Business Studies • Economics • Political Science • Biotechnology • History • Physical Education • Maths • Computer Science

TGTs: • Maths • Hindi • Social Science • Science • Sanskrit • English • Computer Science • French

PRIMARY TEACHERS: • English • Maths • Science • Social Science • Hindi • Special Educator • Dance • Art & Craft • Librarian

• Coach (Taekwondo) & (Skating) • School Counsellor • Office Assistant • Language Lab Teacher (English) • Band Teacher (Brass Band) • Executive Assistant/Front Office Executive • NTT/Montessori Trained • Behavioural Therapist • Speech Therapist • Occupational Therapist • ABA Therapist

Essential Qualification/Exp: Graduate/Postgraduate in respective subjects with B.Ed. or equivalent. Fluency in spoken English & writing skills mandatory for all posts. Teaching experience preferred.

info@doonpublicschool.in or log in to doonpublicschool.in within 7 days.

## SALWAN PUBLIC SCHOOL
Sector C-7, Trans Delhi Signature City
Ghaziabad (UP)-201103

Applications are invited from well qualified, ICT proficient, highly motivated, passionate and committed individuals with a progressive outlook to join our community of educators for the following vacancies in the session 2026-27.

- PGT: Commerce, Economics
- TGT: English, Science, (Physics / Biology), Social Science (History), Gen Science (Leave Vacancy)
- Assistant Teachers: All Subjects, English, Science, Nursery
- Art Teacher (Middle/Primary) • Dance Teacher (Indian Classical)
- Counsellor • Science Lab Assistant • Receptionist/Office Assistant
- Part-Time Coaches (NIS Certified) Football, Taekwondo, Shooting, Basketball, Cricket, Skating, Archery, Volleyball, Table Tennis, Gymnastics, Golf and Chess.

Eligibility Criteria:
- For Assistant Teacher (Primary) - 04 years B.El.Ed./ 02 years D.El.Ed. from recognized University is compulsory.
- For Nursery - Diploma in Nursery Teacher Education / Early Childhood Education not less than two years, or B.Ed (Nursery) from a recognized institute.

Interested candidates are requested to visit vacancy page on the school website www.salwanpublicschooltdsc.edu.in & apply online within 10 days from the publication of this advertisement.

Phone : 0120-2696906/07
8826194354, 9971909310 DIRECTOR
E-mail : spssignaturecity@salwanschools.com

## APEEJAY SCHOOL
Pitampura
Road No. 42, Sainik Vihar, Pitampura, Delhi-110034
011-27022140, 011-27012615 www.apeejay.edu/pitampura

Requires

- **PGT:** English
- **TGT:** English, Hindi, Sanskrit, Home Science, Physical Education, Computer Science
- **PRT:** English, General, Science, Computer Sc.
- **NTT** | **Dance Teacher**
- **Band Master** (Part Time)

Applicants must possess minimum qualification and experience as prescribed by CBSE.

Interested candidates may apply online within 7 days from the date of this advertisement at www.apeejay.edu/careers.

– Principal

## REQUIRED
# PRINCIPAL

A Delhi-based premier CBSE institution renowned for excellence in qualitative & holistic education having strength of more than 3000, invites application for the post of Principal.

**PROFILE:**

Strong in verbal & written communication skills, proficient in managing school operations with a proven track record of success to drive curriculum development, innovative pedagogical practices and effective teacher training programmes.

Competent, Self Driven, Visionary Educationist and Dynamic Team Leader with Progressive Outlook to lead the school to next phase of growth.

**QUALIFICATION:**

At least 10 years teaching and administrative experience including 5 years as Principal (preferably in Delhi)

Qualification as per CBSE norms

Salary will not be a constraint for the deserving candidate.

Apply by sending the latest resume with coloured passport size photograph via mail only.

Last date to apply 14th January 2026

info.ujaalaamc@gmail.com

## LINGAYA'S VIDYAPEETH
choose to know
(NAAC Accredited, Deemed-To-Be-University, u/s 3 of UGC Act 1956)
Faridabad (Delhi NCR)

REQUIRED

**Executive Assistant / OSD to Chairman**
Preferably an MBA with around 8 years of experience.

**Marketing Executives (Admissions)**
MBA/Graduates with 2-3 years of experience in Education Industry.

**Calling Executives**
Good command over English is a must. Freshers are welcome.

— Apply within 7 days: —
recruitment@lingayasvidyapeeth.edu.in
head.hr@lingayasvidyapeeth.edu.in

## Panchsheel Public School
H-Block, Hari Nagar, Extn. Jaitpur, Badarpur, ND-44
(10+2) CBSE

WE ARE HIRING!

1. Administrator/ Principal
2. Front office/ Admin Assistance
3. IT Maint. Incharge
4. PGT,TGT,PRT(All Sub.)
5. School Nurse
6. Maint.Supervisor

resume.pps1234@gmail.com

## Modern Academy Sr. Sec. School
(Affl. to CISCE, New Delhi)
Shakti Khand - I, Indirapuram
Ghaziabad (U.P.) -201014
Web: www.modernacademyschools.com
Ph: 9818091535, 0120-2606990/30
Email: modernacademy.indirapuram@gmail.com

URGENTLY REQUIRES

**PGT :** English, Physics AI & Robotics, Political Science
**TGT :** English, Biology Sports, Hindi, Mathematics, German, Computer Science
**OTHERS :** Academic Coordinator, School Counsellor (Psychology) School Nurse Office Assistant

Apply within a week on the School Website or walk in for an interview Between 9 am and 10 am.

PRINCIPAL

**HAPPY** model public School Req. PGT Teachers Chemistry, Accountancy,B.Studies, Eco & Maths #60 Futa,Khanpur Road, Loni, Gzb. Call: 9999076006,

**REQ** PRT, TGT- Eng, SST, Sci, Reptnst Walk-in interview Btw 9am-12pm CBSE School in Sangam Vihar #8130707700 , Hari Vidya Bhawan School

## Don Bosco School Alaknanda
New Delhi-110019

Invites applications from qualified persons for the posts of:

**1. Librarian**
Qualification:
(i) Degree from a recognized university
(ii) Master of Library Science/ Bachelor of Library Science from Recognized University

**2. P.R.T. - English & Social Studies**
Qualification:
Senior Secondary, 4-years of Bachelor of Elementary Education / B.A., B.Ed. and C.T.E.T. conducted by the CBSE.

Applicants should send their Bio-data (Resume) along with the application letter to Don Bosco School, Reception or mail to donboscocareer@gmail.com by Tuesday, 20th January 2026.

शिक्षक

**REQ.** Teachers for coaching upto 10th CBSE (Maths+ Sc L/ Sst)/11th-12th(Chem/Maths /Bio/Phy/Accts/Eco)/Receptionist at dwarka: 9667465430

लेखा

अकाउंटेंट (लेखाकार)

**ACCOUNTANT** Required Min. 2 yrs exp having knowledge of Tally, TDS & GST Near Kirti Nagar , # 9810066227, Delvinplastics@hotmail.com

**REQD** Accountant min. 3yrs Exp. of Busy, Golden coin Soft ware & need helper 12 passed with commerce background in Kashmiri Gate. 7986839149

**IMMEDIATE** requirement for Senior Accountants for permanent positions Reputed All-India Company. Must have excellent knowledge of EPF, ESI, LWF, Professional Tax and Labour Law compliance on pan India basis. Minimum 5 years of experience, good command of Excel and ability to do liaison work necessary. Security/ manpower industry experience preferred. Salary depending on calibre and experience. Send CV to hr@grigi.com

प्रशासन

कार्यालय सहायक

**ऑफिस** काम के लिए हेल्पर चाहिए,12वी पास, समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक, बुजुर्ग पंत रोड राजपथ स्कूल के पास, वेतन 10000-15000. # 9560540315

क्रय

**REQUIRED** Purchaser Exp. 5 Year must know Team work, walk-in-interview. ADDRESS-B-18,Sec-8,Noida. Mobile Number-9711543310.

डिलवरी बॉय

**चाहिए** बाईक व बिना बाईक वाले लड़के, पिकअप डिलवरी हेतु, जिन्हें दिल्ली/NCR का अनुभव हो, वेतन योग्यतानुसार, बाराखंबा रोड, C.P., Phone/W.App 9818345827

**डिलिवरी** बॉय दसवीं पास फेल, अंग्रेजी पढ़ लिख लें, बाईक हो या ना हो, महिपालपुर / पालम के नजदीकी सम्पर्क करें # CityNet Express कुरियर: 9871491221.

जनरल सहायक

**ऑफिस** संभालने के लिए पढ़ी लिखी समझदार लड़की चाहिए सैलरी 15000 – 20000 योग्यतानुसार पटेल नगर, मेट्रो स्टेशन न. 228 के सामने Mob. 9999994040

आईटी संबंधित

कंप्यूटर ऑपरेटर्स

**WANTED** 15 Computer Operators for permanent position with 32 year old ISO Certified Indian Company. Must be proficient in MS Office. Freshers welcome. Remuneration depending on caliber. Walk in interviews on 5th to 10th Jan-26 between 11:00 AM and 4:00 PM at G.I. Group, TA/264/25 First Floor, Main Road Tughlakabad Extn. (Next to Pocket No-8, DDA Flat Kalkaji Extn.), New Delhi-110019

**चाहिए** Govt.Sector में Contract Basis- DEO, Steno, MTS, Cleaners, Security Guards, Cook,Mali. Sal 20K-40K+सभी सुविधायें 8006668272, 9217127476

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

बिक्री

**REQ** Sales Executive for Insulating Varnish, across various Industries in the Northern region of India. Contact: 9891388047, 7835888001

**SPECIAL** offer for Gents, LIC City Career Agent Yojna, Good Income+Stipend,Facilities like Car, House, Foreign Tour, Promotion on target. 9810315375



Grevol Exclusive Dealership requires following staff for
Dwarka Mor (West Delhi)
Bhajanpura (East Delhi)
GT Karnal Rd Azadpur (North)

SALES OFFICERS
SALES MANAGERS
CRE

Graduate / Post Graduate, Fresher / Min. 0-5 years of exp. in Automobile Industry. Salary best in the industry.

Call: 9810407998
recruitment.ecocruise@gmail.com

Positions in Sales for Premier Wealth Management firm in Nehru Place, New Delhi.

Age Less than 35. Graduate in Commerce, Economics or Maths. Experience Less Than 5 years. Good Communication, Selling Skills, Ms Excel and Basic Knowledge of Investment Products Essential. Preference to Candidates Staying Close by.

Share Resume in Confidence at pegasusadvisory@rediffmail.com

विपणन (मार्केटिंग)

**FEMALE** CUSTOMER CARE / MARKETING EXECUTIVE EXPD KNOWING WORD EXCEL MAIL CV @ info@indotherms.in , 9675811131

अन्य प्रोफेशनल्स

वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

**WANTED** Architectural Draughtsman, Liaison Officer, Min. 2 yrs exp., Part/Full Time Cont.- C/79, Shivalik, Malviya Nagar, N.Delhi-17, # 9871839839

ग्राफिक्स ऐंड डिजाइन

**GRAPHIC** Designer cum DTP Operator familiar with all softwares & must know Hindi typing too. Experience must for an Advertising Agency in Rajendra Place. Immediate Joining. Send resume at:- exp409@yahoo.co.in

अन्य रिक्तियां

चालक

**REQ** Car Driver Experience 5 Years, attractive salary, Location: Rohini, Sector-26, Near G3S Mall. Contact 9811450108, 9811060714

सामान्य

**चंडीगढ़** / हिमाचल होटल में चाहिए M/F / कपल ईंडियन कुक, चिकन तैयार, वेटर, गाईड जिन्हें ड्राईविंग आती हो, 10वी पढ़ा हैल्पर, हाउसकीपिंग, स्वीपर, खाना + वेतन # 9015154098.

**आवश्यकता** है अनुभवी Field boy की Okhla Phase II दिल्ली में, निकटवर्ती निवासी को प्राथमिकता संपर्क करें # 9717713741

**Punjabi** Bagh & Azadpur के लिए Courier Company को Part Time Field Executives की भारी मात्रा में आवश्यकता है 4 To 9 pm with Conveyance Starting 8000 + 10 दिनों में मिलें LG-7, Lusa Towe Azadpur 9811008297

**आवश्यकता** है VMC ऑपरेटर / प्रोग्रामर, डाई फिटर, पावर प्रेस ऑपरेटर व ITI / डिप्लोमा होल्डर की; के आर टूल्स, बी-91,Sector 4, बवाना, Delhi # 9873916609.

**Field** के लिए लाइसेंस सहित, Office work के लिए 12th पास, पैकिंग के लिए स्नातक चाहिए। Seasons D-18, Jhandewalan Flatted factory complex 9899377776.

**दिल्ली** NGO में सोशल फंड के काम के लिए अनुभवी व्यक्ति चाहिए अनुभव 5 वर्ष, 10 वर्ष, 15 वर्ष। संपर्क करें - 8929102929, 9136517511

एकाधिक रिक्तियां

**WE** wish to make UP-CLASS furniture for sale at very big showrooms/ end users etc, we require persons/carpenters etc who can make it & persons who has good relations & exp to sell it, we have sufficient place to make it. # Ashok Jee 9811665530

**TRANSPORT** Assistant knowing maintenance of heavy Truck, Account Assistant, Field Boy. Contact: 9312018242, Em: rockflor@yahoo.in

**REQD.** fresh & experienced staff for Dental equipment Importer Office in Gurugram (Sector-74A) 1. Accountant & Account Assistant - Knowledge of Tally is must. 2. Office Assistant - Knowledge of English, MS office & computer is must. 3. Digital Marketing & Field Marketing Executive. 4. Digital Designer with 2/3 years of exp.Send your resume to abatech02@gmail.com

## IGSTC
Vacancy announcement
Indo-German Science & Technology Centre (IGSTC), New Delhi, India

invites applications for the post of "Senior Program Associate/ Program Associate"

For more information related to vacancy, please visit IGSTC website at www.igstc.org

## SAGAR ISPAT INDIA PVT. LTD
We require the following staff for company employment

DRIVERS – 3
FIELD BOYS – 2
COOK – 1
OFFICE BOY – 1

→ ESI & PF benefits available
→ Walk In Interview: C-3/9 Prashant Vihar

Contact: 9810326480

पार्ट टाइम जॉब

**WE** are Hiring part/Full Time. age 30 to 70 Retired People, H'wifes, VRS, Self Emply. Earn 50k to 1Lac Fixed+Variable+ frgn trip. 7291008696,9990245200

**EXCITING** Opportunity with MNC Part/Full Time Sal. with PF& ESI for VRS/Rtd Bankers/ Govt Retirees/ Housewife/ Business Pro. 35 to 75yrs 9899734212

**EXCELLENT** Part Time/Full Time opportunity for H'wives/ VRS/Retired/Buss'men, Age: 30+, To work & Earn 50k+pm, Noida # 9899445782, 7011687190.

## DE INDIAN PUBLIC SCHOOL
GIVE WINGS TO YOUR DREAMS
A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE

Applications are invited for the following posts:

- Senior Academic Head
- PGT - English, Hindi, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Business Studies, Economics, Physical Edu., Computer Science & IP, Psychology, Political Sc., History
- TGT - English, Maths, Science, Social Science, Computer, Sanskrit, French, Hindi, Art
- PRT - English, Maths, Hindi, Science, Social Studies, Computer, Dance, Art, Physical Edu.
- NTT and Mother Teacher • Librarian
- Instrumental & Vocal Music Teacher • Nurse • Lab Assistant
- Front Office / Admin Executive with knowledge of CBSE & DOE
- Candidates must send their updated C.V. at: recruitment.deindian@gmail.com . Hard copy along with testimonials to be submitted on the day of the interview.
- Candidates must be computer savvy & qualified as per CBSE norms with fluency in English.

011-47586215, 27050252/53/54, 8800886300, 8448209126
http://www.dipsrohini.in
Pocket-11, Sector-24, Rohini, Delhi-110085

## APEEJAY SCHOOL
Panchsheel Park
Sheikh Sarai, Phase-1, New Delhi - 110017
011-26012218, 7303096825 www.apeejay.edu/panchsheel

Requires

- **PGT:** English, Physics, Home Science, Economics, Political Science, Computer Science
- **TGT:** Science, Hindi, Computer Science
- **PRT:** English, Science, Mathematics, Art & Craft, Mother Teacher, Physical Education (Skating, Basket Ball & Taekwondo)
- **PPRT:** Mother Teacher
- **Librarian**

Applicants must meet the minimum qualifications and experience as prescribed by CBSE.

Interested candidates may apply online within 7 days from the date of this advertisement at www.apeejay.edu/careers.

– Principal

## Venkateshwar Global School
....where dreams come true
011 27555227, 228 www.vgs.co.in

APPLICATIONS INVITED

- **PGT:** Chemistry, Accountancy, Psychology, Sociology & English
- **TGT:** English, Sanskrit, Mathematics, Science, Social Science
- **PRT & NTT:** All subjects
- COUNSELLOR, SPECIAL EDUCATOR & LIBRARIAN
- **MUSIC:** Vocal (West.) **DANCE:** Indian & West.
- **INSTRUCTOR** Robotics / Innovation Lab
- **LAB ASSISTANT**- Physics, Chemistry, I.T.
- **DOCTOR & NURSE** | **FRONT DESK EXECUTIVE**

Qualification: As per norms | Salary commensurate with skills & experience

Sector-13, Rohini, Delhi, 110085
Fill the online form available on www.vgs.co.in
https://vgsrohini.skoolroom.in/recruitment_form/staff_recruitment_form

सुरक्षा

**PSO** की आवश्यकता: नोएडा सेक्टर-63 हेतु अनुभवी (3-5 वर्ष) एवं फिट पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (भूतपूर्व सैनिक/ पुलिसकर्मी) चाहिए। वेतन 18-20 हजार। अनुशासन और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन अनिवार्य। बायोडाटा भेजें: मोबाइल: +91-8000003607

घर से काम (वर्क फ्रॉम होम)

**WORK** From Home Based Business Plan. Part/Full Time. Health Care Products. For details WhatsApp NAME, PLACE to: 7027924900.

सेवाएं

नौकरानी सेवा

**एक** अनुभवी भारतीय शाकाहारी भोजन बनाने वाले कारीगर की आवश्यकता है, जिसे हर प्रकार का भारतीय खाना बनाना आता हो। इच्छुक व्यक्ति संपर्क : 9810217801

**नौकर-** नौकरानी,कुक,अटेंडेंट। घर बैठे घरेलू नौकर-नौकरानियां, मंगा, जाएं, खाना बनाने का कार्य करने वालों को नौकरी पर लगवायें व भरपूर कमायें। #8700097204

तकनीकी

यांत्रिकी

**आवश्यकता** है टैम्पैन की पावर प्रैस चलाने के लिए , सम्पर्क करें, C-13/2, वजीरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया दिल्ली-110052. Ph: 9910266300

प्रवासी नौकरी सलाहकार

**EXP.** Staff Required for Immigration Consultant. Must be experienced in Australia Immigration. (Kirti Nagar). Call or Whatsapp 9217580982

**BOOK YOUR CLASSIFIED ADS**

• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

More
TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
Ads on Subsequent Pages

'मास्टर ड्रेनेज प्लान' से दिल्ली में खत्म होगा जलभराव का संकट

# नहीं डूबेगी दिल्ली! गलियों से नालों तक, सब होंगे कनेक्ट

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: जलभराव और बाढ़ के खतरे से राहत के लिए दिल्ली सरकार ने जो मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार किया है, उस प्लान के तहत दिल्ली के एक-एक इलाके का कैचमेंट एरिया (जलग्रहण क्षेत्र) चिह्नित किया जाएगा। ताकि सालों से जलभराव की जो समस्या है, उसे स्थायी रूप से खत्म किया जा सके। प्लान के तहत मुबारकपुर डबास, प्रेम नगर फेज-1, 2, 3 और प्रवेश नगर इलाके को मिलाकर कुल 800 एकड़ कैचमेंट एरिया चिह्नित किया गया है, जिसमें जलभराव के 40 हॉटस्पॉट की भी पहचान की गई है। इस एरिया में सभी विभागों को मिलाकर नालों की कुल लंबाई 484 किमी है जिसमें से 90 किमी ड्रेन स्ट्रेच का रीमॉडलिंग किया जाएगा। दिल्ली मास्टर ड्रेनेज प्लान पर पांच फेज में कुल 57,364 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

PWD, सिंचाई और बाढ़ विभाग अफसरों के अनुसार दिल्ली में तीन ड्रेन बेसिन है, जिसमें सबसे बड़ा नजफगढ़ ड्रेन बेसिन, दूसरा बारापूला और तीसरा शाहदरा ड्रेन बेसिन है। नजफगढ़ ड्रेन बेसिन का कैचमेंट एरिया सबसे बड़ा है, जिसमें कैचमेंट एरिया को अलग-अलग टुकड़ों में बांटा गया है। प्रत्येक हिस्से कैचमेंट एरिया, नालों की कुल संख्या और उनकी लंबाई में चिह्नित की गई है। इसी तरह से शाहदरा और बारापूला ड्रेन बेसिन का कैचमेंट एरिया, नालों की लंबाई और नालों की संख्या चिह्नित की जाएगी। नजफगढ़ बेसिन एरिया में मुबारकपुर डबास, प्रेम नगर फेज-1, 2 और 3 और प्रवेश नगर में कुल कैचमेंट एरिया 800 एकड़ पहचान की गई है। इस एरिया में PWD, सिंचाई और बाढ़ विभाग, DDA और MCD नालों की कुल लंबाई करीब 484 किमी है। इसमें से 90 किमी स्ट्रेच के रीमॉडलिंग का प्लान तैयार किया गया है। 800 एकड़ के कैचमेंट एरिया में जलभराव के 40 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है। जलभराव की समस्या स्थायी रूप से खत्म करने के लिए अब एक स्थायी पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा। स्टेशन बनाने का प्लान PWD को सबमिट करना है।

## मैपिंग और रीमॉडलिंग से थमेगा बाढ़ का खतरा



**800** एकड़ कैचमेंट एरिया चिह्नित किया गया है, जिसमें जलभराव के 40 हॉटस्पॉट की भी पहचान की गई है

**484** किमी नाले में से 90 किमी ड्रेन स्ट्रेच का किया जाएगा रीमॉडलिंग

**₹57,364** करोड़ दिल्ली मास्टर ड्रेनेज प्लान पर पांच फेज में किए जाएंगे खर्च

दिल्ली में तीन ड्रेन बेसिन है, जिसमें सबसे बड़ा नजफगढ़ ड्रेन बेसिन, दूसरा बारापूला, तीसरा शाहदरा ड्रेन बेसिन है

**कौन करेगा कितना खर्च**

- 3103.37* सिंचाई-बाढ़ विभाग के नाले के रीडिजाइन पर
- 11,118.01 PWD के नाले के रीडिजाइन पर
- 19,136.07 MCD नाले के रीडिजाइन पर

**किस ड्रेन बेसिन पर कितना होगा खर्च**

| ड्रेन बेसिन | खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| नजफगढ़ | 33,500 |
| बारापूला | 14,547 |
| शाहदरा (ट्रांस यमुना) | 9317 |

■ मुबारकपुर डबास, प्रेम नगर फेज-1, 2, 3 और प्रवेश नगर इलाके को मिलाकर कुल 800 एकड़ कैचमेंट एरिया चिह्नित किया गया है

## बंध ड्रेन पर बने पुराने पुलों को तोड़कर नए और अधिक चौड़े पुल बनाए जाएंगे

■ नई दिल्ली: टबालपुर, करावल नगर, न्यू चौहानपुर से शिव विहार और पंचाल विहार आने जाने के लिए नाला रोड पर बने पुराने पुलों को तोड़कर नए ब्रिज बनाए जाएंगे। नाला रोड पर कुल पांच ब्रिज बने हैं, जो सिंगल-वे हैं। इन्हीं ब्रिज को तोड़कर डबल लेन ब्रिज बनाने की प्लानिंग की गई है। इस कार्य पर कुल 4.49 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट सिंचाई और बाढ़ विभाग ने तैयार किया है। ब्रिज का निर्माण एक साल में पूरा करने का डेडलाइन तय किया गया है।

विभाग के अफसरों के अनुसार करावल नगर और शिव विहार के बीच विभाग की एक बड़ी ड्रेन है, जो दोनों कॉलोनियों को अलग करती है। दोनों कॉलोनियों में कई अनधिकृत कॉलोनियां हैं जहां आने-जाने के लिए ड्रेन पर बने पुलिये का इस्तेमाल किया जाता है। अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या अधिक होने और उनमें आबादी बढ़ने के साथ सालों पहले जो पुलिया बने थे, अब उस पर जाम लगने लगा है। इससे पुलिया से कनेक्टेड सड़कों पर भी कई बार ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो जाता है। इस समस्या को हल करने के लिए ड्रेन पर बने पांचों ब्रिज में से तीन को तोड़कर नए ब्रिज बनाने की प्लानिंग की गई है। दो ब्रिज से बंध ड्रेन पर बनाए जाएंगे।



तीनों ब्रिज दो-दो लेन के होंगे। इसी तरह शिव विहार तिराहे के पास भी एक ब्रिज बनेगा, जिसे तोड़कर दो लेन चौड़ा बनाया जाएगा। तीनों ब्रिज के निर्माण पर करीब 4.49 करोड़ खर्च का एस्टिमेट तैयार किया गया है। इसमें बंध ड्रेन पर 1.40 करोड़ और शिव विहार तिराहे के पास 3.08 करोड़ की लागत से पुलिया बनाया जाएगा।

## एक साल में 361 विदेशी किए डिपोर्ट

■ NBT न्यूज, द्वारका: अवैध रूप से द्वारका जिला में रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ की गई कार्रवाई में पुलिस ने पिछले एक साल में 361 विदेशी नागरिकों की पहचान करके उन्हें डिपोर्ट किया है। DCP द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि साल 2025 में जिला पुलिस ने यह कार्रवाई करके सफलता पाई है जिसमें एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुभाष की टीम ने सबसे ज्यादा 109 को डिपोर्ट किया। द्वारका ACP राम कुमार की देखरेख में थाना की टीम ने 76 की पहचान की। स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विरेंद्र की टीम ने 54, उत्तम नगर थाना ने 43, बिंदापुर ने 40, मोहन गार्डन ने 19, द्वारका सेक्टर 23 ने 6, एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड पुलिस ने 6 और छावला थाना की पुलिस ने 3 ऐसे विदेशी नागरिकों की पहचान करके पकड़ा जो अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस के अनुसार इन 361 पकड़े गए विदेशी नागरिकों में सबसे ज्यादा नाइजीरिया के 187, बांग्लादेश के 82 और अन्य देशों के शामिल हैं।

**सबसे ज्यादा 187 नाइजीरिया के नागरिक है शामिल**

## कंझावला केस में चश्मदीद के नाम पर कोर्ट ने फिर वॉरंट किया जारी

Prachi.Yadav@timesofindia.com



31 दिसंबर, 2022 की देर रात हादसे में 19 वर्षीय अंजलि की जान चली गई थी

■ नई दिल्ली: कंझावला हिट एंड रन केस की सुनवाई कर रही अदालत को एक बार फिर चश्मदीद गवाह के नाम पर जमानती वॉरंट जारी करना पड़ा है। 31 दिसंबर, 2022 और 1 जनवरी 2023 की मध्यरात्रि को हुए इस दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय अंजलि ने अपनी जान गंवा दी थी, जिसकी चश्मदीद गवाह उसकी दोस्त निधि थी। निधि की गवाही इस केस के लिए निर्णायक साबित हो सकती है, जो अदालती कार्यवाही से लगातार दूरी बनाए हुए है।

मामले की सुनवाई रोहिणी कोर्ट में अडिशनल सेशन जज (नॉर्थ-वेस्ट) राजेंद्र कुमार की अदालत में चल रही है, जिन्होंने बचावपक्ष की इस दलील पर गौर किया कि पिछली सुनवाई पर जब निधि गवाही के लिए आई तो उसे 13 दिसंबर, 2025 को मामले की सुनवाई पर मौजूद रहने के बाध्य किया गया था। बावजूद इसके वह गैरहाजिर रही। उसकी ओर से शिकायतकर्ता के वकील ने अदालत में एक अर्जी दी और उस दिन के लिए उसे व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का अनुरोध किया। तब वजह यह बताई गई कि उसकी नानी के अचानक बीमार पड़ने के कारण वह उन्हें देखने के लिए राजस्थान गई हुई है।

बचावपक्ष के वकील ने इसका विरोध किया। अदालत से कहा कि अभियोजन की अहम गवाह इस केस में अपनी गवाही दर्ज कराने में जरा भी रुचि नहीं ले रही है। जबकि, इस मामले के आरोपियों में से एक अभी भी न्यायिक हिरासत में है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर अदालत ने बीते साल 13 दिसंबर को पेशी से छूट का उसका आवेदन खारिज कर दिया। निधि के खिलाफ 5 हजार रुपये का जमानती वॉरंट जारी किया गया। इस मामले में अब 9 जनवरी को अभियोजन के साक्ष्य दर्ज होने हैं। दुर्घटना के वक्त अंजलि के साथ निधि ही थी।

**MACT अपना फैसला सुना चुकी है**

रोहिणी की एक मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (MACT) ने बीते साल ही मृतक अंजलि के परिजनों के लिए साढ़े 36 लाख से अधिक का मुआवजा तय किया है, जिसके भुगतान की जिम्मेदारी एक्सिडेंट में शामिल कार की इंश्योरेंस कंपनी को दी गई है। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में माना कि अमित खन्ना लापरवाही से गाड़ी चलाने और मृतक की मौत के लिए जिम्मेदार था। उसके पास कोई वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

DSCI में फिर शुरू होगी PET-CECT और IHC जांच, NBT ने उठाया था मुद्दा

## 5 साल बाद कैंसर के मरीज़ों को मिली राहत

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com



निजी अस्पतालों में एक IHC मार्कर की लागत 2,000 से 2,500 रुपये तक है

■ इंस्टिट्यूट की मांग पर सरकार ने सफदरजंग अस्पताल से डॉक्टर के ट्रांसफर को दी मंजूरी

■ NBT ने PET-CECT और आईएचसी की जांच ठप होने का प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

■ नई दिल्ली: दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट (DSCI) में कैंसर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। संस्थान में पीईटी-सीईसीटी (PET-CECT) जांच की सुविधा करीब पांच साल से बंद है। क्योंकि, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में फैकल्टी की कमी के कारण इसे अभी तक मरीजों के लिए शुरू नहीं किया जा सका था। अब इसे शुरू करने की कवायद पूरी हो गई है। जांच करने के लिए सफदरजंग अस्पताल से एक डॉक्टर के ट्रांसफर की मंजूरी मिल गई है। एनबीटी ने PET-CECT और IHC की जांच ठप होने का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया।

NBT इंपैक्ट

जानकारी के मुताबिक, करीब पांच साल से दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट में PET-CECT की जांच नहीं हो रही है। इसका फायदा उठाकर इंस्टिट्यूट के बाहर दलाल सक्रिय हो गए हैं। जो मरीजों को सस्ते दर में जांच कराने का दावा कर उन्हें अपने जाल में फंसा रहे हैं। साथ ही दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों से इलाज कराने वाले मरीजों को जांच के लिए भटकना पड़ता था। ऐसे में संस्थान के निदेशक ने दिल्ली सरकार से सफदरजंग अस्पताल से एक कंसल्टेंट को डायरेक्टेड कैपेसिटी पर भेजने का अनुरोध किया था, जिसे सरकार ने मंजूरी दे दी है। संस्थान के एक डॉक्टर ने बताया कि सफदरजंग अस्पताल के डॉ गौतम को दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट में ट्रांसफर कर दिया गया है। उनके जॉइन करते ही न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग को पूरी तरह मरीजों के लिए चालू कर दिया जाएगा।

**IHC जांच भी होगी शुरू:** संस्थान प्रशासन के अनुसार, इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री (IHC) जांच भी जल्द शुरू होगी। IHC कैंसर के लिए एक अत्यंत विशिष्ट जांच है। NCR में सरकारी क्षेत्र के बहुत कम ऐसे केंद्र हैं, जो इतने लंबे समय से इतनी व्यापक IHC सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। निजी अस्पतालों में एक IHC मार्कर की लागत 2,000 से 2,500 रुपये या उससे अधिक हो सकती है। लेकिन अगस्त से यह जांच भी नहीं हो पा रही थी। इस पर एनबीटी ने खबर भी प्रकाशित किया।

**हर दिन 10 से 12 जांच करने का दावा**

संस्थान प्रशासन का दावा है कि DSCI ने रेट कॉन्ट्रैक्ट टेंडर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया और IHC जांच के लिए 100 से अधिक मार्कर एंटीबॉडी भी खरीद ली गई। 2 जनवरी को DSCI स्टोर में आवश्यक बेसलाइन रिजेंट्स पहुंच चुके हैं। प्रशासन का दावा है कि सोमवार या मंगलवार को मशीन की प्रिवेंटिव मेंटिनेंस और नियमित जांच के बाद इसी सप्ताह से IHC जांच दोबारा शुरू होने की संभावना है। संस्थान का कहना है कि लंबित मामलों को धीरे-धीरे निपटाया जाएगा।

## मिर्गी मरीजों के लिए एम्स में नई सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: AIIMS में मिर्गी की बीमारी का इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए AIIMS प्रशासन ने एक नई पहल करते हुए थेरेप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग (TDM) जांच की निशुल्क सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है। इस सुविधा के शुरू होने से अब मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें कोई शुल्क भी नहीं देना होगा। AIIMS प्रशासन ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (NCI) समेत सभी विभागों और केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं कि वे मिर्गी मरीजों के ब्लड सैंपल जांच के लिए नामित लैब में भेजें। इस जांच के तहत मिर्गी के इलाज में इस्तेमाल होने वाली प्रमुख दवाओं जैसे फेनोबार्बिटल, कार्बामाजेपाइन, वैल्प्रोइक एसिड और फिनाइटोइन की निगरानी की जाएगी। यह सुविधा OPD और अस्पताल में भर्ती दोनों तरह के मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। AIIMS दिल्ली में OPD मरीज कलेक्शन सेंटर, रूम नंबर-3 में सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जांच करा सकेंगे। वहीं झज्जर स्थित NCI/AIIMS में भी मरीज इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

**थेरेप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग सुविधा हुई शुरू, निशुल्क होगी जांच**

## जूलरी शॉप का ताला तोड़ लाखों की चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के बदरपुर इलाके में एक जूलरी की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की जूलरी और नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें दो चोर नजर आ रहे हैं। सूचना पर लोकल पुलिस के साथ-साथ क्राइम टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

**बदरपुर इलाके में हुई वारदात, CCTV में कैद हुई घटना**

जानकारी के अनुसार, अमरपाल वर्मा बदरपुर इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास ही जूलरी की दुकान है। मंगलवार सुबह करीब 4.30 बजे गार्ड ने पीड़ित को फोन पर बताया कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही पीड़ित तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि दुकान के शटर के ताले टूटे पड़े थे। जब वह दुकान के अंदर गए तो पाया कि काउंटर और रैक में रखी सारी जूलरी गायब थी। पीड़ित के मुताबिक, चोर लाखों रुपये की जूलरी और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। खबर मिलते ही बदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान का मुआयना किया।

## हीरो होंडा अंडरपास खुला, पत्थर कहां से और कैसे गिरे, जांच शुरू

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव



गाड़ियों के शीशे टूटने से मची थी अफरातफरी, CCTV खंगाल रही टीमें

दिल्ली-जयपुर हाइवे पर हीरो होंडा चौक अंडरपास बंद होने से मंगलवार को लोग परेशान रहे। सोमवार रात यहां गाड़ियों पर पत्थर गिरने के बाद अंडरपास बंद कर दिया गया था। पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और NHAI की टीमों की घंटों जांच के बाद दोपहर बाद अंडरपास दोनों साइड से खोल दिया गया। जांच शुरू हो गई है कि अंडरपास में गाड़ियों के ऊपर पत्थर कहां से और कैसे गिरे। सदर पुलिस जांच कर रही है। GMDA की ओर से CCTV भी खंगाले जा रहे हैं।

सोमवार रात नौ बजे अंडरपास में गाड़ियों पर एकाएक पत्थर गिरे थे। इससे कई गाड़ियों के शीशे टूट गए और गाड़ियां कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गईं। मंगलवार सुबह यहां NHAI, सदर थाना पुलिस, ACP ट्रैफिक हाइवे, ट्रैफिक पुलिस थाना पुलिस की टीम पहुंची।

टीमों ने देखा कि कहीं भी अंडरपास की छत पर कोई ढांचागत खराबी नहीं है। ऊपर रोड सही है। NHAI ने कहा कि यह असामाजिक तत्व की शरारत है। जांच होनी चाहिए। सुबह अंडरपास बंद होने के कारण उमंग भारद्वाज चौक, सुभाष चौक, खांडसा/खेड़कीदौला, राजीव चौक आदि की ओर से आने-जाने वाला ट्रैफिक हीरो होंडा चौक पर फंसा। सबसे अधिक परेशानी सुभाष चौक से उमंग भारद्वाज चौक की ओर आने-जाने वालों को हुई। दोनों ओर करीब पांच किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लग गई।

" CRRI की टीम मौके पर पहुंची थी। कोई ढांचागत खराबी नहीं पाई गई। यह किसी असामाजिक तत्व की शरारत है। जांच के लिए पुलिस को लिखा है। टीम ने यहां पहुंचकर अंडरपास की छत के अलावा ऊपर के सड़क के हिस्से की जांच की। सब सही पाया गया। रोड भी रिपेयर कर दी है। –अशोक पाथी, प्रॉजेक्ट डायरेक्टर, NHAI

## NCR से फोन चुरा नेपाल में बेचते थे, 821 फोन बरामद



■ NBT न्यूज, नोएडा

एनसीआर से फोन चोरी कर झारखंड व बिहार के रास्ते से नेपाल ले जाकर फोन बेचने वाले छह युवक और दो नाबालिगों को फेज-2 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से अलग-अलग कंपनियों के 821 मोबाइल बरामद हुए हैं। इसकी कीमत करीब आठ करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मंगलवार को टीम में शामिल पुलिसकर्मी जब ककराला चौकी क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे, तभी सोरखा गांव से सेक्टर-81 की तरफ कुछ लोग आते हुए दिखे। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर छह युवक सहित दो नाबालिग को दबोच लिया। उनके पास से चोरी के 821 मोबाइल की मिली। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय और किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों की पहचान झारखंड के प्रदीप कुमार, शेखर महतो, भरतीया महतो और श्याम कुमार राय, मेरठ के मवाना निवासी रोहित सैनी और बिहार के भागलपुर निवासी गोविंदा के रूप में हुई। झारखंड के सभी आरोपी साहिबगंज जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य बाल अपराधियों की पहचान पुलिस की तरफ से उजागर नहीं की गई है। वहीं गोविंदा गिरोह का सरगना बताया जा रहा है।

## CBSE की काउंसलिंग सर्विस शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 10वीं और 12वीं के बोर्ड स्टूडेंट्स की मदद के लिए CBSE अपनी सालाना साइकलॉजिकल काउंसलिंग सर्विस शुरू कर चुका है। काउंसलिंग के लिए बोर्ड ने 73 प्रिंसिपल, काउंसलर्स और स्पेशल एजुकेटर्स को रखा है। एग्जाम की टेंशन दूर भगाने के लिए CBSE के इन काउंसलर्स से 1 जून तक स्टूडेंट्स सलाह ले सकते हैं। 61 काउंसलर भारत से हैं, बाकी 12 नेपाल, जापान, कतर, ओमान, दुबई से जुड़े हैं। 17 फरवरी से दोनों क्लासों के एग्जाम शुरू होंगे। 10वीं के एग्जाम 10 मार्च तक और 12वीं के एग्जाम 9 अप्रैल तक चलेंगे। परीक्षा के तनाव से दूर करने के लिए बोर्ड कई माध्यम से स्टूडेंट्स को मदद देगा।

**IVRS:** इस फ्री सर्विस के तहत बोर्ड ने टोल फ्री नंबर 1800118004 तय किया है। लोग कभी भी, कहीं से भी और कई बार इस सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस टोल फ्री सेवा के साथ स्टूडेंट्स, पैरेंट्स बोर्ड एग्जाम से जुड़ी जानकारी, जैसे अच्छी तैयारी, टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, सीबीएसई कॉन्टेक्ट की जानकारी ले सकते हैं। इस टोल फ्री नंबर में आमतौर पर पूछे जाने वाले के जवाब भी रिकॉर्ड होंगे।

## CBSE लेकर आया 'बडिंग ऑथर्स प्रोग्राम'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रचनात्मक लेखन को उड़ान देने के लिए CBSE ने स्कूली स्टूडेंट्स के लिए 'बडिंग ऑथर्स प्रोग्राम' लॉन्च किया है। इससे स्टूडेंट्स को मौलिक कहानी लिखने का मौका मिलेगा। हिंदी या इंग्लिश दोनों में ही स्टूडेंट्स कहानियां लिखेंगे और टॉप कहानियों को CBSE राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित भी करेगा। बोर्ड के अनुसार यह कार्यक्रम स्टूडेंट्स में लेखन कौशल, आत्मविश्वास और कल्पनाशील सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। कार्यक्रम में किसी भी विषय और शैली पर कहानी लिखी जा सकती है।


**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण**
**PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY**

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) संरचना के अंतर्गत ट्रस्टी बैंक (Trustee Bank) के चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) संरचना के अंतर्गत ट्रस्टी बैंक (Trustee Bank) के चयन हेतु पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। ट्रस्टी बैंक, पीएफआरडीए द्वारा विनियमित योजनाओं के अंतर्गत निधियों के दैनिक बैंकिंग संचालन के लिए उत्तरदायी संस्था है।

इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी के लिए पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in देख सकती हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 है।

महाप्रबंधक
विनियम प्रक्रिया प्रबंधन – ट्रस्टी बैंक

**राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड**
(भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एक 100% स्वामित्व वाली कंपनी)
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**भर्ती संबंधी सूचना**

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों (एमएमएलपी), पोर्ट कनेक्टिविटी सड़कों, इंटर मॉडल स्टेशन, रोपवेज, सड़क किनारे सुविधाओं, ओएफसी बिछाने एवं अन्य संबंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है। अधो उल्लिखित पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | उप-प्रबंधक – रोपवेज | 02 | नई दिल्ली (प्रधान कार्यालय) |
| 2 | उप-प्रबंधक–एमएमएलपी एवं लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर | 02 | नई दिल्ली (प्रधान कार्यालय) |

विवरण एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया NHLML की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhlml.org/career-openings) पर विस्तृत अनुभाग को देखें। अपना आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2026 है।

रसद के माध्यम से व्यवसाय को सुगम बनाते हुए

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

एफ. संख्या 3-5/2025-Estt.(RCT)

**रिक्ति सूचना**

इस कार्यालय की रिक्ति सूचना के क्रम में, जो दिनांक 15.10.2025 को संस्थान की वेबसाइट के साथ-साथ प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रिंसिपल पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी और उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद को एम्स, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित की गई थी, यह सूचित किया जाता है कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.01.2026 तक बढ़ा दी गई है।

संस्थान की वेबसाइट पर दिनांक 15.10.2025 को प्रकाशित रिक्ति सूचना में उल्लिखित अन्य सभी सामग्री यथावत रहेगी।

हस्ताक्षर/-
प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)

CBC 17112/12/0057/2526

**भारतीय डाक विभाग**
**कार्यालय मुख्य महा डाकपाल, दिल्ली परिमंडल, मेघदूत भवन, नई दिल्ली – 110001**

दिल्ली डाक परिमंडल उपभोक्ता सेवाओं में सुधार करने के लिए प्रयासरत है। इस प्रयास के एक अंश के रूप में हम डाक अदालत आयोजित कर रहे हैं। यह डाक अदालत दिल्ली के उपभोक्ताओं से प्राप्त डाक, काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनीऑर्डर, साधारण व पंजीकृत पत्रों, पार्सलों, मूल्य देय वस्तुओं, स्पीड पोस्ट, विदेशी डाक और डाक जीवन बीमा, आधार पंजीकरण एवं अद्यतन, जन सेवा केंद्र, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई एवं जाँच – पड़ताल करेगी।

दिल्ली डाक परिमंडल की डाक शिकायतों को दूर करने के लिए अदालत आयोजित की जा रही है। डाक अदालत नीचे दिए गए स्थान, समय और तिथि के अनुसार आयोजित की जायेगी। अतः अपने डाक घर से संबन्धित मामले या शिकायत अपने पूरे पते व टेलीफोन/मोबाइल नम्बर के साथ सहायक निदेशक (ग्राहक संतुष्टि), सचिव, डाक अदालत, कार्यालय मुख्य महा डाकपाल, दिल्ली परिमंडल, मेघदूत भवन, नई दिल्ली-110001 दूरभाष संख्या: 011-20831040 को दिनांक 15/01/2026 तक या इससे पहले अनुलिपि (डुप्लिकेट) में भेजें।

| | | |
|---|---|---|
| डाक अदालत का स्थान | : | कमेटी रूम, तीसरा तल, कार्यालय मुख्य महा डाकपाल, दिल्ली परिमंडल, मेघदूत भवन नई दिल्ली - 110001 |
| समय | : | डाक अदालत दिनांक 19/01/2026 (सोमवार) 1100 बजे सुबह |
| आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | : | 15/01/2026 |

दिनांक 15/01/2026 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
दिल्ली डाक परिमंडल ग्राहकों की सेवा के लिए वचनबद्ध है।

CBC 06303/11/0003/2526

सहायक निदेशक (ग्राहक संतुष्टि)

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क) 1. 18/महा0प्र0(वि0/यॉ0)/वरि0प्र0–(वि0/यॉ0–4)/2025–26, 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सैक्टर–168 से सैक्टर–161 तक 11 केवी फीडर लाईन का निर्माण कार्य। लागत रू0 283.06 लाख।

जिन्हें दिनांक 20.01.2026 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 21.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (वि0/यॉ0)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



# PM-गृहमंत्री के खिलाफ विवादित नारों पर JNU प्रशासन ने शुरू की जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


Photo : TOI
घटना के वायरल विडियो में स्टूडेंट्स नारेबाजी करते दिख रहे हैं।

पुलिस को पत्र, JNUSU प्रेसिडेंट, कुछ पदाधिकारियों समेत 9 स्टूडेंट के नाम

JNU में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित नारेबाजी मामले में प्रॉक्टोरियल जांच शुरू हो गई है। सिक्योरिटी ब्रांच से नारेबाजी से संबंधित विडियो मांगे गए हैं।

जेएनयू के रजिस्ट्रार प्रो. रविकेश का कहना है कि कुछ स्टूडेंट्स के आपत्तिजनक, उकसाने वाले और भड़काऊ नारे लगाने के मामले में सिक्योरिटी ब्रांच को पुलिस जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से पुलिस को लिखे पत्र और आधिकारिक बयान में कहीं यह नहीं कहा गया है कि नारे पीएम, गृहमंत्री या केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए गए। जेएनयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की ओर से वसंत कुंज नॉर्थ थाने के एसएचओ को पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि 5 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे साबरमती हॉस्टल के बाहर जेएनयूएसयू से जुड़े कुछ स्टूडेंट्स की ओर से 'ए नाइट ऑफ रेजिस्टेंस विद गुरिल्ला ढाबा' कार्यक्रम रखा गया था। पत्र में जेएनयूएसयू प्रेसिडेंट, कुछ पदाधिकारियों समेत 9 स्टूडेंट के नाम भी दिए गए हैं। बाद में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर आए न्यायिक फैसले के साथ कार्यक्रम का स्वर बदल गया और कुछ स्टूडेंट्स ने बहुत आपत्तिजनक, उकसाने वाले और भड़काऊ नारे लगाए। सुरक्षा ब्रांच ने इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना बताया।

## ABVP ने उठाए सवाल

ABVP ने कहा है कि JNU में वामपंथी गुटों के प्रदर्शन के दौरान फिर देशविरोधी मानसिकता सामने आई। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा कि JNU में देशद्रोही नारे लगाना निंदनीय है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा ऐसे अपशब्द यूज करना सही नहीं है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय को 'देश तोड़ने वालों का अड्डा' बना दिया है।

**प्रेसिडेंट अदिति बोली- व्यक्तिगत नहीं, वैचारिक थे नारे :** जेएनयूएसयू यूनियन की प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा ने कहा कि स्टूडेंट्स 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा के लिए प्रदर्शन करते हैं। प्रदर्शन में लगे नारे वैचारिक थे, व्यक्तिगत नहीं।

AI टूल ग्रोक का मिसयूज

# X को जवाब के लिए आज तक का समय

■ भाषा, नई दिल्ली : सरकार ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी X को AI टूल ग्रोक के दुरुपयोग से जुड़े अश्लील सामग्री मामले में कार्रवाई रिपोर्ट जमा करने की समयसीमा को बढ़ाकर 7 जनवरी कर दिया है।


एलन मस्क

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि X ने सरकार से समय बढ़ाने की मांग की थी। पहले X को यह रिपोर्ट 5 जनवरी तक जमा करनी थी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने दो जनवरी को जारी नोटिस में कहा था कि X के मंच पर AI टूल ग्रोक का इस्तेमाल कर फर्जी खातों से महिलाओं की अश्लील, आपत्तिजनक और अपमानजनक तस्वीरें और विडियो बनाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने इसे सुरक्षा उपायों और निगरानी तंत्र की गंभीर विफलता बताते हुए कहा था कि यह आईटी अधिनियम और उससे जुड़े नियमों का उल्लंघन है।

काशी रोप-वे के वायरल विडियो पर कंपनी ने साफ की स्थिति

# 'झूलती कार ट्रायल का हिस्सा'

■ NBT न्यूज, वाराणसी

**सोशल मीडिया** पर काशी की महत्वाकांक्षी रोप-वे परियोजना से संबंधित वायरल विडियो ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। विडियो में एक गंडोला (केबल कार) हवा में तेजी से झूलता दिख रहा है। सुरक्षा को लेकर सवाल उठे तो रोप-वे का निर्माण कराने वाली कंपनी NHLML ने मंगलवार को बयान जारी स्थिति साफ की।

कंपनी के पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि विडियो को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, वे पूरी तरह से निराधार हैं। वाराणसी रोप-वे प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों, विशेष रूप से यूरोपीय सुरक्षा कोड के अनुसार डिजाइन किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत ट्रायल जारी हैं। इन दिनों तेज हवा के दबाव की स्थिति, आपातकालीन ब्रेकिंग, सेंसर की सक्रियता और अन्य संभावित परिस्थितियों में सुरक्षित संचालन की जांच की जा रही है। विडियो में दिखने वाली गतिविधि किसी भी संरचनात्मक, यांत्रिक या संचालन संबंधी कमी नहीं, बल्कि सेफ्टी, सिक्योरिटी और टेस्टिंग का हिस्सा है। 30 से 40 किमी प्रति घंटे हवा की रफ्तार पर भी रोप-वे का संचालन सुरक्षित रहेगा।


हवा में गंडोला को तेजी से झूलता देख सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल।

### पांच स्टेशनों में से तीन हो चुके हैं तैयार

800 करोड़ के इस प्रोजेक्ट 5 में से 3 स्टेशन तैयार हो चुके हैं। पहले चरण में कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा स्टेशन के बीच सेफ्टी और लोड टेस्ट ट्रायल चल रहा है। रोप-वे का दूसरा चरण मई 2026 तक पूरा होने पर कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक का 7 किलोमीटर से ज्यादा का सफर केबल कार से महज 17 मिनट में पूरा होगा।

**PIB के फैक्ट चेक में भी दावा भ्रामक:** PIB ने रोपवे के वायरल विडियो का फैक्ट चेक किया। अधिकारियों ने बताया कि हवा में हिलती केबल कार सेफ्टी ट्रायल का हिस्सा है। पूरी रफ्तार से चलती केबल कार को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर सुरक्षा परखी जा रही है।

# सिद्धा ने CM पद पर रहने के उर्स के रेकॉर्ड की बराबरी की

■ भाषा, बेंगलुरु

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लंबे समय तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर रहने के देवराज उर्स के रेकॉर्ड की मंगलवार को बराबरी की।

सिद्धारमैया ने CM के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के जरिये 6 जनवरी को इस पद पर 2,792 दिन पूरे किए, जो देवराज उर्स के रेकॉर्ड के बराबर है। वे 7 जनवरी को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर सबसे लंबे समय तक सेवाएं देने वाले व्यक्ति बन जाएंगे। वहीं, सिद्धा ने 5 साल का कार्यकाल पूरा करने का भरोसा जताया है। साथ ही कहा कि इस संबंध में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान पर निर्भर करेगा। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस उपलब्धि के लिए सिद्धारमैया को बधाई दी।



सिद्धा ने कर्नाटक के CM पद पर रहने के 2,792 दिनों के रेकॉर्ड की बराबरी की तो समर्थकों में उत्साह।

## पहचान की अपील



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 25 साल, **कद :** 5.4 फुट, **रंगः** सांवला, जिसने गुलाबी रंग की शर्ट और सफेद रंग का पजामा पहने हुए न्यू एमरजेंसी बिल्डिंग, सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली से बेहोशी की हालात में पाया गया था जिसे इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इस संदर्भ में डी. डी. सं. 61ए दिनांक 02.01.2026 को थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्षः थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली**

**दूरभाष सं.: 9868603865**

DP/258/SW/2026

## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **राम गोपाल शर्मा** (2) **मुकेश कुमार जिंदल** दोनों निवासी बीयू-220, विशाखा एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110038, दूसरा पता 29ए, पॉकेट-1, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075 तीसरा पता गुजरात सदन, 25-बी, अकबर रोड, नई दिल्ली-110011 (3) **सतीश भाटी** पुत्र इंदर सिंह, निवासी बीयू-220, विशाखा एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110038, दूसरा पता 29ए, पॉकेट-1, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075 तीसरा पता गुजरात सदन, 25-बी, अकबर रोड, नई दिल्ली-110011 चौथा पता फ्लैट नंबर 607, अलकनंदा अपार्टमेंट वैशाली गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने सीसी नं.3753/2019 और 3754/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम गोपाल शर्मा, मुकेश कुमार जिंदल** और **सतीश भाटी** मिल नहीं रहे हैं और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम गोपाल शर्मा, मुकेश कुमार जिंदल** और **सतीश भाटी** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि सीसी नं.3753/2019 और 3754/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त राम गोपाल शर्मा, मुकेश कुमार जिंदल और सतीश भाटी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 28.02.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
एमएम, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, उत्तर
कोर्ट नं.14, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/234/RD/2026

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सोनू** पुत्र राजपाल निवासी- मकान नंबर 70/1, बाल्मीकि मोहल्ला, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 197/2019 धारा 325/341 भा.द.स. थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सोनू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 197/2019 धारा 325/341 भा.द.स. थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री देवांश्री जन्मेजा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नंबर 10
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/17414/SE/2025

# PM की निगरानी से जल्द पूरा हुआ 3 नए एम्स का काम: केंद्र सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्र सरकार का कहना है कि देश में नए एम्स छोटे-छोटे, लेकिन पानी, बिजली, सड़क और जमीन जैसे जरूरी कामों के कारण अटके रहते थे, अब पीएम नरेंद्र मोदी की सीधी निगरानी वाले प्रगति मंच से ये अड़चनें तेजी से दूर हुई हैं। कई एम्स समय पर चालू हुए।


नरेन्द्र मोदी

केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रगति बैठकों में केंद्र और राज्य सरकार के सभी विभागों को एक साथ बैठाया गया। इससे जो फाइलें पहले महीनों-सालों तक घूमती रहती थीं, उन पर तय समय में फैसला हुआ। इसका सबसे ज्यादा फायदा एम्स जम्मू, गुवाहाटी और बीबीनगर को मिला। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत सरकार प्रगति ईकोसिस्टम पर केस स्टडी भी प्रकाशित की है।

# सोनिया गांधी की सेहत में सुधार, जल्द छुट्टी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कांग्रेस की वरिष्ठ नेता वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को सोमवार की रात सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, उन्हें सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही थी। डॉक्टरों के मुताबिक, इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर है। संभावना है कि एक-दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।


सोनिया गांधी

# कई फिल्मों को HC से मिला पायरेसी से संरक्षण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने कई वेबसाइटों को फ्रेंड्स, स्ट्रेंजर थिंग्स, स्क्विड गेम और वंडर वुमन जैसी पॉपुलर फिल्मों और शोज को गैर-कानूनी तरीके से ब्रॉडकास्ट करने से रोक दिया है, और उन्हें ब्लॉक करने का आदेश दिया है। जस्टिस तेजस कारिया ने वार्नर ब्रदर्स एंटरटेनमेंट इंक की याचिका पर 160 से ज्यादा वेबसाइटों के खिलाफ यह निर्देश दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बयान: प्रोफेसर को SC से राहत

■ भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा SIT के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने पर लगी रोक मंगलवार को बढ़ा दी। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण महमूदाबाद के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी।

ASG एसवी राजू ने अदालत को बताया कि आरोप पत्र अगस्त 2025 में दायर किया गया था, लेकिन अब तक हरियाणा ने कोई स्वीकृति नहीं दी है। अदालत ने राजू को निर्देश लेने की अनुमति दी और सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

IRCTC घोटाला

# तेजस्वी यादव की अर्जी पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने IRCTC घोटाला मामले में आरोप तय किए जाने के आदेश के खिलाफ दायर RJD नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर मंगलवार को CBI से जवाब मांगा। जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने तेजस्वी की याचिका और मुकदमे पर रोक के आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए CBI को नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई 14 जनवरी को तय की।


तेजस्वी यादव

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली बेंच के समक्ष**
**CP(CAA)/93/2025**
**CA(CAA)3 of 2024 में**
**विषय: प्राइम अर्बन डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (हस्तांतरिती कंपनी) के साथ एटीइएल टेक्सटाइल प्रोसेसर्स लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-1) और न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-2) के समामेलन की योजना के संबंध में।**
मामले में: न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, कॉर्पोरेट पहचान संख्या U70104DL2006PTC153965 पंजीकृत कार्यालय: शिव सुमीत भवन-डी, विवेक विहार-1, नई दिल्ली 111095 प्रतिनिधि: निदेशक श्री. प्रदीप कुमार चौधरी
...याचिकाकर्ता/हस्तांतरणकर्ता कंपनी 2
**याचिका की सुनवाई की सूचना**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत, दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, अर्थात एटीइएल टेक्सटाइल प्रोसेसर्स लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-1) और न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी - 2) का होल्डिंग कंपनी, प्राइम अर्बन डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड के साथ समामेलन की योजना को मंजूरी देने के लिए हस्तांतरणकर्ता कंपनी-2 द्वारा माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (NCLT), नई दिल्ली बेंच के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई थी।
इस मामले में माननीय NCLT द्वारा 15.12.2025 को आदेश सुनाए गए हैं और उक्त याचिकाओं पर सुनवाई की तिथि 24.02.2026 निर्धारित की गई है।
यदि कोई व्यक्ति उक्त याचिका का समर्थन या विरोध करना चाहता है, तो वह अपने इरादे की सूचना (अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, नाम और पते के साथ) माननीय न्यायाधिकरण और/या याचिकाकर्ता के कार्यालय को इस विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजनी होगी। यदि कोई व्यक्ति याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार या शपथ पत्र की प्रति साथ संलग्न करना आवश्यक है।
याचिका की प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी व्यक्ति को निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।
दिनांक: 06.01.2026
स्थान: नई दिल्ली
न्यू लाइन बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड
शिव सुमीत भवन-डी, विवेक विहार-1, नई दिल्ली 111095

BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL, NEW DELHI
OA No. 65/2021
News item published in the Times of India dated 28.02.2021 titled Delhi: Man charred to death as illegal factory catches fire
To,
1. Sanjay Prasad S/D/W Through:- Ram Prasad A-175, S.K.-1 Sector-93, Gautam Budh Nagar, Noida, Phase-II, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201301
(Respondent No.10)
2. Heera Lal Raheja S/D/W Through:- Ram PrasadA-175, S.K.-1 Sector-93, Gautam Budh Nagar, Noida, Phase-II, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201301
Also at:
Through:- Paras Ram Raheja K-4 Second Floor, Pratap Nagar, 10, State Bank of India, Sadar Bazar, Delhi 110006.
(Respondent No.11)
NOTICE
Whereas vide order dated 21.05.2024 passed by this Tribunal you were impleaded as Respondent No.s 10 & 11 in the above mentioned case and usual notices were issued. Necessary steps were taken to serve through usual modes, but same could not be served upon you. Accordingly, vide order dated 11.11.2025 Hon'ble Tribunal directed to serve you by way of publication in a daily Hindi and English newspaper having wide circulation in the area where you were having the place of business / last said to have resided. 2. Accordingly, take notice that the said matter will now be listed for further consideration before the Hon'ble Tribunal on 04.02.2026, at 10:30 AM at Faridkot House, Copernicus Marg, New Delhi-110001 through physical hearing (with hybrid option), when you may appear in person or by a pleader duly instructed. In default of your appearance on the date & time indicated above matter may be heard and determined in your absence. 3. Given under my hand and the seal of this Hon'ble Tribunal, on this 2nd December 2025. Note: (For Orders, Cause Lists & other information, please visit our website: www.greentribunal.gov.in)
(Arvind Kumar) Deputy Registrar, NGT

COURT NOTICE
Notice is hereby given that a petition under Section 14 of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 has been filed by Ms. Manju Dagar for appointment as Legal Guardian of Mr. Abhijeet Talukdar for management of his movable and immovable properties due to mental illness, before the Court of Ms. Anju Bajaj Chandna, Principal District & Sessions Judge, New Delhi District, Patiala House Courts, in Case GP No. 2/2025. Any person having objection may appear and file the same on 08.01.2026 at 10:00 A.M. Failing which, the matter shall be decided in accordance with law.
By Order of the Court
PD&SJ, New Delhi District, PHC

IN THE COURT OF DR. ADITI CHOUDHARY LD. PRINCIPAL DISTRICT & SESSION JUDGE,WEST DISTRICT, ROOM NO. 201, TIS HAZARI COURT, DELHI
PUBLICATION NOTICE / CITATION
Hema
Vs.
State of NCT Delhi
The Petitioner Hema D/o Sh. Kailash Nath Wadhera filed an application under section 14 of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 for appointment as a Guardian for his disabled father namely Kailash Nath Wadhera S/o Sh I. C. Wadhera, R/o- A-180, MIG Flat, Vaitha Apartments, Mayapuri, New Delhi-110064 in accordance with law.
The Date 16.01.2026 AT 10 A.M. has been fixed for hearing on the above mentioned petition and notice is hereby issued to the general public that if any other relative / friends, kinsman or well wisher of the aforesaid Kailash Nath Wadhera S/o Sh I. C. Wadhera have a desire to oppose the above mentioned petition of the petitioner. He / She may enter appearance in this court on the aforesaid date 16.01.2026 AT 10 A.M. may depute any pleader to appear to adduce documentary or oral evidence which He / She may desire to adduce in support of his / her claim to such appointment or declaration or in support of his / her objection to the petition of the petitioner on the date already fixed 16.01.2026 AT 10 A.M.
Given under my hand and seal of this court on this the 13th day of December, 2025.
Principal District & Session Judge
West District, Tis Hazari Court, Delhi

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
timesofindia.com

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

HOSPITAL
(A Super Speciality Hospital)
सार्वजनिक सूचना

बिजनेस

बिक्री के लिए

INDUCTION FURNACE
15 Ton, 6000 kw Induction Furnace (latest DIFOC Model) in Perfect Running Condition for Sale. Interested Parties may
CONTACT - SHIVAM TAYAL 6398336939

व्यक्तिगत

जश्न

जन्मदिन की बधाइयां

HAPPIEST BIRTHDAY MY LOVELY WIFE SHEENA I AM SO BLESSED TO HAVE YOU FOREVER

नाम परिवर्तन

मैं, जयश्री सिकंद, पुत्री लक्ष्मी नारायण शर्मा, निवासी एम.एस.- 6/501, केंद्रीय विहार, सेक्टर- 56, गुरुग्राम, हरियाणा, यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर जयश्री शर्मा कर लिया है।

I Avinash S/O, Satyapal Singh R/o E-55 Sec 9 New Vijay Nagar Ghaziabad have changed my name to Avinash Singh.

BUSINESS CONNECT

BUSINESS OFFER
Earn in Lacs per month
Install Ladies Sanitary Pad, Baby Diaper Machine, Underarm Pad, Breast Pad, Panty Liner, Adult Diaper Machine with Buyback Agreement
9643010487, 9205428852, 8376001873, 8929557840, 011-25920179

Sandhu Finance & Leasing Co. Pvt. Ltd. (NBFC)
•CAR LOAN •AUTO LOAN •HOME LOAN •PERS. LOAN
FOR ALL YOUR LOAN REQUIREMENTS
CALL NOW: 9717210545
96 Transport Center Punjabi Bagh, New Delhi-110035

GALLERIA

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹124000 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

HEALTH & WELLNESS

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

SEXOLOGIST DR. VIKRAM SABLOK
सबलोक फार्मेसी चाँदनी चौक
9811195025
मिलते जुलते नाम से सावधान

पेशाब
अशोक क्लीनिक
9811092140

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 85460 | Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | | | | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 | Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

चितरंजन रेलइंजन कारखाना
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्रम सं.: [01]। निविदा सं.: ईएलडब्ल्यूबी-59-2025-26 । कार्य का नाम: चिरेका/चित्तरंजन में प्रशिक्षण हब के सुविधाओं प्रशासनिक भवन का नवीनीकरण। विज्ञापित मूल्य (रुपये): ₹73,40,644.88 । बयाना राशि जमा (रुपये): ₹1,46,800.00 । समापन अवधि: 04 माह । अंतिम तिथि: 15.01.2026। टिप्पणी: (01) संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.clw.indianrailways.gov.in में देखा जा सकता है। (02) संपर्क नंबर: 9163340201।
उप मुख्य अभियंता/चिरेका/चित्तरंजन
PR3/275
हमें www.facebook.com/clwrailways पर लाइक करें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
थ्रू ट्रैक रिन्यूअल (TTR) हेतु ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.
निविदा क्रमांक: ST-TTR-TWS-204Sets 26-1 दिनांक: 01.01.2026
कार्य का नाम: द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडलांतर्गत दुर्ग-नागपुर सेक्शन मार्ग थ्रू ट्रैक रिन्यूअल (TTR) अधि सेवित TWS-204 सेट्स (1:12) का स्थानांतरी संबंधित सिग्नलिंग काम.
निविदा मूल्य: ₹ 17,18,47,506/-.
बिड सिक्युरिटी: ₹ 10,09,200/-.
समापन अवधि: 18 (अठारह) महीने।
निविदा प्रस्तुति: बोलीदाता अपनी मूल्य संशोधित बोलियां दिनांक 22.01.2026 के 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/09.262
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पूर्वोत्तर रेलवे
एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट
Notice No. : C/16/NFR/SFM/EOI/2026
Dated : 05.01.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर द्वारा इज्जतनगर मंडल के 04 स्टेशनों काठगोदाम, बरेली सिटी, इज्जतनगर एवं फर्रुखाबाद पर उपलब्ध वाणिज्यिक भूमि के अधिकतम व्यवसायिक उपयोग हेतु सलाहकार की नियुक्ति के लिये अभिरुचि व्यक्त करने हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर में किसी भी कार्य दिवस में कार्य अवधि समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक आकर प्राप्त की जा सकती है।
• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान तथा तिथि : वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर दिनांक 21.01.2026 तक समय 10.00 से 17.00 बजे तक कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। • एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.01.2026 समय 10.00 बजे से 15.00 बजे तक, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय में एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स में।
• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स बन्द करने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.01.2026 समय 15.00 बजे तक, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर। • एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स खोलने की तिथि : दिनांक 21.01.2026 समय 15.30 बजे, यदि इस तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो बाक्स अगले कार्यदिवस में उसी निर्धारित समय खोला जायेगा। • एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट नोटिस तथा एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर
मु०ज०अ०/वा०-222
गाड़ियों की छतों व पायदान पर यात्रा न करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 01-06-2026 23:52 Color:



## फटाफट खबरें

### दीपथून पर दीप जलाने की इजाज़त जारी

■ भाषा, मदुरै: मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी के 'दीपथून' पर दीप जलाने की अनुमति देने वाले आदेश को मंगलवार को बरकरार रखा। कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए दीप प्रज्वलन से सार्वजनिक शांति भंग होने के सरकार के दावे को बेतुका कहा। कोर्ट ने साफ किया कि जिस स्थान पर पत्थर का स्तंभ (दीपथून) है, वह भगवान सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर का है। सरकार ने SC जाने का संकेत दिया।

### 'PIL नहीं, पब्लिसिटी इंट्रेस्ट लिटिगेशन'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जस्टिस लिंगदोह कमिटी की रिपोर्ट को लागू करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह रिपोर्ट कॉलेजों-यूनिवर्सिटीज में स्टूडेंट यूनियन चुनावों के लिए रेगुलेशन तय करती है। चीफ जस्टिस ने इस पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (PIL) को पब्लिसिटी इंट्रेस्ट लिटिगेशन कहा। रिपोर्ट का मकसद कैंपस राजनीति से धन और बाहुबल को खत्म करना था।

### खाते फ्रीज पर SOP की मांग, SC सुनेगा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : साइबर फ्रॉड की जांच में बैंक खाते फ्रीज और डी-फ्रीज करने के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विचार करने की सहमति दी है। मंगलवार को जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने याचिका की प्रति तीन दिनों में केंद्र सरकार को भेजने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई को अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध किया है।

### अमटेक समूह के पूर्व चेयरमैन को जमानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 27,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में अमटेक समूह के पूर्व चेयरपर्सन अरविंद धाम को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें जमानत से इनकार किया गया था। हाई कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि समय से पहले रिहाई से जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयास कमजोर पड़ सकते हैं।

### पत्रकार पर PMLA केस में सुनवाई टली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की ओर से दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पत्रकार महेश लांगा की याचिका की सुनवाई 3 महीने के लिए टाल दी। कोर्ट ने अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की है। मंगलवार को कोर्ट ने यह निर्णय तब लिया, जब ईडी ने इसके लिए समय की मांग की। महेश लांगा की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि पत्रकार विशेष अदालत में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र जमीन धोखाधड़ी में 1 अरेस्ट

■ भाषा, पुणे : सेवा विकास सहकारी बैंक का ऋण नहीं चुकाने और धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र सीआईडी ने पुणे के मुंधवा भूमि सौदे की आरोपी शीतल तेजवानी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, तेजवानी पर पुणे के मुंधवा इलाके में सरकारी जमीन बेचने का आरोप है। इस कंपनी में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार सह-भागीदार हैं।

### पंजाब के मंत्री हुए अकाल तख्त में पेश

■ भाषा, अमृतसर : अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज और तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह के समक्ष सोमवार को पंजाब के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद भी पेश हुए थे। अकाल तख्त सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है। श्री आनंदपुर साहिब स्थित भाई जीवन सिंह के स्मारक में तैयार की गई कुछ छवियों के चित्रण को लेकर मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा गया था।

### गुजरातः दफ्तरों, HC को बम की धमकी

■ भाषा, अहमदाबाद : गुजरात हाईकोर्ट, कई जिला अदालतें और दफ्तरों को मंगलवार को ईमेल पर बम की धमकी मिली। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों के मुताबिक, हाईकोर्ट के अलावा चार जिला अदालतों और दो कलेक्टर दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जबकि अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने सोमवार को इसी तरह की धमकी की सूचना दी थी।

# SIR में गड़बड़ियों का आरोप, TMC सांसद की SC में अर्ज़ी

## दावा किया, EC वट्सऐप जैसे गैर कानूनी तरीकों से अफसरों को निर्देश दे रहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (TMC) के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (SIR) में मनमानी और प्रक्रियागत अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में दावा किया गया है कि राज्य में SIR प्रक्रिया की शुरुआत से ही चुनाव आयोग (EC) ने औपचारिक लिखित निर्देश जारी करने के बजाय अनौपचारिक और गैर-कानूनी माध्यमों जैसे वट्सऐप संदेशों और वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मौखिक निर्देशों के जरिये जमीनी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग मनमाने, सनकी या कानून से बाहर जाकर कार्य नहीं कर सकता, और न ही वह विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के स्थान पर तदर्थ या अनौपचारिक तंत्र अपना सकता है।

डेरेक ओ'ब्रायन ने यह आवेदन अपनी लंबित याचिका में दायर किया है, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में SIR कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेशों और दिशानिर्देशों को चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह SIR के खिलाफ अदालत जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के कारण भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी फैली है, जिसके परिणामस्वरूप मौतें, अस्पताल में भर्ती होने की घटनाएं और आत्महत्या के प्रयास तक हुए हैं।

PTI


मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

### SIR में अपना रहे गलत हथकंडेः ममता

■ भाषा, गंगासागर : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य में जारी एसआईआर कवायद को संचालित करने के लिए बीजेपी के आईटी प्रकोष्ठ द्वारा विकसित मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहा है।

दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने दो दिवसीय दौरे के समापन से पहले बनर्जी ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हर तरह के गलत हथकंडे अपना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा है और बुजुर्ग, बीमार और अस्वस्थ लोगों को सुनवाई में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। इसके लिए वह बीजेपी के आईटी प्रकोष्ठ द्वारा विकसित मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर रहा है। यह गैरकानूनी, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। यह अब और नहीं चल सकता। बनर्जी ने कहा, 'मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि वे एसआईआर में भाग लेते समय सावधानी बरतें।

> ममता बोलीं, SIR के लिए EC BJP IT सेल के मोबाइल ऐप का यूज कर रहा है।

### 'अमर्त्य सेन को मौजूद होने की जरूरत नहीं'

■ पीटीआई, कोलकाता : चुनाव आयोग ने मंगलवार को साफ किया कि नोबेल विजेता अमर्त्य सेन को वोटर लिस्ट में नाम की वर्तनी में गड़बड़ी पर तलब करने के बावजूद सुनवाई के लिए मौजूद होने की जरूरत नहीं है। उधर, आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसके पास वोटर लिस्ट SIR की शक्ति और क्षमता है। यह सुनिश्चित करना संवैधानिक कर्तव्य है कि किसी विदेशी को मतदाता के रूप में दर्ज न किया जाए।

### वोटर लिस्ट विवाद में सोनिया को मोहलत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सोनिया गांधी को उस याचिका का जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया, जिसमें मतदाता सूची में कथित जालसाजी से नाम शामिल किए जाने के आरोपों पर पुलिस को FIR दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका मैजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है, जिसमें इस आरोप की जांच से इनकार कर दिया गया था।

### NIFT कोर्सेज में आवेदन की तारीख बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नॉलजी (NIFT) ने फैशन डिजाइन, मैनेजमेंट और टेक्नॉलजी के विभिन्न अंडर-ग्रैजुएट और पोस्ट-ग्रैजुएट कोर्सेज के 2026-27 बैच की प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 13 जनवरी कर दी है। टेक्सटाइल्स मिनिस्ट्री ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया लेट फीस के साथ 14 से 16 जनवरी तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। CBT और पेन-पेपर बेस्ड एंट्रेंस एग्जाम 8 फरवरी को होगा। 102 सेंटरों पर यह परीक्षा आयोजित होगी।

> अब प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने की लास्ट डेट 13 जनवरी है

### करूर भगदड़ केस में विजय को CBI का नोटिस

■ भाषा, नई दिल्ली : केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने एक नोटिस जारी कर करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कषगम (TVK) के अध्यक्ष विजय को पूछताछ के लिए 12 जनवरी को दिल्ली के मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई इस मामले में पहले ही टीवीके के कई पदाधिकारियों से पूछताछ कर चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने अब विजय को भी पूछताछ के लिए बुलाने का फैसला किया है, जिसके बाद मामले में चार्जशीट दाखिल करने का फैसला लिया जा सकता है।

> जांच एजेंसी ने TVK प्रमुख को पूछताछ के लिए 12 को पेश होने को कहा है

### 2027 के अर्धकुंभ के लिए पाबंदियां

## गैर-हिंदुओं के लिए हरिद्वार के घाटों पर बैन की तैयारी

FILE



■ NBT रिपोर्ट, हरिद्वार

उत्तराखंड सरकार हरिद्वार और ऋषिकेश को पवित्र नगरी का दर्जा दिए जाने की कवायद में लगी हुई है। सरकार 2027 के अर्धकुंभ को देखते हुए हरिद्वार में हर की पौड़ी सहित 105 घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। अगर ऐसा हो गया तो देश में पहली बार होगा जब किसी गंगा तीर्थ नगरी में घाट स्तर पर एकसमान धार्मिक बायलॉज (Bylaws) लागू होंगे।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। कुंभ मेला प्राधिकरण की ओर से हाल ही में किए गए सर्वे में सामने आया कि हरिद्वार में कुल 105 गंगा घाट हैं। इसके बाद से लगातार यह मांग उठ रही है कि सभी घाटों पर एक समान धार्मिक नियम लागू हों।

श्रीगंगा सभा से जुड़े कुछ पदाधिकारियों समेत सरकार के करीब रहने वाले कुछ साधु संतों ने इसको लेकर मांग की थी। हरिद्वार में हर साल लगभग पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालु आते हैं। 2027 में प्रस्तावित अर्धकुंभ, सावन माह की कांवड़ यात्रा और गंगा कॉरिडोर परियोजना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की पहल के तहत में कुछ नए प्रतिबंध लागू करने पर विचार कर रही है।

### कितने बड़े स्तर पर लागू होगी पाबंदी?

हरिद्वार-ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र में यह पाबंदी लागू हुई तो हरिद्वार से ऋषिकेश तक लगभग 45-50 किलोमीटर गंगा नदी के किनारे यह पाबंदी रहेगी। यही गंगा नदी किनारे नगर निगम क्षेत्र और प्रमुख तीर्थ स्थलों, मठ, आश्रम, धर्मशाला और अखाड़े भी इस प्रतिबंध के दायरे में आएंगे। लगभग 120-150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और मेला आयोजन स्थल पर यह प्रतिबंध लागू होगा।

# अंकिता मर्डर केस में ऑडियो क्लिप से माहौल बनाने की कोशिश हो रही: CM

■ NBT रिपोर्ट

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंकिता भंडारी के परिजन को न्याय दिलाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम किया है। सीएम ने कहा कि हाल में किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और दोषियों को कड़ी सजा मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश की जनता की भावनाएं अंकिता के साथ जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस दुखद घटना से सबसे अधिक प्रभावित उनके माता-पिता हैं। उन्होंने कहा कि वे खुद अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे और उनकी भावनाओं, पीड़ा और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ही आगे कोई फैसला लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केस में महिला अधिकारी रेणुका देवी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की। सरकार की कोशिशों के बाद तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई एसआईटी की जांच पर न सिर्फ निचली अदालत, बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी संतोष जताया है।



> मुख्यमंत्री धामी ने कहा, मैं खुद अंकिता के माता-पिता से इस मामले में बात करूंगा

### ऐक्ट्रेस उर्मिला SIT के सामने आज आएंगी

मामले में कथित VIP का नाम उजागर करने वाली सहारनपुर की अभिनेत्री उर्मिला सनावर बुधवार को एसआईटी के सामने पेश होंगी। एसआईटी उनसे पूछताछ करेगी। उर्मिला सनावर कई दिनों से अंडरग्राउंड थीं। उनका मोबाइल नंबर भी बंद था। हरिद्वार पुलिस ने उनके सहारनपुर वाले घर पर नोटिस चस्पा किया था। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी ने बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के खिलाफ केस दर्ज कराया था। सुरेश और उनकी कथित पत्नी उर्मिला पर दर्ज कराए गए 4 मामलों में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राठौर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

### गुवाहाटी में होगी टेक्सटाइल की ब्रैंडिंग पर बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रीय कपड़ा मंत्रालय 8-9 जनवरी को असम के गुवाहाटी में टेक्सटाइल्स मंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन करेगा। समिट की थीम 'भारत का वस्त्र उद्योग : विकास, विरासत और इनोवेशन का संगम' है। सम्मेलन में विचार विमर्श और मंथन के जरिए भारत को ग्लोबल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में काम करना है। 2030 तक 350 अरब डॉलर के कपड़ा उद्योग को विकसित करने और 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य हासिल करने की कोशिश की जाएगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, असम के सीएम डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा 8 जनवरी को उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे।

> 8-9 जनवरी को आयोजित होगा टेक्सटाइल्स मंत्रियों का सम्मेलन

# बांग्लादेश युद्ध में भी हिस्सा लिया था कलमाडी ने, 1982 में बने थे सांसद

■ पीटीआई, पुणे

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाडी का मंगलवार तड़के पुणे में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। राजनीति और खेल प्रशासन में उनका लंबा करियर रहा। वह रेल राज्य मंत्री भी रहे। मद्रास में 1944 में जन्मे कलमाडी ने पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से पढ़ाई की। बाद में उन्होंने इस शहर का संसद में प्रतिनिधित्व किया। कलमाडी के परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और बहू, दो विवाहित बेटियां और दामाद तथा पोते-पोतियां हैं।

नैशनल डिफेंस अकैडमी के पूर्व छात्र और 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध में भाग लेने वाले एयरफोर्स के पायलट कलमाडी 1982 में सांसद बने। वह चार बार राज्यसभा के सदस्य रहे। शरद पवार की नजर उन पर पड़ी थी और उसके बाद उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ। 1982, 1988, 1994 और 1998 में राज्यसभा के लिए चुने गए।


मंगलवार को सुरेश कलमाडी का पुणे में निधन हो गया। वे 81 साल के थे।

### ...जब वाजपेयी ने किया था प्रचार

कांग्रेस ने 1997 में कलमाडी को पुणे से लोकसभा का टिकट नहीं दिया, तब उन्होंने पुणे विकास अघाड़ी नामक पार्टी बना ली। उस चुनाव में BJP ने भी कांग्रेस उम्मीदवार विट्ठल तुपे के खिलाफ कलमाडी का समर्थन किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी उनके लिए प्रचार किया था। हालांकि, कलमाडी हार गए। नरसिंह राव सरकार में कलमाडी ने 1995 से 1996 तक रेल राज्य मंत्री के रूप में काम किया। वह रेल बजट पेश करने वाले एकमात्र रेल राज्य मंत्री थे।

# अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन से सूचनाएं लीक, आरोपी ने हनी ट्रैप की बात बताई

■ NBT न्यूज, अंबाला

अंबाला के एयरफोर्स स्टेशन की सूचनाएं लीक करने के आरोपी ने आईबी को पूछताछ के दौरान हनी ट्रैप की बात बताई। सुनील उर्फ सन्नी ने कहा, फेसबुक से संपर्क कर अनु उर्फ अनवी नाम की महिला ने झांसे में लेकर कुछ संदिग्ध ऐप डाउनलोड करवाए थे। इन ऐप के जरिए सुनील की हर मूवमेंट पर पाकिस्तानी हैंडलर्स की नजर थी।

> बताया, ऐप डाउनलोड कराया, उसी से ट्रैक करते थे पाकिस्तानी हैंडलर्स


स्टेशन पर कार्यरत आरोपी को 2 जनवरी को अरेस्ट किया गया था।

अंबाला के एयरफोर्स स्टेशन से जुड़ी कई अहम जानकारियां भी युवक ने शेयर की थीं। ग्रैजुएशन के बाद आरोपी 2020 से अंबाला कैंट में एयरफोर्स के कॉन्ट्रैक्टर के पास सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। मामले की जांच जारी है।

### पाक के लिए जासूसी का आरोप, अरेस्ट

भाषा, चंडीगढ़: पंजाब के पठानकोट में 15 साल के एक लड़के को पाकिस्तानी हैंडलर्स से संवेदनशील जगहों की जानकारी शेयर करने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया, एक सोशल मीडिया मंच के जरिए लड़के के मन में कट्टरपंथी विचारधाराएं डाली गईं। पुलिस ने बताया, आरोपी ISI और पाकिस्तान में प्रमुख आतंकी सरगनों के संपर्क में था।

### दाखिला शुरू तो नियमों में बदलाव नहीं: SC

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार की शैक्षणिक सत्र 2024 में खेल कोटा के तहत MBBS और BDS पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनाई गई लचीली प्रक्रिया की कड़ी आलोचना की। कहा कि एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रवेश मानदंडों में बदलाव नहीं किया जा सकता।

जस्टिस संजय कुमार और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि जिस तरह भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद मानदंडों में संशोधन कानूनन वर्जित है, उसी प्रकार एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने से पहले इसे पूरी तरह से परिभाषित न करना भी अवैध है। ऐसा इसलिए, जिससे अधिकारियों को बाद में अपने फायदे के लिए मानदंड निर्धारित करने का मौका न मिले।

# सुप्रीम कोर्ट बोला, SC कैटिगरी का लाभ लेने के बाद जनरल में दावा मान्य नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय वन सेवा (IFS) के अनारक्षित (जनरल) कैडर में अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के एक अभ्यर्थी की नियुक्ति पर विचार करने से इनकार कर दिया। क्योंकि, अभ्यर्थी ने प्रारंभिक परीक्षा के स्तर पर छूट का लाभ लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, एक बार जब किसी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी ने छूट ले ली, तो वह अनारक्षित रिक्तियों के लिए योग्य नहीं माना जा सकता।

> केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल और कर्नाटक HC के फैसलों को किया रद्द

AI Image



कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस अपील को स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी, जिसमें कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने केवल इस आधार पर प्रतिवादी (SC वर्ग) अभ्यर्थी को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति की अनुमति दे दी थी कि उसने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी से अधिक अंतिम रैंक प्राप्त की थी।

**2013 की IFS परीक्षा का है मामला:** यह मामला 2013 की IFS परीक्षा के बाद आया था। प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ 267 अंक थी, जबकि SC अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ 233 अंक थी। SC वर्ग के प्रतिवादी ने 247.18 अंक प्राप्त कर रियायती कट-ऑफ के आधार पर पात्रता प्राप्त की। जनरल कैटिगरी के कैंडिडेट ने 270.68 अंक के साथ सामान्य कट-ऑफ पर परीक्षा पास की।

# UP: अब 5 हज़ार में ब्लड रिलेशन में प्रॉपर्टी ट्रांसफर

AI Image



> **7%** शहरी क्षेत्र में लगती थी स्टैंप फीस
>
> **5%** ग्रामीण क्षेत्र के लिए तय था चार्ज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी में ब्लड रिलेशन में कमर्शल या इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी गिफ्ट करने पर महज पांच हजार रुपये की स्टैंप ड्यूटी देनी होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग में इसे मंजूरी दी गई। अभी रक्त संबंधी को कमर्शल या इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी गिफ्ट करने पर शहरी क्षेत्र में सर्कल रेट का 7% और ग्रामीण क्षेत्र में 5% स्टैंप स्टांप फीस देनी होती है। कैबिनेट ने फर्जी डिग्री बांटने वाले जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद की मान्यता खत्म करने का भी फैसला किया है।

स्टैंप और रजिस्ट्रेशन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि 3 अगस्त 2023 को सरकार ने आवासीय व कृषि संपत्तियों के दान व बंटवारे की प्रक्रिया आसान करने के लिए स्टैंप शुल्क घटाकर 5 हजार रुपये कर दिया था। अब सरकार ने कमर्शल और इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी के गिफ्ट में राहत देते हुए 5000 रुपये स्टैंप फीस तय की है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, और कम खर्चीली हो जाएगी। यह राहत रक्त संबंधी (पुत्र-पुत्री, माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्रवधू, भाई-बहन, दामाद, नाती, पोता/पोती, सगे भाई की मृत्यु पर होने उसकी पत्नी) पर लागू होगी।

# समान वेतन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट बोला, शिक्षा सचिव को नई अर्ज़ी दें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल राज्य के कुछ पार्ट टाइम टीचर्स को पे पैरिटी यानी समान वेतन की मांग को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के सामने एक नया रिप्रेजेंटेशन पेश करने की अनुमति दी। पार्ट टाइम टीचरों की मांग है कि उन्हें गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाने वाले फुल टाइम टीचरों के समान वेतन दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि सक्षम प्राधिकारी ऐसे रिप्रेजेंटेशन पर चार महीने के भीतर कारण के साथ आदेश पारित करे। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच ने यह फैसला दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिए अपने फैसले में कहा, हम याचिकाकर्ताओं पार्ट टाइम टीचरों को यह स्वतंत्रता प्रदान करते हैं कि वे छह सप्ताह के भीतर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के सामने एक नया प्रतिवेदन (रिप्रेजेंटेशन) प्रस्तुत करें, जिसमें हाई कोर्ट से पारित आदेश के अनुरूप अपनी सभी शिकायतें, दावे और अधिकार स्पष्ट रूप से रखें। सक्षम प्राधिकारी आज से चार माह की अवधि के भीतर प्रतिवेदनों और प्रस्तुतियों पर विचार करते हुए एक विस्तृत और कारणयुक्त आदेश पारित करेगा।

### बंगाल के पार्ट टाइम टीचर्स की याचिका पर फैसला

**फैसले की मुख्य बातें**

1. जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच ने यह फैसला दिया।
2. 6 सप्ताह में याचिकाकर्ता शिक्षा सचिव को अर्जी दें।
3. शिक्षा सचिव को 4 महीने के भीतर कारण के साथ आदेश देना होगा।
4. इसके बाद भी याचिकाकर्ता कोर्ट का रुख कर सकते हैं



**2010 के आदेश से उपजा मामला**

राज्य सरकार के 2010 के एक आदेश में पार्ट टाइम टीचरों लीव तय की गई थी। यह शर्त थी कि पार्ट टाइम टीचर भी पूर्णकालिक टीचरों की तरह कक्षाएं लें। पार्ट टाइम टीचरों को नियमित शिक्षकों के समान न मानने से आहत होकर हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ बेल दी

# 6 साल बाद नक्सल समर्थक आरोपी को SC से ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 2019 में हुए IED विस्फोट में 15 पुलिसकर्मियों की मौत से जुड़े मामले में कथित नक्सल समर्थक कैलाश रामचंदानी को अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कुछ शर्तों के साथ यह जमानत दी है। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने आरोप लगाया था कि आरोपी के हाथ पुलिसकर्मियों के खून से रंगे हैं। बेंच ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि रामचंदानी को इस मामले में 2019 में गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह लगातार जेल में है, विभिन्न शर्तों के अधीन यह राहत दी।

शर्तों के अनुसार, वह गढ़चिरौली में अपने मूल निवास स्थान पर ही रहेगा और विशेष एनआईए अदालत की पूर्व अनुमति के बिना बाहर नहीं जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह केवल मुंबई स्थित विशेष एनआईए अदालत में चल रही सुनवाई में मौजूद होने के लिए ही गढ़चिरौली से बाहर जा सकेगा और उसे हर हफ्ते एक बार स्थानीय पुलिस थाने में हाजिरी देनी होगी। इसके अलावा, आरोपी को अपना मोबाइल नंबर पुलिस को बताना होगा।

**2019 का है मामला**

- IED विस्फोट में 15 पुलिसकर्मियों की मौत से जुड़ा है मामला।
- पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पुलिस मूवमेंट के इनपुट नक्सलियों के दिए थे।
- याचिकाकर्ता ने कहा, अभी तक मामले में आरोप तय नहीं किए गए हैं।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in